✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 195 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पूर्वी चम्पारण जिले के ताजपुर में ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते सीएम नीतीश कुमार

## मुख्यमंत्री ने केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का किया निरीक्षण

# पर्यटकों के लिए सुनिश्चित करें बेहतर सुविधाएं : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने यहां निर्माण कराए जा रहे अडिटोरियम, पर्यटकीय सुविधा आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कार्य जल्द-से-जल्द पूरा करें। केसरिया बौद्ध स्तूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सेंटर के निर्माण से पर्यटकों को सहूलियत होगी और बौद्ध धर्म के विभिन्न आयामों तथा बिहार के गौरवशाली गाथा को वे जान सकेंगे। मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का भ्रमण कर वहां के पर्यटकीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने



कहा कि हमलोगों ने केसरिया बौद्ध स्तूप को सुरक्षित रखने एवं विकसित करने के लिए अनेक काम कराए हैं। इस परिसर को सुरक्षित रखें, इसका रख-रखाव एवं विकास के लिए कार्य करें। साथ ही पर्यटकीय सुविधाओं का भी ख्याल रखें। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम ताजपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ख्याल रखें। सेंटर से जुड़नेवाली सड़क का और चौड़ीकरण करें ताकि यहां पहुंचने में सहूलियत हो।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने उच्च मायमिक विद्यालय, ताजपुर के मैदान में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। वहां मौजूद ग्रामवासियों का हालचाल पूछा। जीविका दीदी, रसोइया, आंगनबाड़ी सेविका, ममता कार्यकर्ता, विकास मित्र, तालिमी मरकज और टोला सेवकों से बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अच्छे से काम करते रहें, आपकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक शालिनी मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

## सारण, दरभंगा व भागलपुर के कमिश्नर का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारियों को नयी जिम्मेवारी दी गयी है। सारण, दरभंगा व भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त बदले गए हैं। नवगठित तीनों महकमे में अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की। सारण प्रमंडल के आयुक्त राजीव रौशन को उच्च शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव शिक्षा विभाग के सभी दायित्वों से मुक्त कर दिए गए हैं। वहीं दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त कौशल किशोर को युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त अवनीश कुमार सिंह को भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त की अतिरिक्त जिम्मेवारी दी गयी है। वहीं भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त हिमांशु कुमार राय को दरभंगा प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव निलेश रामचंद्र देवरे को सिविल विमानन विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। वे बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभालते रहेंगे। बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का भी स्थानांतरण किया गया है। इनमें दो पदाधिकारी दिल्ली के लिए विरमित किए गए हैं। वैशाली जिले के महनार की भूमि सुधार उपसमाहर्ता मेघा कश्यप को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अधीन संयुक्त निदेशक के पद पर योगदान के लिए विरमित कर दिया गया है। बक्सर के बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री सुरेंद्र मेहता का आप्त सचिव बनाया गया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय सिंह की सेवा दिल्ली नगर निगम को सौंप दी गई है। वे वहां एडिशनल डिप्टी कमिश्नर/ज्वाइंट एसेसर एवं कलेक्टर के पद पर प्रतिनियुक्त किए गए हैं। वित्त विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी आदित्य कुमार झा को गृह विभाग में इसी पद पर पदस्थापित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खरमास से पहले मंत्रियों को मिलेगा जिलों का दायित्व

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नई सरकार की योजनाओं की जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक निगरानी के लिए खरमास (16 दिसंबर) शुरू होने से पहले मंत्रियों में जिलों का दायित्व बंट जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय को भाजपा की ओर से सूची की प्रतीक्षा है। संभावना है कि सूची मिलते ही वर्तमान 26 मंत्रियों के बीच जिला कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी मंत्री का प्रभार सरकार बांट देगी।

### फरार नक्सली मोतीलाल किस्कू गिरफ्तार

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने जमुई पुलिस के सहयोग से गुरुवार को चिहरा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 20 साल से फरार नक्सली मोतीलाल किस्कु उर्फ चुन्ना किस्कू को गिरफ्तार कर लिया है। मोतीलाल की गिरफ्तारी चिहरा थाना अंतर्गत हरणी स्थित उसके गांव से हुई। एसटीएफ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि चकाई थाना में दर्ज कांड संख्या 2/05 दिनांक 9 नवंबर 2005 में मोतीलाल प्राथमिकी अभियुक्त है।

### बिहार स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा का रिजल्ट घोषित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने बिहार स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी, वे अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। ध्यान रहे कि लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को आगे चरण में शामिल होना होगा। बीटीएससी स्टाफ नर्स भर्ती में पास होने के लिए हर श्रेणी के लिए अलग न्यूनतम अंक तय हैं। सामान्य वर्ग को 40%, ओबीसी को 36.5%, क्उए को 34%, जबकि एससी-एसटी, महिलाएं और दिव्यांग उम्मीदवारों को 32% अंक लाना जरूरी है।

### रंगदारी नहीं देने पर कपड़ा कारोबारी की हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** वीरपुर थाना क्षेत्र के बहरबन्नी गांव के समीप गुरुवार की सुबह अपराधियों ने कपड़ा कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मोहम्मद शहजाद (25) के रूप में हुई है। शहजाद की छह महीना पहले शादी हुई है। परिजनों का कहना है कि अपराधी इसी गांव का रहने वाला है। पंकज कुमार के साथ उसके दो और साथी विजय पासवान और कन्हैया सहनी ने वारदात को अंजाम दिया है। मेरे भाई से रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी नहीं देने पर हत्या की गई है।

### मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने अपराधी को मारी गोली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना के जानीपुर के मुरादपुर में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक अपराधी को पैर में गोली मार दी है। पुलिस की गोली से अपराधी घायल हुआ है और उसका इलाज फिलहाल एम्स में चल रहा है। पुलिस की गोली से घायल अपराधी पर बैंककर्मी से रंगदारी मांगने का आरोप है। घायल अपराधी का नाम राकेश कुमार बताया जा रहा है।

## सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** दीपनगर थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो ददोस्तों की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसा हुआ है। मृतकों में लहेरी इलाके के मथुरिया मोहल्ला निवाली उदय शंकर प्रसाद के बेटे पीयूष कुमार(23) और बिहार थाना क्षेत्र के खंदक पर मोहल्ले के संजय कुमार के पुत्र (21) सोनू कुमार शामिल है। पीयूष के चाचा रंजन कुमार ने बताया कि मेरा भतीजा सोनू के साथ पावापुरी से देर रात घर लौट रहा था। इसी बीच डीटीओ ऑफिस के पास फ्लाई ओवर के ऊपर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस से परिवार के सदस्यों को हादसे की जानकारी मिली। पीयूष के पिता घी और सोनू के पिता के फॉर्च्यून का कारोबार करते हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों का शव भी क्षत-विक्षत हो गया। इस संबंध में दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 2 युवकों की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। ट्रैफिक थाने को घटना की जानकारी दे दी गई है। आवेदन मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# हर जिले में बनेगा भूमि बैंक : दिलीप

### सौ करोड़ के निवेश पर 10 एकड़ जमीन मिलेगी मुफ्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में सिर्फ उद्योग के क्षेत्र में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। गुरुवार को किशनगंज में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की दो प्राथमिकता है। पहला कानून का राज व अपराधमुक्त बिहार व दूसरा बिहार के युवाओं को रोजगार देकर रोजगारयुक्त बिहार है। इसी पर सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में रोजगार के लिए कैसे निवेशक आएं और उद्योग लगाएं इसको लेकर पहल हो रही है। लघु व सुक्ष्म उद्योग को बढ़ावा देकर घर-घर उद्योग व हर हाथ उद्योग लगाने की भी पहल हो रही है। मंत्री ने कहा कि देश व दुनिया के उद्योगपति बिहार



में निवेश के लिए इच्छा जाहिर कर रहे हैं। कई निवेशकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भी किया गया है। मंत्री ने बताया कि जिनके द्वारा सौ करोड़ का निवेश व एक हजार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा उन्हें सरकार के द्वारा 10 एकड़ जमीन मुफ्त में दी जाएगी। एक हजार करोड़ निवेश करने वालों को 25 एकड़ जमीन दी जाएगी। बड़ी-बड़ी कंपनियों को उद्योग लगाने पर बिजली, जीएसटी में रियायत के साथ इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश के निवेशकों में बिहार में उद्योग लगाने की होड़ है। मंत्री ने कहा कि बिहार में आजादी के बाद बरौनी रिफाइनरी, थर्मल पावर के अलावा एक लाख करोड़ का निवेश नहीं हुआ लेकिन इस सरकार में उद्योग विभाग इस चुनौती को स्वीकार करते हुए बिहार के युवाओं को रोजगार देने को ठान चुकी है। उन्होंने कहा कि मैं किशनगंज में रहता हूं लेकिन मंत्री पूरे बिहार का हूं। किशनगंज में भी कई उद्योग की संभावना है। इसको लेकर भी पहल हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 21 जिलों में जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू हो गई है। किशनगंज समेत अन्य जिलों के डीएम को भी जमीन का चयन कर लैंड बैंक बनाने का निर्देश दिया गया है ताकि अगर कोई निवेशक उद्योग लगाना चाहेंगे तो उन्हें जमीन उपलब्ध हो सके।

## मगध विवि ने तीन प्राचार्यों का किया तबादला, अधिसूचना जारी

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को तीन महाविद्यालयों के प्राचार्यों का स्थानांतरण कर दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति एस.पी. शाही के निर्देश पर रजिस्ट्रार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रशासनिक आवश्यकता के तहत यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना के अनुसार ए.एन.एस. कॉलेज, नवीनगर के प्राचार्य डॉ. दिनेश प्रसाद सिंह को स्थानांतरित करते हुए एसएमएसजी कॉलेज, शेरघाटी का प्राचार्य बनाया गया है। वहीं, एसएमएसजी कॉलेज, शेरघाटी के प्राचार्य डॉ. रामचंद्र प्रसाद सिंह को एस.एन. सिन्हा कॉलेज, वारसलीगंज भेजा गया है। इसके अलावा, जे.जे. कॉलेज, गया के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र प्रजापति को ए.एन.एस. कॉलेज, नवीनगर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह तबादला रूटीन प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत किया गया है ताकि शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में और अधिक सुगमता लाई जा सके।

## बालू माफिया की मदद करने वाले पुलिसकर्मियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बालू के अवैध खनन, परिवहन समेत किसी भी तरह की मदद करने वाले पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भू-तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि विभाग के निरंतर प्रयास और मॉनिटरिंग के बावजूद कुछ थाना क्षेत्रों से ऐसे मामलों की शिकायतें मिली हैं, जहां बिना नंबर प्लेट वाले बालू लदे ट्रैक्टर आसानी से निकल जा रहे हैं। यह चिंताजनक है। इस पर तुरंत रोक लगाने के लिए नए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गृह विभाग को इस मामले में विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाने और पुलिस की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। किसी भी स्तर-थाना, प्रखंड या अंचल पुलिसकर्मियों की संलिप्तता या मिलीभगत सामने आती है तो उसके खिलाफ बगैर देरी कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को विशेष अभियान के तहत संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां तत्काल छापेमारी करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी केवल औपचारिकता न होकर, प्रभावी रूप से अवैध परिवहन की कड़ियों को तोड़ने की दिशा में होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भविष्य में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की आवाजाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों पर भी दायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 50 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गया पुलिस और हैदराबाद जिला के मिरचौक थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जिले के कुख्यात अपराधकर्मियों में शुमार तथा कई मामलों में वांछित 50 हजार रुपये के ईनामी अपराधी सैयद खालिद उर्फ खालिद अंजुम को गिरफ्तार किया गया है। शेरघाटी के एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जिले के नामचीन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के मार्गदर्शन एवं शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में आमस थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मियों को शामिल किया गया। टीम द्वारा पारंपरिक व तकनीकी माध्यमों से लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी सैयद खालिद पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। विशेष टीम को गुप्त सूचना मिली कि



वांछित अपराधी सैयद खालिद उर्फ खालिद अंजुम हैदराबाद जिले के मिरचौक थाना क्षेत्र स्थित दबिलपुरा कोमथबारी रोड पर पहुंचा हुआ है। सूचना की पुष्टि के बाद गया पुलिस और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा जिसे सशस्त्र बल की सहायता से घेरकर दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सैयद खालिद उर्फ खालिद अंजुम, पिता अकबर इमाम, निवासी शहबाजपुर, थाना शकुराबाद, जिला जहानाबाद बताया। वर्तमान में वह हैदराबाद के मिरचौक थाना क्षेत्र के दबिलपुरा कोमथबारी रोड में रह रहा था। उन्होंने बताया कि पूरे गिरोह की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है। गिरफ्तार अपराधी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## सिंचाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले सभी कारणों को तत्काल करें दूर : संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने की। इस क्रम में बताया गया कि चयनित 1203 योजनाओं में से अब तक कुल 1179 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं जिनसे 3129.41 हे. में सिंचाई क्षमता सृजित तथा 6,38,24.52 हे. क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का पुनर्स्थापन किया गया है। संयुक्त तकनीकी सर्वेक्षण के प्रथम चरण में कुल 429 योजनाएं निर्धारित थीं, जिनमें से 422 पूर्ण हुई है। द्वितीय चरण की 332 योजनाओं में से 330 जबकि तृतीय चरण की 442 योजनाओं में से 427 पूर्ण हो चुकी हैं। बैठक में शेष योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कुछ योजनाओं में कार्य की गति अपेक्षित स्तर से कम है। इस पर प्रधान सचिव ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में वर्क प्रोग्राम के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 20 प्रतिशत से कम कार्य हुआ है, उन सभी मामलों में संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक से स्पष्टीकरण मांगा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सात निश्चय-2 के अंतर्गत संचालित 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' कार्यक्रम राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में शामिल है।

# बीएसपीटीसीएल को मिले दो प्रतिष्ठित पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीटीसीएल) को पावरलाइन ट्रांसटेक इंडिया अवार्ड्स 2025 में दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 10 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रतीक है। राज्य के बिजली बुनियादी ढांचे को मजबूत कर हर कोने में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी



प्राथमिकता है। हम आने वाले समय में और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बीएसपीटीसीएल को पिछले तीन वर्षों में पूर्वी क्षेत्र में सर्वाधिक 2,018 सर्किट किलोमीटर संचरण लाइन में वृद्धि (220 केवी और उससे अधिक) तथा सर्वाधिक 5,260 ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी में वृद्धि (220 केवी और उससे अधिक) के लिए पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने संचरण लाइनों और ट्रांसफार्मर क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करके बिहार की बिजली ट्रांसमिशन क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार किया है। पावरलाइन ट्रांसटेक इंडिया अवार्ड्स का उद्देश्य भारतीय बिजली के संचरण क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता देना है। विजेता का चयन सीइए, पीएफसी और राज्य उपयोगिताओं द्वारा रिपोर्ट किए गए डेटा के आधार पर किया गया है। ट्रांसटेक इंडिया विद्युत मंत्रालय द्वारा समर्थित एक प्रमुख प्रदर्शनी और सम्मेलन है, जिसमें इस वर्ष 2,500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है। यह दोनों सम्मान बिहार के संचरण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पूर्वी क्षेत्र में इन दोनों श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल करना बीएसपीटीसीएल की तकनीकी क्षमता और बिहार के बिजली क्षेत्र को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी राज्य के सभी हिस्सों में गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पटना में बनेगा देश का पहला पावर म्यूजियम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सलाहकार एवं बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पटना में प्रस्तावित ऊर्ज़ा संग्रहालय (पावर म्यूजियम) परियोजना पर बैठक की गई। ऊर्ज़ा विभाग के सचिव एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, मनोज कुमार सिंह एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार की उपस्थिति में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने परियोजना पर विस्तृत पर प्रेजेंटेशन दी। बिहार म्यूजियम में आयोजित बैठक में महानिदेशक द्वारा ऊर्ज़ा संग्रहालय परियोजना की अवधि, एजेंसी की योग्यता एवं चयन प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिये गए। पटना के करबिगहिया स्थित बंद पड़े थर्मल पावर प्लांट की करीब तीन एकड़ भूमि को बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी द्वारा आधुनिक ऊर्ज़ा संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

# मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांगों को लेकर की औपचारिक मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली/पटना।** ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग से उनके कार्यालय कक्ष में अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात में बिहार राज्य के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु कतिपय योजना संचालित की जा रही है, उनमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मनरेगा एवं एन0आर0एल0एम0 प्रमुख है। इन योजनाओं के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जुलाई माह में एसएनए स्पर्श मॉड्यूल के तहत राशि की विमुक्ति किये जाने की सूचना दी गई है । ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत राशि की विमुक्ति नहीं किये जाने के कारण इन योजनाओं का कार्यान्वयन बाधित है। योजनावार प्रगति एवं लंबित राशि की विमुक्ति की वर्तमान स्थिति की चर्चा किया गया। मंत्री ने मुलाकात के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 को मिलाकर राज्य को कुल 12,21,247 लक्ष्य उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त लक्ष्य से राज्य के गरीब आवास विहीन एवं कच्चे आवासों में रहने वाले परिवारों को आवास का लाभ दिया गया है। इनमें से 11,35,799 परिवारों को प्रथम किश्त, 7,46,992 परिवारों को द्वितीय किश्त एवं 3,26,770 परिवारों को तृतीय किश्त का भुगतान किया गया है। योजना के राज्य नोडल खाता में योजना मद की राशि समाप्त हो जाने के कारण निर्धारित स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण किये हुए लाभुकों को अग्रेतर किश्त की सहायता राशि का भुगतान संभव नहीं हो पा रहा है । वर्तमान में 3,88,807 लाभुकों को द्वितीय किश्त तथा 4,20,222 लाभुकों को तृतीय किश्त का भुगतान नहीं किया गया है। योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना मद में प्रथम किश्त का प्रथम भाग 1,497 करोड़ रूपये की विमुक्ति की गई है। अर्थात प्रथम किश्त का द्वितीय भाग एवं द्वितीय किश्त के रूप में अनुमान्य 4,491 करोड रूपये की विमुक्ति लंबित है। इसी प्रकार योजना के प्रशासनिक मद में भी सिर्फ प्रथम किश्त का प्रथम भाग 18 करोड़ रूपये की ही विमुक्ति की गई है। विभाग से प्रस्ताव प्रेषित रहने के बावजूद भी प्रशासनिक मद में प्रथम किश्त का द्वितीय भाग एवं द्वितीय किश्त की राशि विमुक्त नहीं की गई है।

# प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने दी प्रेरणा, बी.डी. कॉलेज की एनएसएस टीम पहुंची परिवर्तन शिविर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई आज परिवर्तन, नरेंद्रपुर (प्रखंड जीरादेई, जिला-सिवान) के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर (11 से 17 दिसम्बर 2025) में शामिल होने के लिए रवाना हुई। इस शिविर में कॉलेज के 40 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। टीम का नेतृत्व एनएसएस कॉर्डिनेटर विशाल विजय तथा प्राचीन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. स्वर्णा कुमार कर रही हैं। प्रस्थान से पूर्व कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने दो बसों के माध्यम से टीम को रवाना किया और शिविर के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। परिवर्तन संस्था द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण, आजीविका, सामुदायिक रंगमंच और खेल जैसे विषयों पर युवाओं को अनुभवात्मक सीख प्रदान करना है। शिविर के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राएं विभिन्न गांवों में जाकर सामाजिक जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला समूहों के साथ संवाद और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेंगे। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं बल्कि तुम' छात्रों को समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव सिखाता है। परिवर्तन जैसे संस्थान के साथ जुड़कर हमारे विद्यार्थी ग्रामीण जीवन को समझेंगे और सामाजिक विकास में अपनी भूमिका निभाएंगे। परिवर्तन के निदेशक मंडल ने बी.डी. कॉलेज की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही परिवर्तन की असली ताकत है। इस शिविर से छात्रों को समाज की वास्तविक चुनौतियों को समझने और समाधान खोजने का अवसर मिलेगा।

# चार विधानसभा सीटों के चुनाव परिणाम को हाईकोर्ट में चुनौती, नवनिर्वाचित विधायकों को नोटिस जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद अब राजनीतिक जंग अदालत की चौखट तक पहुंच गई है। राष्ट्रीय जनता दल, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने चार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के नतीजों को चुनौती देते हुए पटना उच्च न्यायालय में चुनाव याचिकाएं दायर की हैं।

**नरपतगंज सीट पर पहली सुनवाई**

नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार मनीष यादव ने भारतीय जनता पार्टी की नवनिर्वाचित विधायक देवयंती यादव की जीत को अदालत में चुनौती दी है। इस पर न्यायमूर्ति शशि भूषण प्रसाद सिंह की एकलपीठ ने प्रारम्भिक सुनवाई करते हुए विधायक को नोटिस जारी किया है। मधुबनी विधानसभा सीट से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार गणेश कुमार महरान ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के विधायक माधव आनंद के निर्वाचन को गलत बताते हुए चुनौती दी है। इस मामले में न्यायमूर्ति अशोक कुमार पांडेय की पीठ ने नवनिर्वाचित विधायक को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। मोहिउद्दीननगर से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी डॉ. इज्या यादव ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेश कुमार सिंह की जीत को अदालत में चुनौती दी है। याचिका में निर्वाचन प्रक्रिया और मतगणना को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। टेकारी विधानसभा क्षेत्र में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के उम्मीदवार डॉ. अनिल कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल के नवनिर्वाचित विधायक अजय कुमार की जीत के खिलाफ याचिका दायर की है। इस मामले की सुनवाई भी प्रारम्भ हो चुकी है। चारों सीटों पर दायर इन याचिकाओं के बाद अब नवनिर्वाचित विधायकों की राह मुश्किल हो सकती है। अदालत में चल रही कार्यवाही के बाद चुनावी जीत का अंतिम निर्णय अब न्यायिक प्रक्रिया पर निर्भर करेगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में 14 दिसम्बर को जुटेंगे हजारों युवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से 14 दिसंबर को राजधानी के युवा आवास पटना से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत 2047 का सपना देखा है उसे साकार करने के लिए फाउंडेशन निरंतर प्रयासरत है । भारत दुनिया के सबसे युवा देश है युवा शक्ति को संगठित कर हम राष्ट्र के मुख्य धारा में शामिल कर ही विकसित भारत के सपना को साकार कर सकते है । विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए राजनेता, उद्योगपति, शिक्षाविद, छात्र अधिकारी,पत्रकार, एनजीओ, युवा मंडल के लोग शामिल हो रहे है ।

# 40 वर्ष के बाद नियमित कराएं आंखों की जांच : डॉ. शशि मोहनका

## पुस्तक मेला की स्वास्थ्य परिचर्चा में विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण सलाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना पुस्तक मेले में सोमवार को आंख, दांत और इएनटी विषय पर स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि मोहनका ने काला मोतियाबिंद को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में इसका इतिहास रहा है, उन घरों में 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को नियमित नेत्र जांच अवश्य करानी चाहिए। आंखों में लालिमा, कीचड़ जमना या धुंधलापन जैसे लक्षण दिखाई दें तो विशेषज्ञ से तुरंत परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि समय पर जांच से गंभीर स्थिति को रोका जा सकता है। वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल, लैपटॉप और टीवी स्क्रीन के बढ़ते उपयोग से ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने प्रिंट सामग्री पढ़ने और स्क्रीन की ब्राइटनेस आंखों के अनुकूल रखने की सलाह दी।

डॉ. रंजना कुमार ने आंखों में धुंधलापन आने पर देर न करने की अपील की। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रीति शर्मा ने कान बहने की समस्या को गंभीरता से लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कान की अनावश्यक सफाई नुकसानदायक होती है। डॉ. सुमित कुमार ने सर्दी के मौसम में नाक बहना, कान दर्द और टॉन्सिल बढ़ने जैसी समस्याओं को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। दंत चिकित्सक डॉ. राजीव लाल ने दांतों में झनझनाहट और पीलापन के कारणों की जानकारी देते हुए दिन में दो बार ब्रश करने को जरूरी बताया। डॉ. प्रतिभा कुमारी ने कहा कि बच्चों को मिठाई खाने से रोकना कठिन है, ऐसे में मिठाई के बाद दांतों की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। डॉ. प्रतीक आनंद ने बताया कि जंक फूड की आदत बच्चों में दांत संबंधी परेशानियां बढ़ा रही है।

# पटना पुस्तक मेले में रंजन सिन्हा को मिला फिल्म पीआर का अवार्ड

## क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पुस्तक मेला 2025 इस बार एक खास क्षण का साक्षी बना जब प्रसिद्ध निर्देशक रंजन कुमार सिंह के हाथों भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज पीआरओ राजीव रंजन कुमार उर्फ रंजन सिन्हा को फिल्म पीआर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान न सिर्फ रंजन सिन्हा की पेशेवर उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि उनके दो दशक से अधिक के धैर्य, समर्पण और लगन की भी पहचान है। पिछले 21 वर्षों में रंजन सिन्हा ने 900 से ज्यादा फिल्मों और 5000 से अधिक गानों का प्रचार किया है। वे सिर्फ एक पीआरओ नहीं, बल्कि भोजपुरी सिनेमा के ब्रांड आइकॉन के रूप में जाने जाते हैं। उनकी रणनीतियों, मीडिया नेटवर्क और रचनात्मक प्रचार ने कई फिल्मों को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। मनोज तिवारी, रवि किशन, पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, प्रदीप पांडे चिंटू और अक्षरा सिंह जैसे सुपरस्टार्स के साथ उनके काम ने उन्हें इंडस्ट्री का विश्वसनीय नाम बना दिया। वैशाली जिले के राजापाकर प्रखंड के छोटे से गांव बिरना लखन सेन से निकलकर मुंबई जैसी माया नगरी में अपनी जगह बनाना आसान नहीं था। रंजन सिन्हा की कहानी संघर्ष, मेहनत और जुनून की मिसाल है। वे बताते हैं कि हर सम्मान मेरे लिए खास है, यह मुझे लगातार बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है। भोजपुरी इंडस्ट्री में पहचान बनाने के बाद उन्होंने दक्षिण भारतीय और बॉलीवुड फिल्मों के प्रचार में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। रंजन सिन्हा फिल्मों के प्रचार तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने बिहार सरकार के बड़े आयोजनों प्रकाश पर्व, पटना फिल्म फेस्टिवल, गांधी पैनोरमा फिल्म फेस्टिवल, बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव, नेशनल बॉक्सकॉन कांफ्रेंस में भी अहम भूमिका निभाई। इन आयोजनों में उनकी पीआर रणनीतियों ने बिहार की सांस्कृतिक पहचान को देशभर में नई ऊंचाई दी। वे पारंपरिक प्रचार के साथ डिजिटल पीआर को जोड़कर नए मानक स्थापित करने में अग्रणी रहे हैं। यह सम्मान उनकी लगातार मिलती उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और सुनहरा अध्याय है। इससे पहले उन्हें दादा साहेब फाल्के भोजपुरी अवार्ड, भोजपुरी गौरव सम्मान और कई अन्य इंडस्ट्री अवार्ड्स मिल चुके हैं। आज रंजन सिन्हा भोजपुरी कंटेंट को अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स और बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक ले जाने के मिशन पर काम कर रहे हैं। उनका लक्ष्य क्षेत्रीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर मजबूत पहचान दिलाना है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में हुए शामिल

# ब्लैक यूरिया खाद बेचने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने गया जिला अंतर्गत जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में शामिल हुए। अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि ब्लैक यूरिया खाद बेचने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर पंचायती राज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर किसानों के समस्याओं को दूर किया जा सकता है। साथ ही प्रखंड स्तर के पदाधिकारी को जिम्मेदारी दिया जाए कि वह खाद दुकानों पर निरीक्षण कर कालाबाजारी पर रोकथाम करें साथ ही जल्द से जल्द उड़नदस्ता का गठन कर औचक निरीक्षण कराया जाए। किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए जिला कृषि पदाधिकारी को हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्देश दिया गया साथ ही डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि जो भी कंपनी को खाद्य वितरण का जिम्मेदारी दिया गया है उनका स्टॉक वेरिफिकेशन हो साथ ही 24 प्रखंडों का जिला कृषि पदाधिकारी स्वयं औचक निरीक्षण करें एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया। किसानों के खाद्य वितरण के बाद प्रेस विज्ञप्ति भी जारी किया जाए ताकि आम जनों एवं किसानों को यह पता चल सके की खाद में कोई कालाबाजारी नहीं हो रही है बल्कि समय से किसानों को खाद आपूर्ति की जा रही है जो भी कंपनी समय पर किसानों को खाद आपूर्ति नहीं कर पा रही है उन पर प्रस्ताव सरकार को दिया जाए कार्यवाही करवाई जाएगी।

# अलकतरा घोटाले में कार्यपालक अभियंता और ट्रांसपोर्टर को सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई की एक विशेष अदालत ने बहुचर्चित अलकतरा घोटाले के एक मामले में आज एक तत्कालीन कार्यपालक अभियंता और एक ट्रांसपोर्टर को 3 वर्षों तक के सश्रम कारावास की सजा के साथ एक लाख पचास हजार रुपए तक का जुर्माना भी किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद बांका रोड डिविजन के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता बैकुंठ शर्मा और तिरुपति ट्रांसपोर्ट के मालिक सुरेश कुमार गुप्ता को भारतीय दंड विधान और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी तत्कालीन कार्यपालक अभियंता बैकुंठ शर्मा को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ दस हजार रूपए का जुर्माना भी किया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को दो माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। दूसरी ओर अदालत ने ट्रांसपोर्टर सुरेश कुमार गुप्ता को तीन वर्षों के सश्रम करावास की सजा के साथ एक लाख पचास हजार रूपयों का जुर्माना भी किया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को दो माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक राकेश दुबे ने बताया कि मामला बांका रोड डिविजन का था। आरोप के अनुसार वर्ष 1994 से 1996 के बीच दोषियों ने एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत लगभग 15 लाख रूपयों के अलकतरा का गबन कर लिया था।

# नर्सरियों के माध्यम से गुणवत्तायुक्त कृषि वानिकी पौध उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

नर्सरी विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और हरित आवरण तीनों होंगे सुदृढ़ : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषि वानिकी को नई ऊर्जा, नई दिशा और बड़े पैमाने पर विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरित भारत-समृद्ध भारत विजन तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कृषि-हितैषी नेतृत्व में बिहार सरकार नर्सरी-आधारित पौध उत्पादन को मजबूत कर रही है जिससे किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मंत्री ने जानकारी दी कि केंद्र प्रायोजित कृषि वानिकी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 करोड़ 28 लाख 50 हजार की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय राज्य में कृषि वानिकी के व्यापक विस्तार, पर्यावरणीय संतुलन, हरित आवरण में बढ़ोतरी तथा किसानों को सस्ती दर पर गुणवत्तायुक्त पौधे उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# हिमालयी संतरा उत्सव किसानों के लिए ज्ञान, तकनीक और समृद्धि का नया द्वार : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना में आयोजित 7वां हिमालयी संतरा पर्यटन महोत्सव में बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। यह प्रतिष्ठित आयोजन पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया जिसमें नेपाल, भूटान, दार्जिलिंग हिल्स, कालिमपोंग, डुआर्स, सिक्किम, मोंगपू सहित हिमालयी क्षेत्रों के संतरा उत्पादक किसानों ने अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से आए अनेक किसानों ने भी भागीदारी की और हिमालयी क्षेत्रों की उन्नत संतरा उत्पादन तकनीक, पैकिंग, प्रसंस्करण तथा पर्यटन से जोड़े नए अवसरों को नजदीक से समझा। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्सव बिहार के किसानों के लिए एक अनमोल अवसर लेकर आया है। संतरा उत्पादन की उन्नत तकनीकें सीखकर हमारे किसान अपनी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'समृद्ध किसान-समृद्ध भारत' के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृषि-अग्रसर नीतियों के अनुरूप बिहार सरकार किसानों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने की विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य अभिमुखीकरण सत्र संचालित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं कल्याण हेतु आयोजित मानसिक स्वास्थ्य अभिमुखीकरण सत्र वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया। यह सत्र ब्रह्माकुमारीज द्वारा संचालित किया गया जिसमें राजयोगिनी बी. के. सुमन दीदी एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया। सत्र की अध्यक्षता विभाग के अपर सचिव-सह-निदेशक अहमद महमूद ने की। इस अभिमुखीकरण में सभी प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य, मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी, अभिभावक-अध्यापक बैठक नोडल अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक (वार्डन) एवं मेंटर्स ने सहभागिता की। सत्र में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई तथा यह बताया गया कि संवेदनशील परिस्थितियों में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। यह आयोजन एआइसीटीइ+ यूजीसी के दिशा-निर्देशों तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के आलोक में किया गया। विभाग द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि शीघ्र ही सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं राजकीय पॉलिटेकनिक संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक माह मानसिक स्वास्थ्य अभिमुखीकरण सत्र प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विभाग ने गत महीनों में स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर सभी संस्थानों में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट्स के माध्यम से भी अभिमुखीकरण सत्र आयोजित किए थे। उल्लेखनीय है कि विभाग ने गत महीनों में स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर सभी संस्थानों में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट्स के माध्यम से भी अभिमुखीकरण सत्र आयोजित किए थे। विभाग आशा करता है कि इस सतत पहल से विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में ठोस कदम उठेंगे और संस्थागत वातावरण और अधिक सहयोगी एवं सकारात्मक बनेगा।

# महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की जन्म तिथि पर भाषा उत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एन सी टी ई के निर्देशानुसार महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की जन्म तिथि के अवसर पर भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा भारत के प्रांतीय भाषाओं में चार्ट पेपर पर सुविचार लिखकर उन भाषाओं की विशेषताओं एवं उन प्रांतों के वेष भूषा को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की विशिष्टता थी महाविद्यालय के कैंपस में भारत के मानचित्र का चित्रण कर के मानव श्रृंखला बनाकर भाषाई विविधताओं को प्रदर्शित करना। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा, सभी शिक्षक गण, सभी प्रशिक्षु गण एवं सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाषा की सहायक प्रोफेसर डॉ रीना चौधरी एवं मंजरी चौधरी ने किया।

डीएम की अध्यक्षता में खरीफ विपणन के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक

# धान के मूल्य का भुगतान 48 घंटों के अंदर करें : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 1674 किसानों से 11908.27 एमटी धान की अधिप्राप्ति की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही लघु एवं सीमांत किसानों को क्रय में प्राथमिकता देना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि गत वर्ष 2024-25 की तुलना में इस वर्ष 2025-26 में अधिक संख्या में किसानों से धान क्रय किया गया है। इस पर सभी प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखण्डों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को इसी प्रकार क्रय में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया एवं संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने सभी प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अच्छे कार्य करने वाले समितियों को धान अधिप्राप्ति हेतु अधिक लक्ष्य का निर्धारण करेंगे एवं सीएमआर आपूर्ति में विलम्ब करने वाली समितियों में आवश्यकतानुसार लक्ष्य में कटौती करेंगे। डीएम द्वारा सभी प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारी को जिले में अभी तक चयनित 08 उसना राइस मिलों से समितियों के सम्बद्धता प्रस्ताव अविलम्ब जिला टास्क फोर्स को समर्पित करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखण्डों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करवाने का निदेश दिया गया। साथ ही जिन प्रखण्डों में भुगतान 30-40 प्रतिशत तक अभी तक हुआ है उन प्रखण्डों को शत-प्रतिशत भुगतान 24 घंटे के अंदर करवाने का निदेश दिया गया। सभी प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारी को भुगतान पर विशेष समीक्षा करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखण्डों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि कृषि विभाग द्वारा लघु एवं सीमांत किसानों की सूची दी गयी है। उन किसानों से धान खरीद करते हुए भुगतान को तेजी से करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में धान अधिप्राप्ति अंतर्गत औसतन प्रति किसान क्रय वाले 3 प्रखंडों यथा काराकाट, रोहतास, तिलौथू के वरीय नोडल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं 10 पैक्स अध्यक्ष को धान क्रय में अपने प्रखण्ड, पैक्स अंतर्गत अत्यंत सराहनीय कार्य प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# कैमूर में नए डीएम नितिन कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** कैमूर जिले के नए जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान डीएम सुनील कुमार से कार्यभार प्राप्त किया। मौके पर सुनील कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर नए जिलाधिकारी का स्वागत किया। पदभार ग्रहण के बाद मीडिया से बातचीत में नितिन कुमार सिंह ने कहा कि कैमूर जिले के सभी नागरिक जिम्मेदार नागरिक की तरह अपनी भूमिका निभाएं और जिले के विकास के लिए प्रशासन को समय-समय पर अपने सुझाव व समस्याएं अवश्य बताएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का द्वार हमेशा जनता के लिए खुला है और ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर भी लोग अपनी बात बेझिझक रखें। नए डीएम ने कहा कि जिले के मुख्य मुद्दों और समस्याओं पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा। उन्होंने ट्रैफिक जाम, सड़क चौड़ीकरण और ट्रैफिक रेगुलेशन से जुड़े मामलों पर शीघ्र बैठक कर समाधान निकालने की बात कही। किसानों की धान खरीदारी पर उन्होंने कहा कि जिले में चल रही अधिप्राप्ति व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी जहां भी समस्या या कमी पाई जाएगी, उसे तुरंत दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धान अधिप्राप्ति से जुड़े टास्क फोर्स की बैठक जल्द होगी जिसमें सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। नितिन कुमार सिंह ने उम्मीद जताई कि जिले के विकास में सभी नागरिक पूरा सहयोग देंगे और प्रशासन पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा।

# पकड़िया में चली गोली, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई एक-दूसरे पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** एक दिन पूर्व पकड़िया गांव में हुई गोलीबारी को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज किया तो वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर नामजद प्राथमिकी करायी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पूर्व के पैसे के लेनदेन को लेकर पकड़िया गांव में मंगलवार की देर रात पकड़िया निवासी विमलेश सिंह के पुत्र रितिक कुमार व महुवरी निवासी कौशल कुमार उर्फ सूर्या डॉन के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से फायरिंग होने लगी जहां गोली की तड़तड़ाहट से गांव में सन्नाटा छा गया। गोलीबारी की घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पता चला कि गोली लगने से दो घायल है जिन्हें घायलावस्था में हिरासत में लेकर इलाज के लिए भेज दिया। इलाज के दौरान सूर्या ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह मंगलवार की रात बिमलेश सिंह के घर गए हुए थे तभी बिमलेश सिंह के पुत्र रितिक कुमार ने गोली चला दिया। गोली उसके बायें पैर व कमर में लगी है। उसने गांव के ही विमलेश सिंह सहित सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गोलीबारी को लेकर पकड़िया निवासी बिमलेश सिंह ने कहा कि महुआरी निवासी सूर्या डॉन अपने साथ अभिमन्यु पासवान, कदवा निवासी राधा पासवान सहित दस पंद्रह लोगों के साथ मेरे दरवाजे पर पहुंच फायरिंग करना शुरू कर दिया। रात में गोली की आवाज सुन कर हम डर गए व पुलिस को सूचना दिए। उनका कहना था कि पूर्व में मोटरसाइकिल चोरी को लेकर सूर्या ने न्यायालय में गवाही नहीं देने की बात कह रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि अपना वर्चस्व कायम रखने को लेकर दोनों तरफ से गोलियां चलती रही। घटना की सूचना के बाद पुलिस के पहुंचते ही गोली चलनी बंद हुई। वहीं रोहतास एसपी रौशन कुमार ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। इस मामले में जो संलिप्त होंगे उसे किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जायेगा, लेकिन सूर्या डॉन पर पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। कई थानों में प्राथमिकी दर्ज है।

# मोहनियां में युवक की पीटकर हत्या, तीन आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी जहां अपराधी प्रवृत्ति के बदमाशों ने एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान वार्ड नंबर 9 निवासी खुर्शीद गद्दी के 28 वर्षीय पुत्र सलीम अली के रूप में हुई थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मोहनियां थाने में आवेदन देकर 20 लोगों को नामजद करते हुए मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनमें रिंकू पाशी, विजयमल नोनियां, पवन सूत पासी और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। बाकी बचे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों द्वारा छापेमारी तेज कर दी गई है। मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश को हत्या का कारण माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है, वहीं परिवार न्याय की मांग कर रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा और सभी आरोपी कानून की गिरफ्त में होंगे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गिरोह के चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के परीक्षा केंद्र डीएवी पब्लिक स्कूल कटार डिहरी में चालक सिपाही भर्ती परीक्षा में सचिवालय पटना के वरीय कोषागार पदाधिकारी बन परीक्षा में परीक्षार्थी को नकल कराते व्यक्ति, परीक्षार्थी, प्रश्न पत्र हल करने वाले युवक समेत चार को अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार के निर्देश पर जांचोपरांत पकड़ा गया। ए एसपी अतुलेश झा ने पत्रकारों को बताया कि पकड़ा गया कथित कोषागार पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह पुलिस की कड़ी पूछताछ में पटना महेंद्रू में प्रशिक्षण केंद्र (कोचिंग सेंटर)के शिक्षक खुद को बताया। इसके साथ ही जिला प्रशासन रोहतास का बोर्ड लगा स्कॉर्पियो पंजीयन संख्या बीआर 22पी 8266 पकड़ा गया है। इसके साथ ही परीक्षार्थी जहानाबाद जिला के घोसी थाना क्षेत्र निवासी विकास कुमार प्रश्न पत्र हल करने वाला युवक इसी थाना क्षेत्र के सुलेमानपुर गांव निवासी संतोष कुमार यादव और वाहन चालक रमेश कुमार को इंद्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता पुलिस हिरासत में थाने लाई है। परीक्षार्थी और कथित पदाधिकारी को रुपए पर सेटिंग करने वाला सरगना गोलू कुमार फरार है। उन्होंने बताया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व ही कथित पदाधिकारी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर गया था। परीक्षा के दिन केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी समेत सभी कर्मियों को अव्यवस्था को लेकर जमकर हड़काया और चिन्हित परीक्षार्थी के निकट पहुंच उसे कदाचार करने का आरोप लगा अंक पत्र के साथ बाहर लाया। आधा घंटा तक वापस परीक्षा कक्ष में नहीं लौटने पर विक्षक ने केंद्राधीक्षक को सूचना दी। दोनों की खोजबीन होने लगी।

# भभुआ थाना में जनता दरबार, एसपी ने सुनी शिकायतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ थाना परिसर में 'कैमूर पुलिस जनता के दरबार में' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कार्यक्रम में कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला, भभुआ डीएसपी मनोरंजन भारती, थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सहित दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे। जनता को संबोधित करते हुए एसपी हरिमोहन शुक्ला ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा, सेवा और न्याय के लिए 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने ग्रामीणों और आम नागरिकों से अपील किया कि किसी भी समस्या, विवाद, अपराध या शंका की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस आपकी है और पुलिस का द्वार हमेशा आपके लिए खुला है। एसपी ने आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद जितना मजबूत होगा, जिले में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था उतनी ही बेहतर होगी। ग्रामीणों द्वारा पुलिस के अमानवीय व्यवहार के संबंध में उठाए गए सवालों पर एसपी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी पुलिसकर्मी द्वारा दुर्व्यवहार या अनुचित आचरण की शिकायत मिलती है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# मानवाधिकार दिवस पर नारायण स्कूल ऑफ लॉ के छात्रों का मंडलकारा में शैक्षणिक भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल ऑफ लॉ के लीगल एड क्लीनिक द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों की टीम का सासाराम मंडल कारागार में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कारागार प्रशासन, कैदियों के अधिकारों, विधिक प्रक्रियाओं एवं मानवाधिकार संरक्षण की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर डीन प्रो.डॉ. विनोद कुमार सरोज तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ संगीता कुमारी ने बस को हरी झंडी दिखाकर की। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने कारागार परिसर का अवलोकन किया। उस दौरान छात्रों ने कैदियों से मुलाकात की तथा उनके रहने, खाने, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं दिनचर्या की व्यवस्थाओं को नजदीक से देखा। छात्रों ने कैदियों से उनकी समस्याओं, उपलब्ध सुविधाओं, न्यायालय संबंधी अपडेट, ठंड और गर्मी में मिलने वाली विशेष सुविधाओं तथा पेयजल समेत मूलभूत आवश्यकता पर विस्तृत बातचीत की। कुछ कैदियों ने अपनी व्यथा, कानूनी स्थिति तथा न्यायालय में लंबित मामलों को साझा किया। छात्रों ने मानवाधिकार और विधिक सहायता से जुड़ी तमाम बातों को संज्ञान में लिया और आवश्यक सुधारों पर अपनी टिप्पणियां भी दर्ज कीं। महिला छात्रों ने महिला वार्ड का भी दौरा किया जहां महिला कैदियों से उनके हाल-चाल, उपलब्ध सुविधाओं और कानूनी सहायता की स्थिति पर चर्चा की गई। इस दौरान लीगल एड क्लीनिक के संयोजक डॉ सैयद कलीम अख्तर, डॉ उमेश चंद्र द्विवेदी एवं मृत्युंजय कुमार तिवारी ने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कारागार प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुमार कृष्णकांत तथा अर्जुन कुमार सिंह ने छात्रों को मानवाधिकार दिवस के महत्व, कैदियों के अधिकारों तथा जेल व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने यह अनुभव किया कि न्यायिक प्रक्रिया, कारागार प्रणाली और मानवाधिकारों की व्यावहारिक समझ उनके विधि अध्ययन को और अधिक सार्थक एवं संवेदनशील बनाती है।

# शराब एवं बाइक के साथ कारोबारी गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बेलाव थाना क्षेत्र के खरेंदा गांव के दईतरा बाबा के पास से गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर 40 लीटर शराब व एक अपाची बाइक के साथ एक कारोबारी को बेलाव पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कारोबारी बेलाव थाना क्षेत्र के बसुहारी गांव निवासी सीताराम के पुत्र धीरज कुमार बताया जाता है। थाना प्रभारी परमहंस कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक कारोबारी खरेंदा बेलाव सड़क मार्ग से शराब लेकर जा रहा है वही गुप्त सूचना के आधार पर दईतरा बाबा के पास से शराब कारोबारी को पकड़ लिया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा सं० :** ईसीआर–सीएओ–सी–एस–एटेन–गया–02, **कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के धनबाद मंडल में चोपन–चुनार दोहरीकरण कार्य के संबंध में चौ. 141.430 से चौ. 143.070 के बीच छोटे पुलों का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, निर्माण में मिट्टी का काम, कंबलिंग, गिट्टी की आपूर्ति सहित स्थायी मार्ग को जोड़ना, पी.वे सामग्री का परिवहन, निर्माण कार्य, पानी की पाइप लाइन और अन्य संबंधित कार्य। **आकलित लागत (रू.) :** 18,99,71,720.68, **बोली प्रतिभूति (रू.) :** 10,99,900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) महीने

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण)**
**पूर्व मध्य रेलवे, गया**

**पीआर/1440/कॉन गया/टी/25–26/24**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत)**
**ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/ $F_2$-03/2025-26 (II nd Call)**

पत्रांकः– 493 हुसैनाबाद, दिनांकः–10/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बाघमाड़ा गाँव के भदैया बाँध का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड– छत्तरपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 73,89,356=93 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 17.12.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.01.2026 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02.01.2026 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 03.01.2026 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 9031301518 eeidjaplami@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– (1) सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**PR 368239 District(25-26).D**


# बच्ची से दुष्कर्म प्रयास मामले में अभियुक्त को 20 साल की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** 5 वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म प्रयास से जुड़े दो साल पूर्व के एक मामले में सुनवाई करते हुए जिला जज सप्तम सह विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम के न्यायालय ने मामले में अभियुक्त बाबूधन उर्फ मल्लू निवासी बुधुवा, अकोढ़ी गोला को दोषी ठहराया है। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हीरा प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त घटना 2 साल पूर्व अकोदी गोला थाना क्षेत्र में 26 सितंबर 2023 को शाम 5:45 पर घटी थी जहां मामले के अभियुक्त ने 5 वर्षीया बच्ची को मिठाई खिलाने के बहाने बहला फुसलाकर अपने साथ सुनसान जगह स्थित एक मडई में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बच्ची के चिल्लाने पर घटनास्थल से फरार हो गया।

# कृषि विभाग का गेहूं बीज घटिया, 15 दिनों बाद भी नहीं उगा एक भी बीज

## कृषि विज्ञान केंद्र से आये अधिकारियों ने खेतों से लिया बीज का सैंपल, होगी जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के कृषि विभाग ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण गेहूं का बीज नहीं देने से खेतों में गेहूं का पौधा 15 दिनों बाद भी नहीं उगा। इससे सभी किसानों को नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं गेहूं का बीज डालने का समय भी बीतता जा रहा है। अब किसानों को नये सिरे से पुनः खेतों में बीज डालने पड़ेंगे जहां किसानों को प्रति बीघा 5 से 6 हजार का नुकसान हुआ है जहां सरकार की गुणवत्तापूर्ण बीज नहीं होने से किसान निराश हैं। यह मामला दरिहट, भुसहूला तथा अन्य जगहों पर देखी गई है जहां कृषि विभाग द्वारा दिया गया एक भी गेहूं का बीज अंकुरण नहीं किया। हालांकि विभाग को पहले गेहूं की जांच व अंकुरण करके देख लेनी चाहिए। इसका शिकार सीधी तौर पर किसान हो जाते हैं। वही इस मामले में गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज से डा. रामाकांत सिंह ने किसानों के खेत में पहुंचकर खेतों में गेहूं का बीज निकाल कर देखा और अपने लैब में जांच करने के लिए ले गए कहा कि किसानों को अच्छी प्रकार की गेहूं का डीबीडब्ल्यू 222 बीज दिया गया था, लेकिन गेहूं का एक भी बीज अंकुरित नहीं हुआ। यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सबसे अच्छी वेराइटी है। यह 140 दिनों में तैयार हो जाती है। इस मौके पर अनुमंडल कृषि विभाग पदाधिकारी प्रियंका रानी, कृषि समन्वयक अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

**क्या कहते हैं किसान**

प्रमोद कुमार सिंह उर्फ टप्पू सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह ने कहा कि कृषि विभाग और बीज निगम इसमें दोषी है। कृषि विभाग को पहले बीज की अंकुरण की जांच करनी चाहिए इसके बाद किसानों को देनी चाहिए, लेकिन कृषि विभाग केवल आंख बंद करके टैग पर विश्वास करते हुए किसानों को दे देते हैं। यहां तक कि हम लोगों को चना और मसूर भी नहीं मिला। हजारों रुपए का गेहूं का बीज के साथ-साथ समय का नुकसान हुआ है। इसका भरपाई कौन करेगा? विभाग द्वारा दिया गया बीज से लगभग 60 से 70 बीघा खेतों में गेहूं का रोपनी हो चुकी थी, लेकिन अंततः हाथ निराशा लगी। एक भी बीज अंकुरित नहीं हुआ। किसान सरकार से आर्थिक क्षति होने से मुआवजे की आस में है।

# जीतने की मंशा और हौसला ही सबसे बड़ी ताकत : उदय सिंह मीना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज, डीडीयू मंडल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय बैंड वादन और छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट से हुई। दो दिनों में विभिन्न बालक-बालिका वर्ग में 50 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें 50, 100, 200 मीटर दौड़, रिले दौड़, गोला फेंक, ऊंची कूद, बिच्छू दौड़, आलू दौड़ और मिठाई दौड़ जैसी पारंपरिक और मनोरंजक प्रतियोगिताएं शामिल थीं। 200 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। कॉलेज चैंपियन सहित प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान मिलाकर कुल 167 पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किए गए जिनमें ग्यारहवीं की छात्रा इंदु कुमारी और ग्यारहवीं के छात्र अनुराग कुमार को कॉलेज चैंपियन घोषित किया गया। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना ने कहा कि सबसे बड़ी बात है पार्टिसिपेशन – जीतने से भी अधिक महत्वपूर्ण है भाग लेना। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, टीम भावना और निरंतर अभ्यास की प्रेरणा देते हुए कहा कि जीतने की मंशा और हौसला ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विद्यालय के खेल मैदान को नियमित खेल गतिविधियों के लिए उपयोग करने का सुझाव देते हुए कहा कि यह ग्राउंड बच्चों और शिक्षकों का है, इसका भरपूर इस्तेमाल करिए और हर दिन खेलिए। इस वार्षिक खेलकूद के सफल आयोजन के लिए उन्होंने आयोजक टीम के साथ विशेष कर खिलाड़ियों को बधाई दी। समापन अवसर पर श्री मीना द्वारा विद्यालय टीम को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु 30,000 का सामूहिक पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्य शिव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न शाखा अधिकारी, शिक्षकगण एवं सेवानिवृत्त अध्यापक, पुरातन छात्र आदि उपस्थित रहे और आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।


**पूर्वोत्तर रेलवे** **ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

**आक्शन कैटलाग नम्बर BSB 29 PARKING 25**

| कार्य का विवरण | ई-नीलामी का समय |
|---|---|
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 10.30 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 10.40 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 10.50 बजे तक |
| दुरौंधा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 11.10 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 11.20 बजे तक |
| औड़ीहार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 11.30 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 11.40 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 11.50 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 12.00 बजे तक |
| गाजीपुर सिटी स्टेशन स्थित (3 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10.00 से 12.10 बजे तक |

• **उपरोक्त सभी कार्यों हेतु अवधि** - 03 वर्ष, • **उपरोक्त सभी कार्यों हेतु ई-नीलामी की तिथि** - 26.12.2025.

• ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। • ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर आनलाईन रु. 10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसका SBI (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

**मुजाधि/वाणिज्य-195** **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें


CMYK

# सांसद विवेक ठाकुर ने रेलमंत्री से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सांसद विवेक ठाकुर ने रेल संपर्कता एवं यात्री सुविधा को लेकर रेलमंत्री से मुलाकात किया है। भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात कर नवादा लोकसभा में रेल संपर्कता एवं यात्री सुविधा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा किया।

सांसद विवेक ठाकुर ने रेलमंत्री से यात्रियों की भीड़ को देखते हुए नवादा - बरबीघा - पटना रेलखंड पर एक और नई ट्रेन की मांग किया, साथ ही इस रूट पर चलने वाली नवादा - पटना फास्ट मेमो ट्रेन में अतिरिक्त पांच डब्बा जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अतिआवश्यक बताते हुए तिलैया जंक्शन के समीप पीट लाइन निर्माण का आग्रह किया। साथ ही राजगीर - पटना फास्ट मेमो ट्रेन का तिलैया जंक्शन तक विस्तार के साथ साथ बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का तिलैया - नवादा - वारिसलीगंज - शेखपुरा होते किऊल जंक्शन तक विस्तार का अनुरोध किया। सांसद ने कुसुंभा बिहार हॉल्ट पर नवादा - पटना फास्ट मेमो ट्रेन ठहराव का अनुरोध किया। साथ ही शेखपुरा के कुसुंभा बेलदरिया में एलसी 13 गुमटी से एलटी 35/27 तक रेल लाइन के किनारे जन सुविधा हेतु सड़क निर्माण का आग्रह किया। सांसद ने नवादा के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम नंदपुर (चमरुआ) के समीप रेलवे हॉल्ट निर्माण का आग्रह किया। ओड़ो जगदीशपुर स्टेशन पर दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव के साथ - साथ ओड़ो जगदीशपुर स्टेशन के निकट बस्ती बिगहा - सैदपुर सड़क पर अंडर पास की जगह लाइट आर.ओ.बी. निर्माण का मांग किया। उन्होंने नवादा के पुराना रेलवे स्टेशन के खाली परिसर का उपयोग अतिथिशाला, कैंटीन, जलपान गृह, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इत्यादि में करने हेतु आग्रह किया। सांसद ने दो नई रेल लाइन के निर्माण का भी अनुरोध किया। जिसमें पहला नवादा से रोह, कौआकोल, सिकंदरा होते मल्लेपुर (जमुई) तक नई रेल लाइन और दूसरा नवादा से ककोलत जलप्रपात, गोविंदपुर, सतगावां, होते गिरिडीह तक नई रेल लाइन के निर्माण का आग्रह किया। सांसद विवेक ठाकुर ने उपरोक्त के साथ-साथ रेलमंत्री को दिए गए अपने पूर्व के आग्रहों पर भी उनका ध्यानाकृष्ट कराया। उन्होंने कहा इन सभी प्रस्तावों का प्रभाव विकसित नवादा की दिशा में काफी व्यापक होने वाला है। हमारा संकल्प है, हर गांव - हर क्षेत्र तक रेल सुविधा का विस्तार और जनसुविधा में निरंतर सुधार हो।

## कोडरमा तिलैया रेलवे परियोजना का रजौली विधायक ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** कोडरमा-तिलैया रेलवे परियोजना का औचक निरीक्षण गुरुवार को रजौली विधायक विमल राजवंशी के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कंपनियों द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं को देख विधायक बिफरे और कार्यरत संवेदकों के प्रतिनिधियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।विधायक ने कहा कि रेलवे परियोजना में निर्माण कार्य में जुटे संवेदक द्वारा योजना बोर्ड आदि नहीं लगाया गया है साथ ही रेलवे के विभिन्न सेक्टरों पर पहुंचने वाली भारी मालवाहक वाहनों द्वारा फुलवरिया डैम के आसपास के सभी ग्रामीण सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। निरीक्षण के उपरांत विधायक ने संवेदक और उनके प्रतिनिधियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि सबसे पहले योजना बोर्ड लगाया जाए,जिसमें कार्य का नाम और उसमें खर्च होने वाली संभावित राशि आदि का विवरण हो। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य में जुटे लोगों की सुरक्षा हेतु शिफ्टी उपकरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि होने वाली दुर्घटनाओं में मजदूर सुरक्षित रहें। साथ ही क्षतिग्रस्त हुए ग्रामीण सड़कों की मरम्मती का कार्य शुरू किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें ना हो। विधायक ने कड़ी चेतावनी भी दी है कि ऐसा नहीं करने पर वे बाध्य होकर वे विभागीय पत्राचार कर संबंधित मंत्री को विषय वस्तु से अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी और रेलवे में कार्यरत संवेदकों व उनके प्रतिनिधियों के अलावे स्थानीय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पेड़ से गिरकर 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** धमौल थाना क्षेत्र के ढोढ़ा गांव में गुरुवार की सुबह एक हादसे में 60 वर्षीय बसंत चौधरी की मौत हो गई। रोज की तरह वे सुबह गांव के बधार में ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ी उतारने गए थे। बसंत चौधरी पिछले कई वर्षों से ताड़ी उतारने का काम करते थे और इसी से उनके परिवार का गुजर-बसर चल रहा था। लेकिन इस बार किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। पेड़ पर चढ़ने के दौरान अचानक पकड़ कमजोर पड़ गई, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे काफी ऊंचाई से नीचे जमीन पर गिर पड़े। गिरने की आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बसंत चौधरी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। घटना की सूचना मिलते ही उनके परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार के नेतृत्व में धमौल थाना पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## टीएलएम के माध्यम से बच्चों का ज्ञान बढ़ाना सराहनीय कदम : डा. मानव

**हिलसा (नालंदा)।** गुरुवार को प्रखंड के कई संकुल संसाधन केंद्रों में टीएलएम मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सीआरसी अकबरपुर एवं कपसियावां में कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी डा. आशुतोष कुमार मानव, मुखिया शिवानन्द सिंह, एचएम दीनानाथ, अवधेश कुमार एवं ताड़कनाथ जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् अजीत कुमार सिंह ने किया। इस मौक़े पर विभिन्न विद्यालय से आए शिक्षक - शिक्षिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसे अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। गणित शिक्षा, हिन्दी व्याकरण, विज्ञान आदि विषयों पर आधारित कई मॉडल लगाए गए थे जिसका निर्माण शिक्षकों ने ख़ुद किया था। इस अवसर पर समाजसेवी डा. मानव ने कहा कि यह एक ऐसी प्रदर्शनी है जहां शिक्षक छात्रों को बेहतर और रोचक तरीक़ों से सिखाने के लिए स्व हस्त निर्मित पठन पाठन सामग्री प्रदर्शित करते हैं। इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ साथ शिक्षकों के नवाचार को बढ़ावा देना है। मानव ने कहा कि बच्चों को खेल खेल में सीखने का अवसर देना बेहद सराहनीय कदम है। इस दौरान अतिथियों ने सभी मॉडल का अवलोकन किया तथा बेहतर करने वालों की हौसला आफ़ज़ाई की। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, धनंजय कुमार सहित कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## नालंदा कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर 'राइट फॉर राइट्स' वर्कशॉप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग एवं एनएसएस इकाई की ओर से 'राइट फॉर राइट्स' विषय पर विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को अपनाने की वर्षगांठ का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार दिवस का मूल उद्देश्य सभी व्यक्तियों की गरिमा, सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का सम्मान वैश्विक मानवता के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बिनीत लाल ने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया भू-राजनीतिक तनाव, सामुदायिक वैमनस्य और बढ़ते घृणा अपराधों से जूझ रही है। ऐसे दौर में मानवाधिकार दिवस कानून, न्याय, शांति, प्रेम और सहानुभूति की बहाली का संदेश देता है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस दिवस के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता और सम्मान को बढ़ावा देने का आह्वान करता है, जिससे मानव विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश अमन ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अवसर नागरिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक–सभी मानवाधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुनर्जीवित करने का समय है।

## दो बाल श्रमिक मुक्त, दोषी प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चांदनी रस्तोगी के नेतृत्व में हरनौत प्रखंड में विशेष धावा दल ने सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान हरनौत बाज़ार स्थित दो प्रतिष्ठानों से दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि नालंदा जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर अभियान लगातार जारी है। किसी भी प्रतिष्ठान में अवैध श्रम शोषण पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

## नालंदा को कृषि उपकरण उत्पादन हब बनाने की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय में कृषि यंत्र निर्माण एवं कृषि औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस पहल का मूल उद्देश्य किसानों की मांग के अनुरूप कृषि उपकरणों के स्थानीय निर्माण को प्रोत्साहित कर नालंदा को कृषि उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना भी प्रमुख लक्ष्य है। जिला कृषि पदाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से जिले में सक्रिय कृषि यंत्र निर्माताओं की स्थिति और आवश्यक सहयोग पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बड़ी सोच और आधुनिक तकनीक से नालंदा को कृषि उपकरण निर्माण का केंद्र बनाया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय इंजीनियरिंग वर्कशॉप्स का निरीक्षण कर निर्मित यंत्रों की गुणवत्ता देखी और निर्देश दिया कि उत्पाद विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप हों, तभी वे बाज़ार प्रतिस्पर्धा में स्थान बना पाएंगे। डीएम ने बाहरी राज्यों से मोल्डिंग एवं कटिंग सामग्री आयात पर निर्भरता कम करते हुए स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। इसके लिए कच्चे माल की गुणवत्ता और उपलब्धता का अध्ययन, साथ ही नीति-स्तर पर प्रोत्साहन का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कृषि यंत्र निर्माताओं के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित करने का सुझाव दिया, जहाँ अत्याधुनिक मशीनरी, परीक्षण उपकरण, डिजाइन लैब और तकनीकी सहयोग एक ही जगह उपलब्ध हो। साथ ही कृषि यंत्र निर्माण की संभावनाओं को देखते हुए औद्योगिक क्लस्टर गठन का भी प्रस्ताव सामने रखा, जिससे छोटे और मध्यम उत्पादकों को एकीकृत ढांचा मिलेगा और लागत कम होगी। आईटीआई राजगीर और नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज में यंत्रों के प्रोटोटाइप निर्माण व लेजर कटिंग मशीन की स्थापना का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर तकनीकी दक्षता बढ़ेगी। निर्माताओं को अपनी आवश्यक मशीनरी और लागत सूची उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर दिया जा सके।

## डॉ. संजय कुमार चौहान बने टी.एस.कॉलेज, हिसुआ के नए परीक्षा नियंत्रक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज, हिसुआ के दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार चौहान को बुधवार को प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा द्वारा अधिसूचना जारी कर महाविद्यालय का नया परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया। डॉ.संजय कुमार चौहान तत्काल प्रभाव से परीक्षा नियंत्रक के रूप में महाविद्यालय में प्राचार्य के समक्ष अपना योगदान किए तदोपरांत प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने डॉ. संजय कुमार चौहान को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने डॉ संजय कुमार चौहान को माला पहनाना कर बधाई दी। डॉ चौहान के परीक्षा नियंत्रक नियुक्त होने पर पूरे महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है, प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने डॉ.संजय कुमार चौहान को पद ग्रहण के बाद उन्हें कर्तव्य निष्ठता से कार्य करने तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का परीक्षा शाखा से संबंधित कार्य तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया एवं सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्य करने को कहा। डॉ संजय कुमार चौहान ने अपने संबोधन ने हमेशा छात्र छात्राओं के हित में कार्य करने का



आश्वासन दिया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के कुलानुशासक सह शिक्षक संघ के सचिव प्रो सुंदर शर्मा, वितेक्षक डॉ स्वर्गेश कुमार, एन.सी.सी. पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ. पूनम भारती, डॉ. अमरदीप अंभोरे, डॉ कुमारी सुधा देवी, डॉ.अंजलि कुमारी, डॉ.कुमारी प्रतिभा सिंह, डा चंदन कुमार सिंह, डॉ. दिव्या पण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहें।

## कालाबाजारी रोकने और संतुलित खाद प्रयोग पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** गुरुवार को रजौली प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।यह बैठक प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) रौशन कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और कालाबाजारी पर अंकुश लगाना था। बैठक के दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने समिति और उपस्थित विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए। सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को यह सख्त निर्देश दिया गया है कि वे उर्वरक की बिक्री पॉश मशीन द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही करें और अपने स्टॉक सेल रजिस्टर को दैनिक रूप से अद्यतन करेंगे।उन्होंने बताया कि प्रखंड में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, इसके कालाबाजारी और अवैध भंडारण की रोकथाम के लिए, सभी कृषि समन्वयक सह उर्वरक निरीक्षक को उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। कृषि पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि खाद की कालाबाजारी व अवैध भंडारण की शिकायत मिलने पर विभाग द्वारा त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जिन खाद विक्रेताओं के लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी है, उन्हें जल्द से जल्द नवीनीकरण कराने को कहा गया है।किसानों को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से यह भी बताया कि डीएपी की अनुपलब्धता की स्थिति में किसान एसएसपी , टीएसपी, एनपीके एवं सूक्ष्म तत्वों का प्रयोग करें, जो फसलों के लिए समान रूप से लाभकारी हैं। इसके अलावा, उन्होंने प्रखंड के किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। बैठक में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र कुमार उर्फ बब्लू, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह,कांग्रेस अध्यक्ष रामरतन गिरी, प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, कृषि समन्वयक धनंजय कुमार, रंधीर राम एवं किसान सलाहकार तथा खुदरा उर्वरक विक्रेता नीरज कुमार सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों किसान मौजूद थे।

## ठंड बढ़ते ही चोर दे रहे दस्तक, चोरी का प्रयास विफल

### दुकानदार ने पुलिस को सूचित कर सुरक्षा की लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र में ठंड बढ़ते ही चोर दुकानों में सेंधमारी करने में जुट गए हैं।ताजा मामला पुरानी बस स्टैंड के मछलहट्टा रोड में एक इलेक्ट्रिक दुकान में बीते बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया है। पीड़ित दुकानदार मछलहट्टा रोड निवासी अनिल प्रसाद के पुत्र अमित कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वे बुधवार की रात्रि को दुकान बंद करके पीछे अवस्थित घर में सोने चले गए।जब गुरुवार की सुबह जागे और दुकान खोलने आए,तो देखा कि दुकान के शटर का लॉक टूटा पड़ा है।वहीं चोरों द्वारा शटर के अंदर लॉक को तोड़ने का प्रयास किया गया था,जिससे बेल्डिंग जॉइंट में दरार भी आ गया है।दुकानदार ने कहा कि यह घटना देर रात्रि को हुई,इसलिए घर के अंदर सोए रहने के कारण आवाज नहीं पहुंच पाई। दुकानदार पप्पू चौधरी ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ ही हर बार के जैसा चोर दुकानों में सेंधमारी करने में जुट गया है।उन्होंने कहा कि इससे पहले वाले ठंड में भी कई गुमटियों का ताला टूटने और दुकानों में चोरी की घटनाएं घटित हुई थी।वहीं दुकानदार अनिल कुमार वर्णवाल ने पुलिस से गश्त तेज करने की गुहार लगाई है,ताकि दुकानदार सुरक्षित महसूस कर सकें। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार एवं एसआई संगीता कुमारी को घटनास्थल पर भेजा गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुकान में चोरी का प्रयास हुआ है।उन्होंने बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की बात कही है।

## अपूर्ण कार्य एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश : डीसीएलआर

**बिहारशरीफ।** उप विकास आयुक्त ने नूरसराय प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में कई योजनाओं की प्रगति संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि जिन कार्यों की शुरुआत अब तक नहीं हुई है, उन्हें तुरंत प्रारंभ किया जाए। वहीं अधूरे पड़े कार्यों को एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा करने का आदेश देते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही पर कार्रवाई तय है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1859 लाभुकों में से 1708 को द्वितीय किस्त उपलब्ध कराई जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 519 लाभुकों को प्रथम किस्त और 368 लाभुकों को द्वितीय किस्त दी गई है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिन लाभुकों को प्रथम किस्त मिल चुकी है, लेकिन उन्होंने अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, ऐसे लोगों को नोटिस जारी कर तत्काल निर्माण कार्य कराने की पहल की जाए।

## लापता वृद्ध का शव कुएं से बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा से इस समय की बड़ी खबर सामने आ रही है। कल शाम से लापता एक वृद्ध का शव आज एक कुएँ से बरामद किया गया है। शव को स्थानीय लोगों ने कुएं में तैरता हुआ देखा, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। नवादा जिले में उस समय सनसनी फैल गई जब एक कुएँ में एक वृद्ध का शव तैरता हुआ मिला। बताया जा रहा है कि मृतक कल शाम से घर से लापता था। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकला गया । मृतक की पहचान रूपौ थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव का निवासी था बिरजा यादव के रूप में किया गया है। रुपौ थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना मुझे मोबाईल पर मिली ,जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से निकाला गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सादर अस्पताल भेज दिया है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में चार युवक जख्मी, दो गंभीर

**हिलसा (नालंदा)।** बुधवार की देर रात को हिलसा थरथरी मुख्य मार्ग पर लहराडाक के समीप दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसमें चार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी की पहचान थरथरी थाना क्षेत्र के मेहतरवा गांव निवासी 18 वर्षीय जयंत कुमार, 22 वर्षीय गणेश कुमार वहीं दूसरे बाइक सवार हिलसा थाना क्षेत्र के पकरिया बिगहा गांव निवासी 19 वर्षीय लड्डू कुमार, 19 वर्षीय रोशन कुमार शामिल है। जख्मी रोशन कुमार ने बताया कि हिलसा बाजार से अपने घर जा रहे थे इसी दौरान लहराडाक के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार था कि चारों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद चिंताजनक स्थिति देखते हुए लड्डू कुमार एवं जयंत कुमार की बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। और अन्य दो जख्मी को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज जारी है। थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने गुरुवार को बताया कि अभी तक किसी भी जख्मी व्यक्ति की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी फिलहाल मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा हैं।

### बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में गुरुवार को कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की गई। काउंसिलिंग में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वर्तमान समय में उपलब्ध विविध कैरियर अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों का उत्तर देते हुए उन्हें अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे काउंसलिंग सत्र विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।सही समय पर सही मार्गदर्शन प्राप्त होने से बच्चों के जीवन में नई दिशा मिलती है। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि इस बदलते दौर में बच्चों की बढ़ती जिज्ञासा और मानसिकता को समझना आवश्यक है। ऐसे सत्र बच्चों को उचित कार्य-प्रणाली और सोच विकसित करने में अत्यधिक सहायक होते हैं। विद्यार्थियों को मेडिकल,इंजीनियरिंग,एनडीए, नर्सिंग आदि कोर्स में भविष्य तलाशने की सलाह दी गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आदि मौजूद थे।

### जूली बनीं विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव

**पकरीबरावां।** गुरुवार को पकरीबरावां प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय पकरी में विद्यालय शिक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। वार्ड सदस्या कोसुमा देवी की अध्यक्षता में, पर्यवेक्षक डॉ.मुकेश कुमार सिन्हा की देख रेख में तथा प्रधान शिक्षक मिलन कुमार की उपस्थिति में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन हुआ। जुली कुमारी को सचिव चयनित किया गया है। सुनीता देवी, नंदनी कुमारी, ज्योति कुमारी, कविता देवी, आरती देवी, संगीता देवी को सदस्य चुना गया है। इस अवसर पर वरीय शिक्षक रविरंजन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### होंडा हीटर्स ने जीत दर्ज की

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा से मान्यता प्राप्त चैलेंजर ट्रॉफी अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज होंडा हीटर्स का मुकाबला लौंध लवर्स की टीम के बीच हुआ जिसमें होंडा हीटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 222 रनों का स्कोर खड़ा किया। होंडा हीटर्स के बल्लेबाज आर्यन राज ने शानदार 68 रन हर्ष शर्मा ने 57 रन जबकि रंजन राज ने 34 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए लौंध लवर्स टीम के गेंदबाज पृथ्वी, रतन, रुद्र एवं हिमालय ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लौंध लवर्स की टीम ने 22 ओवर में 106 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें लौंध लवर्स के कप्तान पृथ्वी ने शानदार 64 रन बनाए उसके अलावा कोई भी बल्लेबाज रन बनाने में कामयाब नहीं हुए और पूरी टीम बिखर गई। होंडा हीटर्स के गेंदबाज प्रिंस ने चार खिलाड़ियों को आउट किया जबकि तेजस ने दो विकेट प्राप्त किया। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए तेजस को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

### सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के यमुनापर गांव के पास गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार दिलीप यादव (45) की मौके पर ही मौत हो गई। मृत्यु की खबर फैलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क पर रखकर बिहारशरीफ-पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। परिजनों के अनुसार दिलीप यादव मजदूरी करने के लिए साइकिल से बिहारशरीफ जा रहे थे। घर से करीब 7 किलोमीटर दूर ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। स्थिति की गंभीरता देखते हुए नूरसराय के प्रखंड विकास पदाधिकारी जियाउल हक, अंचलाधिकारी दीपक कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार और एसआई रमेश पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने समझाकर जाम खत्म कराया और परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। वाहन चालक और गाड़ी की तलाश जारी है।

**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर, दिनांक 09.12.2025; उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/विद्युत/गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए वैध विद्युत ठेकेदारी का लाइसेंस तथा सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे उल्लेखित कार्य सम्पन्न करने में वित्तीय रूप से सक्षम वांछित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.:** जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर, **कार्य का नामः** गति शक्ति इकाई, आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन एसटीएल, डीजीएचआर, डीयूएमके, वीडीएस, जेएमटी, केएमएमई, एमडीपी, जीआरडी, बीएसकेएच, यूडीएल, एसयूआरआई, पीएडब्ल्यू, एसटीएन, पीएएन, एसएनक्यू स्टेशनों में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था के सुधार (वॉल/हैंगिंग/फ्लोर माउंटिंग टाइप एलईडी प्रकाशित चिन्ह की डिजाइन, निर्माण, प्रदर्शन, स्थापना के साथ वायरिंग एवं आनुषंगिक कार्य) के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,94,97,656.38; **बयाना राशिः** रु. 2,47,500/-। **कार्य समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 9 महीने। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तारीख से 45 दिन। **खुलने की तारीख एवं समयः** 05.01.2026 को 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखे जा सकते हैं। (ASN-269/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू.272/252/टी1/63, दिनांक 10.12.2025, मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समतुल्य प्रकृति के कार्य का समुचित अनुभव तथा संतोषजनक न्यूनतम पात्रता के मानदंड रखने वाले अनुभवी एवं स्थापित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर दो पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान :** बेलूड़ में पुराने एवं अत्यंत पुराने पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशनों का ईआई में प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 17,37,04.782.29; **बोली सुरक्षाः** रु. 10,18,500; **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** निविदा खुलने की तारीख से 30 दिन। **निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम (बंद होने की) तारीख एवं समयः** 05.01.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का पता, निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने का समय तथा तारीखः** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.12.2025 से। **खुलने की तारीख एवं समयः** 05.01.2026 को 16.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती हैः** बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाताओं को भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी www.ireps. gov.in पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, आवश्यकता पड़ने पर, सिर्फ इस वेबसाइट पर जारी की जाएगी। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(CON-54/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने की भारत संकल्प अभियान की शुरुआत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी नगर क्षेत्र अंतर्गत कोइरीबारी मोड़ पर भारतीय जनता पार्टी गयाजी पूर्वी द्वारा आयोजित अमृत भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सर्वप्रथम डॉ प्रेम कुमार ने कोइरीबारी मोड़ स्थित शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर अमृत भारत संकल्प अभियान की शुरुआत पूरे देश में की जा रही है। इस अभियान का मूल उद्देश्य हर घर स्वदेशी-घर-घर स्वदेशी को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का राष्ट्रीय अभियान है। डॉ. प्रेम कुमार ने स्वदेशी संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी भारतीय उत्पादों का उपयोग कर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। घर, गांव और समाज में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे तथा स्थानीय किसानों, कारीगरों एवं उद्यमियों को सहयोग करेंगे। युवाओं और बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे और नई पीढ़ी में स्वदेशी उत्पादों के महत्व को बढ़ावा देंगे। पर्यावरण संरक्षण हेतु प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करेंगे। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में आत्मनिर्भरता व स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना ही विकसित भारत का आधार है। उन्होंने कहा कि आज लिया गया यह संकल्प न केवल भारत की आर्थिक स्वाभिमान यात्रा को गति देगा, बल्कि स्वदेशी के माध्यम से गांव, किसानों, छोटे उद्यमियों और स्थानीय व्यवसाय को नई उर्जा मिलेगी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत ऽ विकसित भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्वदेशी अपनाने का संकल्प पत्र भरकर अभियान को सफल एवं जनोन्मुखी बनाने का दृढ़ निश्चय किया। वहीं मौके पर पप्पू चंद्रवंशी, विनोद सिंह, विनोद दांगी,विकास कुमार, रंजीत सिंह,शशि रंजन सिन्हा,टिंकू गोस्वामी, विनोद पासवान, मनीष सिंह, साकेत, धीरू सिन्हा,पप्पू नीलकर, गौतम गोस्वामी, अमित कुमार, राजनंदन गांधी, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा का अनावरण

## संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक समारोह का भव्य आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में महान कथाकार, युगप्रवर्तक साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा का अनावरण बड़े ही गरिमामय एवं साहित्यिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय अनावरण समारोह, शैक्षिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया जिसमें साहित्यकारों, शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन, कुलगीत तथा मुख्य अतिथियों के स्वागत-अभिनंदन के साथ हुआ। अतिथियों को विश्वविद्यालय परंपरा के अनुरूप अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण में विभाग के अध्यक्ष प्रो ब्रजेश कुमार राय ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान का उल्लेख करते हुए विभाग की वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों तथा प्रगति का संक्षिप्त परिचय भी प्रस्तुत किया। कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम ने प्रेमचंद साहित्य तथा प्रगतिशील आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तृत विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि 1935-36 में पेरिस में हुए साहित्यिक विमर्शों तथा प्रोग्रेसिव राइटर्स मूवमेंट ने भारतीय साहित्य पर गहरा प्रभाव डाला। 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना के बाद साहित्य और समाज के संबंधों को नई दिशा मिली। प्रेमचंद का स्पष्ट मत था कि 'साहित्य राजनीति से अलग अपनी नैतिक शक्ति से समाज को बदलता है।' उन्होंने सामाजिक परिवर्तन को आर्थिक परिवर्तन की पूर्व-शर्त बताते हुए कहा कि साहित्य समाज के सुधार में निर्णायक भूमिका निभाता है। बी. डी. कॉलेज, पटना की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकीं, किंतु उनके द्वारा भेजे गए विशेष ऑडियो संदेश को सभागार में प्रस्तुत किया गया। संदेश में उन्होंने प्रेमचंद की मानवीय संवेदनाओं और ग्राम-जीवन आधारित कथाओं को भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर बताया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सदानंद शाही ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में प्रेमचंद की प्रतिमा स्थापना को 'एक गौरवशाली सांस्कृतिक क्षण' बताया। उन्होंने कहा फिराक गोरखपुरी स्वयं स्वीकार करते थे कि मैंने प्रेमचंद को देखा है और उनकी सरलता अनोखी थी।

# गया में रूपांतरण यात्रा का भव्य स्वागत, सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा के शुभारंभ के बाद से अब तक लाखों नवोद्यमी इससे जुड़ चुके हैं जो कंपनी की जन - आधारित विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यात्रा का नवीनतम पड़ाव गया रहा जहां हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। गया और इससे पहले आयोजित कई शहरों में लाखों लोगों की भागीदारी को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 75 शहरों की इस यात्रा के 22 दिसंबर 2025 को समापन तक इसकी पहुंच लगभग एक मिलियन लोगों तक हो सकती है। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने रक्तदान किया और स्वस्थ जीवनशैली व आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में नागरिकों को स्वस्थ और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने वाली जन - जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। गया के लोगों ने इस यात्रा का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि में टेकारी विधायक अजय कुमार दांगी मौजूद रहे। हजारों लोग गया कॉलेज ग्राउंड, गया कॉलेज मोड़, रामपुर, गया में आयोजित इस आयोजन में शामिल हुए। आरसीएम के सीनियर लीडर श्याम अग्रवाल ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे - जैसे रूपांतरण यात्रा अपने अगले पड़ाव की ओर बढ़ रही है, गया और बिहार में इसकी छोड़ी गई ऊर्जा और प्रेरणा नए विकास और सामुदायिक कल्याण को आगे बढ़ाती रहेगी। वहीं शहाबुद्दीन खान और अर्चना सिंह ने कहा कि आरसीएम इस सकारात्मक गति को बनाए रखते हुए गया में अपनी जन - केंद्रित पहलों को जारी रखेगा। आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा ने कहा कि गया से मिला जबरदस्त प्रतिसाद हमारे जन-आधारित आंदोलन की शक्ति और भावना को दर्शाता है। हम हर घर को बेहतर स्वास्थ्य, मजबूत मूल्यों और नए आर्थिक अवसरों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि हम एक स्वस्थ और विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ सकें।

# गोदाम से शराब बरामदगी मामले में प्रशासन ने दुकान को किया सील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** दो दिनों पूर्व कोंच मोड़ के पास स्थित एक गोदाम से पुलिस द्वारा करीब दो हजार बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किए जाने के मामले में प्रशासन ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान/गोदाम को सील कर दिया। कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर अंचलाधिकारी मुकेश कुमार एवं थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने पुलिस बल के साथ की। अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि दो दिनों पहले ललन शर्मा के मकान स्थित गोदाम से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर परिसर को सील किया गया है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने कहा कि इस मामले में पहले ही मकान मालिक ललन शर्मा तथा शराब कारोबारी राकेश कुमार उर्फ कुटुंब के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। आज उसी मामले में आगे की कार्रवाई के तहत दुकान/गोदाम को सील किया गया है।

# मेरा युवा भारत द्वारा भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, गया की ओर से 'वर्कशॉप ऑन फ्लैगशिप स्कीम' के तहत गुरुवार को कॉम्पटेक के. वाई. पी. सेंटर, शेरघाटी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर माय भारत स्वयंसेवक विवेक कुमार ने सभी अतिथियों एवं रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार मिश्रा ने उत्साहपूर्वक किया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन परवेज आलम, तबरेज आलम, आशीष रंजन, गुड्डू यादव, आनंद पाठक एवं आभा रानी ने युवा प्रतिभागियों को डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा न्याय तक समग्र पहुंच के लिए डिजाइनिंग इनोवेटिव सॉल्यूशंस जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि एसआई अरविंद यादव ने कहा कि आज का समय युवाओं के लिए असीम संभावनाओं से भरा है तथा वे अपनी सकारात्मक सोच और योग्यता से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मनीष मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र का भविष्य कक्षाओं व कार्यशालाओं में बनता है, इसलिए युवाओं को सीख को व्यवहार में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में माय भारत स्वयंसेविका सोनल कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान पर उठे सवाल

## वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने प्रशासन को दिखाया वसूली पर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्थानीय प्रशासन द्वारा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज होने के बीच कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी, अंचलाधिकारी खिजरसराय तथा नगर पंचायत खिजरसराय के कार्यपालक पदाधिकारी पुलिस बल व जेसीबी के साथ सड़कों पर उतरकर छोटे दुकानदारों, ठेला चालकों और फुटपाथी व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दे रहे हैं, लेकिन इसी दौरान मुख्य सड़क पर बसों और बड़े वाहनों द्वारा खुलेआम सड़क पर रोक कर सवारी भरना जिससे घंटों जाम की स्थिति बनती है। इस पर कोई कार्रवाई न होने से आम जनता और जनप्रतिनिधियों दोनों ने सवाल उठाए हैं। नागरिकों का कहना है कि छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई और बड़े वाहनों को छूट, प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाती है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विवेक कुमार मौके पर पहुंचे और प्रशासन से जवाब-तलब किया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से पूछा कि जब अंचल कार्यालय प्रतिदिन सैरात शुल्क के नाम पर इन्हीं छोटे दुकानदारों से वसूली कर रहा है तो फिर इन्हें अतिक्रमणकारी क्यों बताया जा रहा है? अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सबूत पूछे जाने पर विवेक कुमार ने मौके पर ही वसूली की पर्ची दिखाकर प्रशासनिक कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि एक तरफ विभाग वसूली करता है, दूसरी तरफ उन्हीं लोगों पर कार्रवाई, यह साफ तौर पर दोहरा रवैया है। विवेक कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत खिजरसराय द्वारा कई बार अंचल कार्यालय को पत्र भेजकर सब्जी मंडी, ऑटो स्टैंड और बस स्टैंड के लिए एनओसी मांगा गया। ताकि बाजार, यातायात और व्यापारिक गतिविधियों को एक सुव्यवस्थित ढांचे में संचालित किया जा सके, लेकिन अंचल कार्यालय अब तक नगर पंचायत को एनओसी जारी नहीं किया है जिसके कारण सब्जी मंडी का स्थायी स्थल निर्धारित नहीं हो पा रहा है, ऑटो स्टैंड अव्यवस्थित है, बस स्टैंड का संचालन सड़क पर ही मजबूरी में हो रहा है और प्रतिदिन जाम जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में अतिक्रमण हटाने को लेकर गंभीर है तो उसे सबसे पहले बड़े वाहनों के सड़क कब्जे, जाम समस्या और आवश्यक एनओसी रोकने जैसे मुद्दों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# सरकारी चापाकल को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में सरकारी चापाकल को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें कई महिला-पुरुष घायल हो गए। प्रथम पक्ष के गया प्रसाद ने आरोप लगाया है कि चापाकल खोलने को लेकर पूर्व से चल रहे विवाद के बीच राजकुमार, सोनू कुमार, पंकज सहित अन्य लोग उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके पूरे परिवार पर हमला कर दिया जिससे उनकी पत्नी, बेटी, पुत्र और स्वयं गया प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# विधायक ने किया कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जज्बा पैलेस में गुरुवार को अतरी विधानसभा के एनडीए कार्यकर्ताओं के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अतरी विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक रोमित कुमार ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि हैं और उन्हीं की बदौलत हम जनता की सेवा कर पा रहे हैं। विधायक ने क्षेत्र के विकास के प्रति जोर देते हुए कहा कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही हर कल्याणकारी योजना को अतरी विधानसभा में धरातल पर उतारने का काम करेंगे। विधायक ने कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए संवाद जरूरी है। उन्होंने कहा आप छोटे से छोटे काम के लिए भी मुझे सूचना दें। यदि कहीं प्रशासनिक लापरवाही हो रही हो तो उसकी शिकायत दर्ज कराएं और मुझे भी बताएं, ताकि समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। इस मौके पर खिजरसराय प्रखंड के एनडीए के सभी घटक दलों के प्रखंड अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शपथ पत्र

मैं रंजय कुमार पिता स्व. श्री यादव ग्राम-खजवतिया पो.-पिरथू थाना-सलैया जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।

आधार कार्ड सं.-8880 7885 8313 में मेरा नाम रंजय कुमार (RANJAY KUMAR) अंकित है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा मदनपुर के संयुक्त खाता सं. 32802150583 में मेरा नाम रामजय यादव (RAMJAI YADAV) अंकित है। रंजय कुमार (RANJAY KUMAR) वो रामजय यादव (RAMJAY YADAV) दोनों नाम मेरा ही है।

उक्त दोनों नाम का एक ही व्यक्ति मैं ही हूं। उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

**शपथकर्ता**
**रंजय कुमार**

## अदालती सूचना

जिला जज
सासाराम, रोहतास
वाद सं.-114/24 मिसलेनियस
गजेन्द्र नारायण सिंह...वो. अपीलार्थी
बनाम
मंजय कुमार ............उत्तरवादी
नोटिस बनामः-
1 मंजय कुमार पिता स्व. महेश राम
2 कौशल्या देवी पति मंजय कुमार
पता-मोहन बिगहा, डालमियानगर, रोहतास
1. देवेन्द्र कुमार चौहान
2. अमरेश कुमार चौहान
दोनों पिता-मृगेन्द्र नारायण सिंह पता- ग्राम+पो.-चन्द्रगढ़, थाना-नबीनगर, औरंगाबाद, बिहार

चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन से आपको आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वाद आपके विरूद्ध दायर किया गया है जिसमें निश्चित तिथि में दिनांक-08.01.2026 को उपस्थित होकर या अधिवक्ता के माध्यम से अपनी बात को रखें अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी। इसी वास्ते यह गजट समाचार के माध्यम से प्रकाशित किया जाता है। इसे सख्त ताकीद जानें।

**जिला जज**
**सासाराम, रोहतास, बिहार**

**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2025**
***for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/15 Dated : 11.12.2025**

**Notice for Stray Vacancy Round-3 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Stray Vacancy Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-3 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling UGMAC(Ayush)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 22.09.2025, 2025/03 dated 03.10.2025, 2025/06 dated 31.10.2025 , 2025/08 dated 05.10.2025, 2025/09 dated 20.11.2025 & 2025/12 dated 05.12.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year UG Ayush Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of NEET(UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2025 Online Stray Vacancy Round-2 counselling held on 10.12.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/14 Dated 11.12.2025 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round-2 Counselling is available on Board's website. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Stray Vacancy Round-3 Counselling. **The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.**
3. **Stray Vacancy Round-3 Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 12.12.2025 and close on 15.12.2025 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[UGMAC (Ayush)]-2025/14 Dated 11.12.2025 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**

**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2025 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges and Private Medical / Dental Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2025/28 Dated 11.12.2025**

**Notice for Stray Vacancy Round-2 Online Application & Choice Filling for BDS / B.V.Sc. & A.H. & B.Sc. in Poultry Production Courses**

Online Application with Choice Filling after Stray Vacancy Round are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-2 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling UGMAC-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2025/01 dated 29.07.2025, 2025/14 dated 03.10.2025, 2025/16 dated 09.10.2025, 2025/17 dated 24.10.2025 & 2025/25 dated 16.11.2025, on the vacant seats of Government/ Private Dental Colleges of Bihar for admission to the first year UG Dental Courses (BDS) in Government / Private Dental Colleges of Bihar state and B.V.Sc. & A.H. and B.Sc. (Poultry Production) courses in Govt. Veterinary Colleges of Bihar based on the Rank of UGMAC-2025 prepared on the basis of merit list of NEET(UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2025 Online Stray Vacancy Round counselling held from 27.11.2025 to 29.11.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Advertisement No. BCECEB(UGMAC)-2025/27 Dated 11.12.2025 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round Counselling is available on Board's website. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Stray Vacancy Round-2 Counselling. The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.
3. **Stray Vacancy Round-2 Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 12.12.2025 and close on 15.12.2025 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGMAC-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB(UGMAC)-2025/27 Dated 11.12.2025 which can be downloaded from the Board's website : bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**

संपादकीय

# वंदे मातरम्, निशाना नेहरू!

राष्ट्रगान वंदे मातरम् पर सोमवार को लोकसभा में जो दस घंटे की चर्चा हुई, उसका लुब्बो लुआब सिर्फ इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरना वंदे मातरम् गीत को अक्षरशः स्वीकार न करने के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को गरियाना था। हर मुद्दे पर नेहरू को जिम्मेदार ठहराने की राजनीतिक चाल से अब जनता भी ऊबने लगी है। फिर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम् पर अपने 60 मिनट के भाषण में जहां आजादी के आंदोलन में बांग्ला लेखक बंकिमचंद्र चटर्जी लिखित 'वंदे मातरम्' गीत में निहित राष्ट्रभक्ति का जिक्र किया, वहीं कांग्रेस पर इस गीत के टुकड़े करना आरोप भी लगाया। मोदी ने अपने भाषण में 13 बार कांग्रेस, 7 बार नेहरू और 3 बार जिन्ना का जिक्र किया। गौरतलब है कि लोकसभा में यह विशेष चर्चा वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर आयोजित की गई थी। विषय पर चर्चा की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कहा कि वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। महात्मा गांधी को भी यह गीत पसंद था। उन्हें यह नेशनल एंथम के रूप में दिखता था। उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर भी पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ? वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। अपने एक घंटे के भाषण में मोदी ने वंदे मातरम् का 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, और बंगाल का 17 बार जिक्र किया। साथ ही वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार और तुष्टिकरण का 3 बार जिक्र किया। मोदी के आरोपों का सार यही है कि कि वंदे मातरम् के मुद्दे पर नेहरू जिन्ना के सामने झुक गए। और अतंतः वंदेमातरम् के दो ही अंतरे राष्ट्रगान के रूप में स्वीकृत हुए। मोदी का तर्क था कि इस गीत को पूरा स्वीकार किया जाना था, जोकि संस्कृत और बांगला दोनों भाषाओं में है और काफी लंबा है। यहां सवाल उठता है कि जिस गीत को भारत के अधिकांश लोग स्वीकार कर चुके हैं, जो अब अधिकृत राष्ट्रगान है, विधानमंडलों और आयोजनों में गाया जाता है, उसको लेकर दस घंटे तक चर्चा करना संसद के कीमती समय का सौ फीसदी सदुपयोग नहीं कहा जा सकता। यूं कुछ मुसलमान अभी भी इस गीत को मूर्ति पूजा से जोड़कर इसे गाने से इंकार करते रहे हैं, लेकिन वह विरोध राजनीतिक ज्यादा है और उसका कोई खास महत्व नहीं है। इस बारे में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का यह कटाक्ष गलत नहीं है कि इस चर्चा का असल उद्देश्य तीन माह बाद पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं, क्योंकि इस गीत के रचयिता बंकिमबाबू बंगाली थे और इस बहाने वहां राष्ट्रवाद को नई हवा दी जा सकती है। उनका यह सवाल भी वाजिब था कि जब वंदे मातरम् को देश ने स्वीकार कर ही लिया है तो उस पर चर्चा किस बात की ? इतिहास तो सबको पता है। हालांकि बीजेपी ने इस आरोप को खारिज किया है। तारीख की हर गलती का ठीकरा नेहरू पर फोड़ने से भाजपा का तात्कालिक सियासी हित भले ही सधता हो, लेकिन उससे बाकी कुछ भी सिद्ध नहीं होता। आज देश में सामने कई गंभीर मुद्दे हैं, जिन पर सदन में चर्चा होनी चाहिए, जिनमें इंडिगो संकट पहला है और इस पूरे प्रकरण में सरकार जिस तरह एक निजी कंपनी के आगे झुकती दिख रही है, वह एक मजबूत देश और सरकार के लिए अच्छा लक्षण नहीं है।

# क्या इंडिगो संकट किसी नए बदलाव की आहट है?

**हवाई यात्रा के इतिहास में इतने बुरे दिन कभी नहीं गुजरे थे, जितने बीतते साल में आखिरी महिने के पहले हफ्ते में बीते 7 भारत में हवाई-परिवहन में अग्रणी इंडिगो ने इतनी बड़ी तादाद में घरेलू उड़ानें रद्द कीं कि कोहराम मच गया। हवाई अड्डों पर बस अड्डों से भी बदतर दृश्य देखने को मिले। अव्यवस्था, अफरातफरी, आक्रोश, शिकायतें, क्रंदन, गालीगलौज़, बेबसी और हताशा के मिलेजुले इतने बड़े पैमाने पर पहले कभी न देखे गये मन-मस्तिष्क को झकझोर देने वाले दृश्य सामने आये। सरकार की हिदायत के बाद इंडिगो के सीईओ पीटर्स ने रविवार को यात्रियों को 610 करोड़ रुपये और तीन हजार से अधिक बैग लौटाने का ऐलान किया, लेकिन आलम यह था कि रविवार को भी 650 उड़ानें रद्द हुईं। और इससे पहले शनिवार को 1500 उड़ानें रद्द होने की खबर थी। जाहिर है कि घरेलू नागरिक उड्डयन लगभग ठप्प था। फलतः खामियाजा उन लाखों मुसाफिरों ने भुगता, जो हवाई यात्रा को निरापद, सुविधाजनक और त्वरित मानकर वरियता देते थे।**

डॉ.सुधीर सक्सेना

बदइंतजामी का आलम यह था कि दिल्ली से सोमवार आठ दिसंबर को दो सौ से भी ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई। इस बीच परिस्थितियों के मद्देनजर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। यही नहीं उसने किराये में अनापशनाप बढ़ोतरी की पेशगी रोकथाम के लिए 'कैप' की भी घोषणा की, जिसके तहत पांच सौ किमी तक रू. 7500/-, पांच सौ से एक हजार किमी तक रुपये 12000/- और अधिकम रू.18,000/- की हद बांध दी।

जो कुछ हुआ उसे बिला शक अभूतपूर्व संकट की ही संज्ञा दी जायेगी। अनुमान है कि करीब तीन लाख हवाई यात्रियों को तीन दिनों तक बंधकों सा बेचारगी का तकलीफदेह वक्त बिताना पड़ा। गंतव्य तक पहुंच नहीं पाने से बड़ी संख्या में लोग इलाज, इंटरव्यू, परीक्षा और शादी-ब्याह के अवसरों से वंचित रहे। मोटे तौर पर यह संकट पायलटों की कमी से पैदा हुआ। माना जाता है कि इंडिगो-प्रबंधन की अदूरदर्शिता और लेतलाली के चलते यह विषम स्थिति उत्पन्न हुई। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदंबरम का यह कथन समीचीन है कि पायलट ड्यूटी की नियमावलि सरकार ने जनवरी, 24 में जारी कर दी थी, लेकिन विमानन कंपनी ने 23 माह की लंबी अवधि में कोई तैयारी नहीं की। चिदंबरम ने तंज करते हुये कहा कि मोहलत की परवाह न करने पर जब लाखों यात्री फँसे तो सरकार ने हाथ खड़े कर दिये और उनकी कोई सुध नहीं ली। इंडिगो द्वारा सैकड़ों उड़ानों को रद्द करने से अभूतपूर्व और विकराल संकट उत्पत्ति होने का प्रमुख कारण यह है कि भारत में नागरिक उड्डयन में संप्रति इंडिगो का वर्चस्व है। घरेलू मार्केट में उसकी भागीदारी 65 प्रतिशत है, जबकि एयर इंडिया तथा अन्य का शेयर क्रमशः 30 और पांच फीसद है। घरेलू उड्डयन में इंडिगो का एकाधिकार पिछली दहाई की देन है। सन 2014 के घरेलू उड़ानों के परिदृश्य की बात करें तो इंडिगो की भागीदारी तब मात्र 30 प्रतिशत थी। तब एयरइंडिया और स्पाइस जेट




18-18 प्रतिशत, गो एयर नौ फीसद, जेट एयरवेज 21 फीसद, एयर एशिया एक फीसद और अन्य तीन फीसद भागीदारी रखते थे, लेकिन बीते दशक में इंडिगो ने खूब छलांगें भरी और देखते ही देखते अन्य एयरलाइन्स को विस्थापित कर घरेलू आसमान पर कब्ज़ा कर लिया। फर्ज कीजिये कि घरेलू विमानन का परिदृश्य एक दहाई पहले जैसा होता तो यकीनन वैकल्पिक उड़ानों की उपलब्धता के चलते विमान यात्रियों की इतने बड़े संकट का सामना नहीं करना पड़ता। प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि भारत में नागरिक विमानन का यथार्थ अमेरिका व विकसित राष्ट्रों से सर्वथा भिन्न है। अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस या अन्य यूरोपीय देशों में किसी निजी एयरलाइंस का शेयर औसतन 20 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

इंडिगो निर्विवादतः आज भारत की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन है। यह प्रतिदिन करीब 2300 उड़ानें संचालित करती है। गत वर्ष लगभग 11.8 करोड़ यात्रियों ने इसमें उड़ान भरी थी। इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड का यह उपक्रम सफलता के मान से अग्रणी है। इसके संस्थापक राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल हैं तथा इसका मुख्यालय हरियाणा में गुरुग्राम में है। इसकी स्थापना सन् 2006 में हुई थी और इसने उसी वर्ष परिचालन भी प्रारंभ किया। कंपनी के 51 प्रतिशत स्टाक इंटरग्लोब और 48 प्रतिशत स्टाक गंगवाल की वर्जीनिया (यूएसए) स्थित कंपनी कैलम इंवेस्टमेंट्स के पास है। सन 2011 में इसे विदेशों में संचालन के लिए लाइसेंस मिला द्य इसने अंतर्राष्ट्रीय विमानन सेवा की शुरुआत सितंबर 2011 में दुबई-दिल्ली उड़ान से की। उल्लेखनीय बात यह है कि इसने प्रारंभिक दौर में प्रतिस्पर्धा में किंगफिशर को विस्थापित करने में कामयाबी पाई। इंटरग्लोब के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर और इंटरग्लोब एविएशन में प्रोमोटर तथा एमडी राहुल भाटिया के बिजनेस इंटरेस्ट ट्रैवल, होस्पिटैलिटि, लाजिस्टिक्स और टेक्नालाजी के इर्दगिर्द फैले हुए हैं। होस्पिटैलिटि में यह फ्रांसीसी दिग्गज एकार की सहयोगी है और दोनों भारत तथा विदेश में 30 से अधिक होटल संचालित करते हैं। इंडिगो गुरुग्राम में अपने कार्पोरेट दफ्तर के समीप एक रेस्त्रां भी चलाती है। राडार बॉक्स के मुताबिक आज इंडिगो विश्व में छठवीं व्यस्ततम एयर सेवा है। राहुल भाटिया और उनके उपक्रमों का नाम इलेक्टोरल-बॉन्ड्स से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने चार राजनीतिक दलों को 56 करोड़ रुपयों का बड़ा डोनेशन दिया था। उनके चंदे का बड़ा हिस्सा यानि करीब 31 करोड़ रुपये भारतीय जनता पार्टी के खाते में गये। तृणमूल कांग्रेस को 16.2 करोड़ रुपये, कांग्रेस को 5 करोड़ रुपये और एनसीपी को 3.8 करोड़ रुपये मिले। राहुल भाटिया ने स्वयं भी बीस करोड़ रुपये के बॉंड खरीदे थे। सहज ही समझा जा सकता है कि उन्होंने सर्वाधिक किसको उपकृत किया? यह ज्ञात तथ्य है कि बॉन्डस वित्तीय और राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करते हैं और इनसे कारोबार में नफा-नुकसान तय होता है। इस बीच इस आशय की खबर आई है कि इंडिगो-संकट जान-बूझकर पैदा किया गया है।

इंडिगो के पास 4551 पायलट हैं द्य सिर्फ 124 पायलटों की कमी है। अतः 2200 में से केवल 5 से 7 प्रतिशत उड़ानें प्रभावित होनी थी, लेकिन षड्यंत्रपूर्वक बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसल की गयी। यदि ऐसा है तो संकट प्राकृतिक नहीं, इंजीनियर्ड था। यानि प्राफिट को तरजीह दी गयी। एयर- लाइन पायलट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सैम थॉमस का कहना है कि मुनाफे को सुरक्षा के ऊपर रखा जा रहा है। दो साल पहले घोषित नियमों को वापस करवाने के लिये इंडिगो ने इतना बड़ा खेल खेला। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, आपराधिक कृत्य है।

एक और सन्दर्भ जो इंडिगो-संकट के परिप्रेक्ष्य में उभर कर सामने आया है, यह है कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 8 अक्टूबर, 25 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है और 25 दिसंबर से इंडिगो की नयी उड़ान सेवाओं के साथ यह उड़ान सेवाओं के लिए खुल जाएगा। लेकिन इस बीच इंडिगो के संकट से सारा गुड़ गोबर हो गया और मुमकिन है कि यह ऐलान टल जाए। इस बीच वैश्विक कारबार में धूमकेतु की तरह उभरे गौतम अदाणी उड्डयन के क्षेत्र में एंट्री कर चुके हैं। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स, लिमिटेड (एएएचएल) की स्थापना सन् 2019 में हो चुकी है। अडाणी ग्रुप ने अपना पहला कदम हवाई अड्डों में रखा है। उसने छह हवाई अड्डों- अहमदाबाद, लखनऊ, विशाखापतनम, मंगलूरू, जयपुर और गुवाहाटी स्थित हवाई अड्डों के संचालन, प्रबंधन और विकास का जिम्मा लिया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ उसका एतद् विषयक समझौता हो चुका है।

इंडिगो के जरिए उपजे संकट ने लोकसभा में प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चेतावनी को भी जेरे-बहस ला दिया है। राहुल ने तेरह माह पूर्व 'इंडियन एक्स्प्रेस' में इस बारे में लेख लिखा था। 'मैच फिक्सिंग एकाधिकार बनाम निष्पक्ष व्यापार : डर पर स्वतंत्रता को चुनने का समय' शीर्षक लेख में उन्होंने आर्थिक एकाधिकार और उसके खतरों की ओर संकेत किया था। वक्त की कसौटी पर उनकी चेतावनी खरी उतरी। इंडिगो - संकट ने आशंकाओं का कद बढ़ा दिया है। यह लांछन अपनी जगह है कि सरकार ने हवाई यात्रियों के हितों की रक्षा नहीं की द्य वरिष्ठ पत्रकार पुष्परंजन प्रश्न करते हैं कि आपदा प्रबंधन से एयरफोर्स का इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया, जबकि उसके पास सी 17 ग्लोबमास्टर और सी 130 सुपर हरकुलस हेलीकाप्टरों समेत छह बोइंग 737 का बेड़ा मौजूद है। इस बीच एक बड़ी और दूरगामी महत्त्व की घटना यह घटी है कि अडाणी समूह ने 820 करोड़ रुपयों में फ्लाइट ट्रेनिंग कंपनी फ्लाइट स्टीमुलेशन टेक्नीक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड (एफएसटी) खरीद ली है। आगामी समय में हवाई यातायात बढ़ेगा और नया हवाई बेड़ा भी जुड़ेगा।

## अध्यात्म

### अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र है



एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। निर्णय करने से पहले धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अपना निर्णय तो सुनाउंगा लेकिन यदि तुम दोनों अपने बारे में कुछ कहना चाहते हो तो मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो।

डाकू ने हमेशा हिंसक कर्म ही किए थे उसे इसका पछतावा भी हो रहा था अतः,

अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला सदैव सत्कर्म ही किए इसलिए आप कृपा कर मेरे लिए स्वर्ग के सुख-साधनों का शीघ्र प्रबंध करें।

धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली।

यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है।धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

उसी तपस्या में फल है, जो अहंकार रहित होकर की जाए अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र है और यही भविष्य में ईश्वर प्राप्ति का आधार बनता है झूठे दिखावे तप नहीं हैं, ऐसे लोगों की गति वही होगी जो साधु की हुई।

# बिहारः बेलगाम अपराधों का बढ़ता साया

**बिहार में नई सरकार के गठन को अभी अधिक समय नहीं हुआ है, लेकिन जिस रफ्तार से अपराध की घटनाएँ सामने आ रही हैं, उसने राज्य में एक बार फिर कानून-व्यवस्था की स्थिति को कठघरे में खड़ा कर दिया है। चुनावी मंचों से बार-बार यह दावा किया गया था कि बिहार अब अपराधमुक्त होगा, जंगलराज अतीत की बात हो चुका है, और नई सरकार अपराधियों पर ऐसा शिकंजा कसेगी कि वे खुद राज्य छोड़कर भागेंगे। मगर सत्ता संभालते ही कुछ ही हफ्तों में जिस तरह की घटनाएँ घटी हैं, उन्होंने इन दावों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठा दिए हैं। ऐसा लगता है कि राज्य में प्रशासनिक तंत्र कमजोर पड़ रहा है और अपराधी खुलेआम अपनी मनमरज़ी करने लगे हैं।**

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

कानून का भय, जो किसी भी राज्य की शांति और स्थिरता का आधार होता है, वह लगातार क्षीण होता दिखाई दे रहा है। अररिया में एक युवा शिक्षिका की दिनदहाड़े हत्या ने सभी को झकझोर कर रख दिया। एक महिला, जो अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर बच्चों को पढ़ाने विद्यालय जा रही थी, उसे बीच सड़क पर रोककर गोली मार दी गई। न केवल यह घटना अपने आप में भयावह है, बल्कि यह तथ्य कि शिक्षिका को लगातार धमकियाँ मिल रही थीं, राज्य की कानून-व्यवस्था पर और भी गहरे सवाल उठाता है। जब एक शिक्षिका जिसे समाज का दीपक माना जाता है, खुद अपनी सुरक्षा के लिए असुरक्षित महसूस करे, तो यह समझना कठिन नहीं कि आम लोगों के मन में किस हद तक दहशत व्याप्त होगी।

नीतीश कुमार की सरकार हमेशा से खुद को महिला हितैषी बताती आई है। साइकिल योजना से लेकर कन्या उत्थान कार्यक्रमों तक, महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा को उसकी प्राथमिकता बताया जाता रहा है। लेकिन जब धरातल पर महिलाओं की सुरक्षा ही लगातार सवालों के घेरे में हो, जब महिलाएँ सड़कों पर दिनदहाड़े निशाना बन रही हों, और जब अपराधी लगातार प्रशासन की नाक के नीचे वारदातों को अंजाम दे रहे हों, तब ऐसे दावों की विश्वसनीयता खुद ही ढहने लगती है। राज्य के नए गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कुछ दिन पहले कहा था कि 'बिहार अपराधियों के लिए नहीं है, और अपराधियों को राज्य छोड़कर जाना होगा।' परंतु अपराधियों की वर्तमान गतिविधियाँ इस बयान का खुला मज़ाक उड़ाती प्रतीत होती हैं। पिछले पंद्रह दिनों में ही बिहार में पैंतालीस से अधिक हत्याएँ दर्ज की गईं, यह आँकड़ा दिखाता है कि अपराधी किस हद तक निडर हो चुके हैं। चाहे पटना हो या गया, सीवान हो या मुजफ्फरपुर, अररिया हो या भागलपुर, हर जगह अपराधियों ने पुलिस-प्रशासन के लिए चुनौती खड़ी कर दी है।

राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार के दौरान जिस 'जंगलराज' का हवाला देकर जनता को चेताया था, वही जंगलराज अब नए रूप में सिर उठाता दिख रहा है। अपराध का ग्राफ जिस तेजी से ऊपर जा रहा है, वह यह संकेत देता है कि प्रशासनिक ढाँचे में कुछ न कुछ बहुत गंभीर खामी है। पुलिस बल का कमजोर मनोबल, खुफिया तंत्र का असफल होना, राजनीतिक संरक्षण की सम्भावनाएँ और त्वरित कार्रवाई का अभाव- ये सभी कारण अपराधियों को और अधिक शक्तिशाली बनाते हैं।बिहार में अपराध की समस्या नई नहीं है। लंबे समय तक राज्य अपहरण उद्योग, रंगदारी और गैंगवार के लिए बदनाम रहा। लेकिन पिछले दो दशकों में कुछ सुधार देखने को मिले थे। कानून का शासन मजबूत हुआ था, और आम लोगों में यह भरोसा पैदा हुआ था कि अपराधी चाहे कितना ही ताकतवर क्यों न हो, कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएगा। यही कारण था कि सुशासन का नारा बिहार की राजनीति में लंबे समय तक प्रभावी रहा। लेकिन आज जब उसी सुशासन की बात करने वाली सरकार पर ही अपराध रोक पाने में असफल रहने का आरोप लग रहा है, तो यह स्थिति और भी चिंताजनक बन जाती है।

अपराध की बेलगाम बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हो सकते हैं। सबसे पहले तो प्रशासनिक मशीनरी का सक्रिय न होना या उसका समय पर प्रतिक्रिया न देना। अपराध की घटनाओं के बाद अक्सर कार्रवाई की बातें तो खूब सुनाई देती हैं, लेकिन अपराधियों की धर-पकड़ में वह तत्परता नजर नहीं आती, जो एक मजबूत प्रशासन की पहचान होती है। दूसरा कारण राजनीतिक हस्तक्षेप का हो सकता है। कई बार स्थानीय स्तर पर अपराधियों को संरक्षण मिलता है, जिससे कानून-व्यवस्था और भी कमजोर होती है। तीसरा कारण पुलिस बल की कमी और संसाधनों की सीमितता है। जब एक पुलिसकर्मी पर अत्यधिक भार हो, जब चौकसी उचित स्तर पर न हो, जब तकनीकी संसाधनों की कमी हो, तो अपराधी स्वाभाविक रूप से साहसिक होते जाते हैं। परंतु अपराध की समस्या केवल पुलिस और प्रशासन की विफलता का परिणाम नहीं होती। यह सामाजिक व्यवस्था, राजनीतिक संस्कार और शासन की संवेदनशीलता का भी दर्पण होती है। बिहार की राजनीति लंबे समय से जातीय समीकरणों और व्यक्तिगत वफादारियों पर टिकी रही है। अपराधी अक्सर इन समीकरणों का फायदा उठाते हैं- कभी किसी जातीय समूह का समर्थन लेकर, कभी किसी स्थानीय नेता की कृपा से। ऐसे में यह जरूरी है कि सत्ताधारी दल कानून-व्यवस्था को राजनीतिक चश्मे से न देखकर, केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से देखे।

आज जरूरत इस बात की है कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की जाए। केवल बयानबाजी से अपराध रुकने वाला नहीं है। पुलिस प्रशासन को आधुनिक तकनीकों से लैस करना होगा, उनकी संख्या बढ़ानी होगी, और साथ ही उनकी जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। खुफिया तंत्र को मजबूत करना होगा, ताकि अपराध होने से पहले ही उसका सुराग मिल सके। त्वरित कार्रवाई, फास्ट-ट्रैक अदालतें और दोषियों को कठोर सजा- ये सभी कदम मिलकर अपराध के बढ़ते ग्राफ को रोक सकते हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष पहल जरूरी है।

बिहार जैसे राज्य में, जहाँ महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में भागीदारी बढ़ी है, वहाँ उनकी सुरक्षा को सर्वोपरि रखना आवश्यक है। स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं, कामकाजी महिलाओं, ग्रामीण इलाकों की महिलाओं- सभी के लिए सुरक्षित वातावरण राज्य की प्राथमिकता होनी चाहिए। अररिया की शिक्षिका की हत्या केवल कानून-व्यवस्था की असफलता नहीं, बल्कि महिला सम्मान पर सीधा प्रहार है। यह घटना याद दिलाती है कि अगर समाज के सबसे संवेदनशील और जिम्मेदार वर्ग शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित न हो सके, तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे गारंटी की जा सकती है? चुनावों के दौरान विपक्ष पर जंगलराज का आरोप लगाने वाले दल आज सत्ता में हैं। इसलिए यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपराध की हर एक घटना पर संवेदनशीलता के साथ प्रतिक्रिया दें, न कि केवल औपचारिक बयान जारी करें। जनता ने उन्हें सुरक्षा और स्थिरता के वादे पर वोट दिया है। यदि अपराध इसी गति से बढ़ता रहा, तो जनता का विश्वास डगमगाने लगेगा। लोकतंत्र में सरकार की विश्वसनीयता ही उसकी सबसे बड़ी पूँजी होती है, और बेलगाम अपराध उस पूँजी को क्षय कर देता है।

बिहार को एक बार फिर उस मोड़ पर नहीं पहुँचना चाहिए, जहाँ लोगों को रात में घर से निकलने से डर लगे, जहाँ कारोबारियों को रंगदारी और डर के साए में रहना पड़े, जहाँ महिलाएँ खुद को असुरक्षित महसूस करें और जहाँ युवा, विकास के बजाय हिंसा और भय की छाया में अपने सपने दम तोड़ दें। एक राज्य तभी प्रगति कर सकता है जब वह अपने नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दे सके। कानून-व्यवस्था किसी भी सरकार का आधार स्तंभ होता है; अगर वही चरमराने लगे, तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सब कुछ प्रभावित होता है। इसलिए अब वक्त है कि बिहार सरकार बेलगाम अपराध पर कठोर कदम उठाए। अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि राज्य में कानून सर्वोपरि है और किसी भी अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केवल राजनीतिक बयान, उद्घाटन भाषण और धरातल से कटे वादों से नहीं, बल्कि वास्तविक कठोर कार्रवाई से ही बिहार फिर से सुशासन की राह पर लौट सकता है।

## आज का कार्टून

इंडिगो के शेयर कैश, स्पाइस जेट ने भरी उड़ान




## राशिफल

**मेष**
रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**वृषभ**
आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुये नये कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे।

**कर्क**
रुके हुये कार्य प्रारम्भ हो सकते हैं। नये व्यापारिक अनुबन्ध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता का आशीर्वाद लेना उत्तम होगा।

**सिंह**
महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिये टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी।

**कन्या**
फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिये दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी।

**तुला**
आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**वृश्चिक**
आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिये। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय अधिक व्यर्थ करेंगे।

**धनु**
आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी इसीलिये बिना माँगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नया कार्य आरम्भ करने से बचें।

**मकर**
आपके प्रेम सम्बन्ध अत्यन्त मधुर रहने वाले हैं। सामाजिक सम्पर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**कुंभ**
आज आपका दिन अत्यन्त व्यस्त रहेगा। पैतृक सम्पत्ति के मामलों के उलझने की सम्भावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन**
अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें। बच्चे बुजुर्गों का सानिध्य पसन्द कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में स्व. शक्ति कुमार नेगी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में गुरुवार को स्व. शक्ति कुमार नेगी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे संस्करण का भव्य शुभारंभ किया गया। यह टूर्नामेंट बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के दिवंगत छात्र शक्ति कुमार नेगी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिनका कोविड काल में निधन हो गया था । कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह, महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद तथा छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा ने किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने मैदान में उतरकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा बल्लेबाजी और गेंदबाजी में हाथ आजमाया। टूनार्मेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं—प्रोफेसर 11, यूनाइटेड 11, इलीट वॉरियर्स, 22 ब्लास्टर्स, डिस्ट्रॉयर, राइजिंग चैंपियंस, इमर्जिंग 25 और स्टाफ 11। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा टूर्नामेंट ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि यह टूनार्मेंट न सिर्फ खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करेगा बल्कि स्व. शक्ति कुमार नेगी की स्मृति को भी जीवंत रखेगा।



### बिहार ग्रामीण बैंक की समीक्षात्मक बैठक में मुख्य अतिथि होंगे प्रत्यय अमृत

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज दिनांक 12.12.2025 को बिहार ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, पटना द्वारा होटल चाणक्या, पटना में बैंक की कुल उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। प्रस्तावित बैठक की जानकारी देते हुए बैंक के अध्यक्ष माननीय श्री मुकुल सहाय ने बताया कि कार्यक्रम में श्री प्रत्यय अमृत (मुख्य सचिव, बिहार सरकार) की मुख्य अतिथि के तौर पर गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। बीजीबी के अध्यक्ष श्री सहाय ने कहा कि भारत सरकार के 'एक राज्य - एक बैंक' की नीति के तहत बिहार ग्रामीण बैंक के गठन पश्चात श्री प्रत्यय अमृत (मुख्य सचिव, बिहार सरकार) की उपस्थिति में प्रस्तावित बैठक से बैंक की कुल उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर हुई चर्चा से संपूर्ण बैंक की गतिविधियों एवं व्यवसाय पर सकारात्मक परिणाम हासिल होगें।




### धनबाद इंटरसिटी ट्रेन 15 मिनट तक ट्रेन बाधित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार के दिन धनबाद से पटना जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस बाढ़ के प्लेटफार्म संख्या तीन पर 3:58 पर आकर खड़ी हुई और 2 मिनट के बाद ट्रेन रवाना हो गई लेकिन असामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा ट्रेन का जंजीर खींच दिए जाने के चलते करीब 15 मिनट तक ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रही। इस दौरान ट्रेन के जंजीर को ठीक करने के लिए उद्घोषणा होती रही बड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन को खुलवाया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के पुलिस पदाधिकारी भाग दौड़ करते नजर आए बताते चलें कि बाहर बाढ़ स्टेशन पर शराब माफिया और सामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा नियमित ट्रेन का जंजीर खींचकर ट्रेन को बाधित किया जाता है। रेल पुलिस या फिर रेलवे सुरक्षा बन के जवान इसके रोकथाम के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

### सीएनजी ऑटो सड़क पर पलटा, कई लोग जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के जलगोबिंद गांव के पास अथमलगोला बाजार से बाढ़ की तरफ आ रही सीएनजी एक सड़क पर दौड़ रहे एक कुत्ते को बचाने के फिराक में अचानक अपना नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते सीएनजी ऑटो सड़क पर पलटगई जिसमें आगे बैठे गोलू कुमार लहरिया टोला निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया माथा और पांव में गंभीर रूप से चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद घायल को पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य दो-तीन लोगों को हल्की चोटें लगी थी। जिसका इलाज आसपास के नर्सिंग होम में कराया गया। वहीं घटना के बाद ऑटो को छोड़कर ऑटो चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के तरौना गांव में गुरुवार की सुबह सड़क पर खेल रहे 5 वर्षीय बच्चा सत्यम कुमार पिता सुधन कुमार अचानक एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बच्चे के माथे पहिए के नीचे चले जाने के चलते बच्चे की हालत घटनास्थल पर ही बिगड़ गई। ग्रामीणों के द्वारा जल्दबाजी में उसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। कई घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करने के बाद आखिरकार परिजन मोटरसाइकिल पर बच्चों की लाश लेकर अपने गांव की ओर चल दिए। बाद में पुलिस बच्चों के लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद बच्चों की लाश परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### ट्रेन से गिरकर जख्मी हुए युवक संदेह के घेरे में

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बाजितपुर मोहल्ला निवासी राम नंदन दास के पुत्र रविकांत राज बुधवार की देर रात्रि अपने दोस्तों के साथ मोकामा के लिए निकले थे तभी मोकामा रेलवे स्टेशन पर उतरने के दौरान वह ट्रेन से गिरकर की गंभीर रूप से जख्मी हो गया। रेल पुलिस के देखरेख में उसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में इलाज करने के लिए भर्ती कराया गया। युवक के पास से मोबाइल, चार्ज और अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान युवक संदेश के घेरे में होने के चलते मोकामा और बाढ़ रेल पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गए हैं। युवक का मोबाइल अपने कब्जे में लेकर पुलिस छानबीन कर रहे हैं। फिलहाल युवक को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है।

### जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त का इमारते शरिया

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ में बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त सूफी गुलाम रसूल ने ईमारत शरिया का दौरा किया.उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस संस्था को देखने की इच्छा थी, जो आज पूरी हुई. सेवाओं, व्यवस्था और अनुशासन को देखकर वे प्रभावित और भावुक हुए. उन्होंने ईमारत शरिया को देश की एक विशिष्ट और अनुकरणीय संस्था बताया. नाज़िम मौलाना मुफ्ती सईद-उर-रहमान कासमी ने अतिथियों को संस्था के सौ वर्ष से अधिक पुराने इतिहास, कल्याणकारी सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी और विभिन्न विभागों की गतिविधियों की जानकारी दी.



# फुलवारीशरीफ में पेंटर की ईंट से सर कुचल कर हत्या

**टम टम पड़ाव मजार के पास पानी भरे गड्ढे में मिली लाश • 2 साल पहले फुलवारी वाला घर बेचकर परिवार चला गया था जहानाबाद**



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टमटम पड़ाव स्थित मखदूम साहब के मजार के सामने पानी भरे गड्ढे के पास मंगलवार देर रात 25 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान बीबी गंज, जहानाबाद निवासी महताब आलम के रूप में हुई है, जो पेंटर का काम करता था. स्थानीय लोगों के अनुसार, महताब का ननिहाल फुलवारी शरीफ के कचहरी मोहल्ला में है, जहां वह लंबे समय तक परिवार के साथ रहता था. करीब दो साल पहले अचानक उसके परिवार ने फुलवारी वाला घर बेच दिया था और जहानाबाद शिफ्ट हो गया था. बुधवार सुबह महताब का शव पानी भरे गड्ढे के किनारे क्षत-विक्षत हालत में मिला. पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है. महताब मंगलवार शाम अपनी मां के साथ इलाज कराने के लिए मखदूम साहब के मजार आया था. इलाज के बाद उसने मां से कहा कि वह कुछ देर यहीं रुकेगा और उन्हें घर जाने को कहा. मां थोड़ी देर बाद लौटी तो वह वहां नहीं मिला. रातभर खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला. बुधवार सुबह गड्ढे के पास उसका लहूलुहान शव मिला. उसके सिर को ईंट से बुरी तरह कुचल दिया गया था और शरीर पर धारदार हथियार से कई गहरे वार किए गए थे. हत्या के बाद शव को पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया गया था. घटनास्थल से पुलिस को एक जोड़ी चप्पल भी बरामद हुई है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. जांच में यह जानकारी सामने आई कि देर रात महताब मजार के आसपास टहल रहा था. आशंका है कि उसी दौरान कुछ युवकों ने उसे दबोच लिया और कब्रिस्तान के भीतर ले जाकर उसकी हत्या कर दी. घटना के बाद मौके पर डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंची. खोजी कुत्ते ने बरामद चप्पल को सूंघते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक का रास्ता तय किया. हालांकि वहां से क्या मिला, इस बारे में पुलिस ने कोई जानकारी साझा नहीं की है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी नीरज कुमार झा ने बताया कि पुलिस अधिकारी खोजी कुत्ते के साथ केंद्र पहुंचे थे और चारों ओर जांच की गई. पुलिस को पिछले 24 घंटे की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा दी गई है. सीटीएसपी पश्चिम ममता कल्याणी ने बताया कि फुलवारी शरीफ थाना पुलिस को देर रात शव मिलने की सूचना मिली थी. घटनास्थल से ईंट-पत्थर के कई साक्ष्य मिले हैं, जिससे प्रतीत होता है कि युवक की हत्या इन्हीं वस्तुओं से सिर कुचलकर की गई है. एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए हैं. थानाध्यक्ष फुलवारी शरीफ गुलाम शहबाज आलम ने बताया कि हत्यारों की तलाश तेज कर दी गई है. आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है. उन्होंने यह भी कहा कि दो साल पहले जब महताब फुलवारी में रहता था, तब उसके किसी से विवाद, रंजिश या झगड़े की जानकारी अब तक सामने नहीं आई है. सभी पहलुओं पर जांच जारी है.

## कुख्यात नशा विक्रेता सौरभ कुमार 50 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है. थाना क्षेत्र के कुख्यात पुराने नशा सौदागर और सक्रिय विक्रेता सौरभ कुमार को पुलिस ने 50 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है. गुप्त सूचना पर की गई इस कार्रवाई से इलाके में नशा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है. सूत्रों के अनुसार, फुलवारी शरीफ थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि उत्तरी संगत स्थित अन्य टोली गली के पास नशे का अवैध सौदा होने वाला है. सूचना की पुष्टि के बाद एक टीम को मौके पर भेजा गया, जहां से सौरभ कुमार को दबोच लिया गया. तलाशी के दौरान उसके पास से 50 पुड़िया स्मैक बरामद की गई. फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि "गुप्त सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी सौरभ कुमार को पकड़ा गया है. उसके पास से 50 पुड़िया स्मैक बरामद हुई है. यह व्यक्ति काफी समय से नशे की बिक्री में सक्रिय था और उस पर पहले भी निगरानी रखी जा रही थी." थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि नशे के खिलाफ फुलवारी शरीफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है और किसी भी हालत में नशा कारोबार को बढ़ने नहीं दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध धंधों में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह नशे की पुड़िया कहाँ से लाता था और किन लोगों को सप्लाई करता था. मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

## भारतीय मानक ब्यूरो ने किया संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मानक ब्यूरो पटना शाखा कार्यालय द्वारा रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत के वरिष्ठ अधिकारियों (अभियंताओं) वर्कशॉप के सभी सेक्शन के प्रभारी अभियंताओं के लिए दिनांक 11 दिसंबर 2025 को वर्कशॉप स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में एक जागरूकता/संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य संबंधित भारतीय मानकों की जानकारी बढ़ाना, मानकीकृत प्रक्रियाओं को अपनाने को प्रोत्साहित करना तथा गुणवत्ता, प्रमाणन एवं मानकीकरण से जुड़े आवश्यक पहलुओं के प्रति अधिकारियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में लगभग 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10:30 से 11:00 बजे तक पंजीकरण से हुई। इसके पश्चात रेलवे विभाग के मुख्य यांत्रिक अभियंता द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। उद्घाटन सत्र में श्री चंद्रकेश सिंह, निदेशक, बीआईएस पटना द्वारा उद्घाटन भाषण एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने रेलवे संचालन में सुरक्षा, विश्वसनीयता एवं दक्षता सुनिश्चित करने में मानकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इसके बाद उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, रेलवे विभाग द्वारा संबोधन दिया गया। अगले सत्र में श्री सुधांशु कुमार, उप निदेशक, इक्र ने भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिकाओं, कार्यों एवं प्रमुख पहलों से संबंधित विस्तृत इक्र अवलोकन प्रस्तुति दी।

**तकनीकी सत्र में बीआईएस मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रस्तुतियाँ दी गईं**



श्री विशाल कुमार राणा, उप निदेशक ने रेलवे कंपोनेंट्स, वेल्डिंग, मशीनरी, मटेरियल और संचालन से संबंधित प्रासंगिक भारतीय मानकों में नवीनतम अद्यतनों पर प्रस्तुति दी। अमन धनावत, उप निदेशक ने वर्कशॉप संचालन में मानकीकरण एवं प्रमाणन के महत्व पर विस्तृत सत्र प्रस्तुत किया। एक अन्य वर्चुअल सत्र में वर्कशॉप संचालन में 'क्वॉलिटी अबव' की अवधारणा को शामिल करने पर जोर दिया गया, जिससे कार्यबल में गुणवत्ता-चेतना को बढ़ावा मिल सके। इसके पश्चात श्री विजय कुमार गोरव, संयुक्त निदेशक, ने प्रबंधन प्रणाली प्रमाणने एवं संगठनात्मक सुधार में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उसके बाद श्री प्रशांत तिवारी, एसपीओ द्वारा स्टैण्डर्ड प्रमोशन गतिविधियों से संबंधित सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजित ओपन हाउस सत्र में प्रतिभागियों को प्रश्न पूछने, सुझाव देने तथा खुली चर्चा करने का अवसर प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को श्री चंद्रकेश सिंह, निदेशक, इक्र पटना से सीधे संवाद करने तथा अपने प्रश्नों के संतोषजनक एवं सारगर्भित उत्तर प्राप्त करने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ, जिससे सत्र अत्यंत उपयोगी एवं समृद्ध हुआ। कार्यक्रम ने वरिष्ठ अधिकारियों को मानकीकरण, प्रमाणन एवं गुणवत्ता प्रणालियों के महत्त्व से सफलतापूर्वक अवगत कराया तथा बीआईएस और रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत के मध्य मानक-आधारित संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में सहयोग को और मजबूत किया। अंत में सहायक वर्कशॉप प्रबंधक, रेलवे विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# राज्यपाल ने किया आईआईटी पटना में 14वें इंटर-आईआईटी टेक मीट का शुभारंभ

**आत्मिक एकता, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर**



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईआईटी पटना में सोमवार को देश के 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों से आए युवा नवप्रवर्तकों, तकनीकविदों और शोधकर्ताओं के विशाल समागम 14वें इंटर-आईआईटी टेक मीट का भव्य उद्घाटन बिहार के माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने दीप प्रज्वलन कर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने प्रेरक संबोधन में माननीय राज्यपाल ने मानव अस्तित्व की आध्यात्मिक और भौतिक दोहरी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संसार विविधताओं से भरा है।परंतु आत्मा सबमें समान और शाश्वत है। उन्होंने कहा, हम सबका शरीर, रूप-रंग और बाहरी पहचान अलग-अलग है, लेकिन हमारी आत्मा अजर, अमर और शाश्वत है। विविधता प्रकृति का नियम है, इसका सम्मान करें और इसे हृदय से स्वीकार करें। उन्होंने युवाओं को एकात्मता और करुणा की भावना विकसित करने का संदेश देते हुए कहा हम सभी एक आध्यात्मिक सूत्र में बंधे हैं-एकमता। मेरी पहचान मेरा रंग, भाषा या आस्था नहीं, बल्कि मेरी आत्मा है। जब हम इस एकता को पहचानते हैं, तो करुणा अपने आप जन्म लेती है। राज्यपाल ने इस आयोजन को प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप युवाओं के लिए राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय योगदान का सशक्त अवसर बताया और सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. ए. के. ठाकुर, डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. जिम्सन मैथ्यू, डॉ. अरविंद कुमार झा तथा आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रो. टी. एन. सिंह ने इंटर-आईआईटी टेक मीट को देशभर के शीर्ष तकनीकी मस्तिष्कों का संगम बताते हुए कहा, यह आयोजन 23ों आईआईटी के छात्र नवप्रवर्तकों, शोधकर्ताओं और तकनीकविदों को एकजुट करता है और अत्याधुनिक अनुसंधान तथा नवाचार का प्रमुख मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का टेक मीट अपने अब तक के सबसे वृहत रूप में आयोजित हो रहा है, जिसमें 2,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। इनमें से 1,700 से अधिक छात्र आईआईटी पटना परिसर में ऑफलाइन प्रस्तुतियों, तकनीकी प्रदर्शनों और प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। इस संस्करण की थीम 'रेजोनेटिंग कैस्केड्स' है, जो सामूहिक नवाचार और तकनीकी प्रगति के दूरगामी प्रभावों को दर्शाती है। आयोजन में 26 विविध तकनीकी प्रतियोगिताएं और चुनौतियां शामिल हैं, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्पेस सिस्टम, सतत विकास, स्मार्ट मोबिलिटी, उन्नत सामग्री, साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स और हेल्थकेयर इंजीनियरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों से सम्बंधित वास्तविक समस्याओं पर आधारित प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्रतिभागी इन समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करेंगे।

## फुलवारी में मुठभेड़ः रंगदारी के दो आरोपी से पुलिस की भिड़ंत

**एक बदमाश के पैर में गोली, दूसरा दबोचा गया**

**ऑपरेशन लंगड़ा जारीः 34 दिनों में चौथा एनकाउंटर**





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में ह्यऑपरेशन लंगड़ाह्न के तहत पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है. रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों से जानीपुर थाना पुलिस की गुरुवार तड़के बग्घा टोला के पास नहर किनारे मुठभेड़ हो गई. पुलिस को देखते ही दोनों अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश राकेश कुमार के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा. उसका साथी रंजन कुमार रोशन भागने लगा तो पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया. मौके से दो पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है. गोली लगने वाला अपराधी राकेश कुमार पिपरा का निवासी है, जबकि पकड़ा गया रंजन कुमार रोशन नदी थाना क्षेत्र के सबलपुर, पटना सिटी का रहने वाला है. घायल राकेश को पुलिस ने एम्स पटना में भर्ती कराया है जहाँ उसका इलाज चल रहा है. घटना की सूचना मिलते ही सीनियर एसपी कार्तिकेय शर्मा मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि दोनों अपराधी जानीपुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर निवासी बैंक कर्मी अनिरुद्ध कुमार सिंह से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांग रहे थे. बैंक कर्मी को डराने के लिए दोनों फायरिंग करने निकले थे. सूचना के आधार पर पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी थी. गुरुवार तड़के पेट्रोलिंग टीम नहर वाले रास्ते से गुजर रही थी तभी दोनों बदमाश बाइक से आए और पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी. पुलिस ने ललकारा लेकिन वे नहीं रुके. जवाबी कार्रवाई में राकेश के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया. मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन कराया जा रहा है. फुलवारी शरीफ, जानीपुर, नौबतपुर, खगौल सहित कई थानों की पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया.

## पांचवे दिन अनुमंडल प्रशासन का अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, वसूला जुर्माना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर पांचवे दिन गुरूवार को अनुमंडल प्रशासन के सहयोग से छावनी परिषद व नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद छावनी परिषद व नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग बस पडाव से राम जानकी मंदिर मोड और नप प्रशासन गोला रोड मोड से गोला रोड टी प्वाइंट तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. अभियान के बाद सडकां चौडी नजर आने लगा है. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच रहा . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों , गुमटी व पक्का ओटा को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 5 हजार 700 रुपए जुर्माना वसूला गया है. जबकि यातायात पुलिस ने 40 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला गया है.

# राम मनोहर लोहिया खेल क्लब भवन का विधान पार्षद ने किया शिलान्यास, खेलकूद से ग्रामीण बच्चों को मिलेगा बढ़ावा





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को पुरुषोत्तमपुर पेनाठी की गांव में डॉ राम मनोहर लोहिया खेल क्लब भवन का शिलान्यास जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधान परिषद सदस्य रविंद्र कुमार सिंह विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जिस तरह बिहार को विकास की ऊंचाई पर ले जाने का काम किया गया है। इसी तरह ग्रामीण परिवेश के बच्चों को खेल कूद में बढ़ावा मिलेगा। अच्छे खेलने पर स्टेट लेवल और नेशनल लेवल पर बच्चे खेलेंगे। इससे ग्रामीण बच्चों के खेलकूद और शिक्षा विशेष ध्यान दे पाएंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए पूरी तत्परता के साथ नीतीश कुमार लगातार जुटे हैं। इसके अलावे जदयू नेत्री सविता नटराजन पंचायत के मुखिया विनय कुमार विभूति, समाजसेवी मोहम्मद नसीमुद्दीन व अन्य लोगों ने संबोधित किया। स्थानीय लोगों ने बन रहे इंटरनेशनल हवाई अड्डे का नाम स्वतंत्रता सेनानी मौलाना मजदूरुल हक के नाम पर रखने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद नसीमुद्दीन और अध्यक्षता मुखिया विनय कुमार विभूति ने की। मौके पर सबिता नटराजन मनेर विधानसभा प्रभारी जदयू, प्रखण्ड अध्यक्ष राजू यादव, जदयू नेता मो.शहाबुद्दीन अजय कुमार पिन्टू कुमार आदि थे।

### सभी मतदाताओं को अपने वोट का प्रयोग अवश्य करना चाहिएः हजरत अमीर शरीयत

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमारत ए शरिया, बिहार, ओडिशा और झारखंड के अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय कर्तव्य है. उन्होंने अपील की कि प्रत्येक मतदाता अपने वोट का प्रयोग अवश्य करे क्योंकि एक-एक वोट से सरकार बनती और बदलती है. हजरत अमीर शरीयत ने कहा कि देश में तेजी से बदलते हालात में नेक चरित्र, धर्मनिरपेक्ष और न्यायप्रिय प्रतिनिधियों का चुनाव अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि वोट देना न सिर्फ राष्ट्रीय बल्कि मुसलमानों के लिए एक धार्मिक जिम्मेदारी भी है ताकि ऐसे प्रतिनिधि चुने जाएं जो सभी नागरिकों के साथ समानता और निष्पक्षता के साथ कार्य करें.

# दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल में दो माह से बंद चल रही आल्ट्रासांउड जांच

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक का तबादला होने से पिछले दो माह से आल्ट्रासाउंड जांच बंद पडा हुआ है.जिसके कारण यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों, खासकर गर्भवती महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अस्पताल में आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद यह सुविधा मरीजों को नहीं मिल पा रही है. रोजाना 40 से 45 गर्भवती महिलाएं इलाज के लिए इस अस्पताल में आती हैं और अक्सर उन्हें डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी जाती है.अनुमंडलीय अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क आल्ट्रासांउड जांच की सुविधा उपलब्ध था. अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक डा बलराम का आईजीआईएमएस और महिला रेडियोलॉजिस्ट का भी तबादला हो गया है . जिसके वजह से अनुमंडलीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली हो गया है. इस वजह से अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला लटका हुआ है. गर्भवती महिलाओं की जांच तक नहीं हो पा रही है.चिकित्सक ने अल्ट्रासाउंड कराने को कहा, लेकिन अस्पताल में जांच बंद होने की बात कहकर उन्हें बाहर से कराने को मजबूर किया गया.जब बाहर से करा कर वह रिपोर्ट लेकर वापस आई, तब तक ओपीडी का समय समाप्त हो चुका था और उन्हें अगले दिन आने को कहा गया. मरीज भी इसी तरह महंगे निजी क्लीनिकों में जांच कराने को मजबूर हैं. जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है. अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा नीभा मोहन ने बताया कि अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक का तबादला हो गया है. जिसको लेकर सिविल सर्जन से अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक का पदस्थापित करने की मांग किया गया है. परंतु अभी तक रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक का अस्पताल में प्रतिनियुक्त नही किया गया है.इस संबंध में कृषि मंत्री सह स्थानीय विधायक रामकृपाल यादव ने बताया कि जल्द ही अस्पताल का निरीक्षण किया जायेगा और आल्ट्रासाउंड मशीन को मरीजों के लिए चालू किया जायेगा.

## संक्षिप्त समाचार

### ठगों ने 62 हजार रुपए की ठगी

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एटीएम से ठगी कर फरार हो गए साइबर गैंग के अपराधी, हुआ यूं कि आदापुर प्रखंड के माधी बरवा गांव निवासी बिरेंद्र प्रसाद यादव रक्सौल मार्केटिंग करने गए थे जहां पैसे के कमी के कारण वे में रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से पैसा निकालने पहुंचे जहां दो युवक पहले से जमे हुए थे,जो जल्दी वाजी का बात करते हुए एटीएम कार्ड बदल दिया और पीन देख लिया,और मौके से रफूचक्कर हो गए,कुछ देर बाद से इनके मोबाइल पर से मैसेज आना शुरू हो गया,चार बार दस हजार और पांचवें बार बाइस हजार की निकासी कर ली गई, शिकायत कर्ता ने रक्सौल थाने में शिकायत दर्ज कराई है थाना ध्यक्ष अभिषेक कुमार ने इस मामले की तहकीकात में जांच करने की बात कहीं।

### ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कौरुधौरु गांव के युवकों ने जख्मी युवक को आनन फानन में बाइक पर लादकर मांझी सीएचसी पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। जख्मी युवक के साथ मौजूद उसकी छोटी बहन चांद तारा ने बताया कि वे लोग सपरिवार अजमेर शरीफ से गरीब नवाज एक्सप्रेस पर सवार होकर छपरा आ रहे थे इसी दौरान ट्रेन से उतरने हेतु गेट के पास अपना सामान एकत्रित करते समय युवक अनियंत्रित होकर ट्रेन से नीचे गिर गया। जख्मी की बहन ने बताया कि वे लोग सिवान जिले के सीपौर गांव के निवासी हैं तथा जख्मी युवक का नाम नूर हसन अंसारी है। बाद में चिंताजनक स्थिति में जख्मी युवक को छपरा रेफर कर दिया गया।

### रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में चोरी

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में स्थित रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में बीती रात अज्ञात चोरों ने परिसर में घुसकर ट्रैक्टर व कॉलेज बस की बैट्री सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। चोरी की इस घटना से कॉलेज प्रशासन में चिंता का माहौल बन गया है। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार मिश्रा ने एकमा थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आवेदन में बताया कि अगले दिन जब सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई और सीसीटीवी फुटेज देखा गया, तो गार्ड रूम और ट्रैक्टर के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दीं। प्राचार्य ने कहा कि चोरी की यह घटना सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देती है, इसकी शीघ्र जांच आवश्यक है। वहीं पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्रिय रूप से जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है और जल्द ही घटना का राजफाश हो जाएगा।

### दो बाइकों की टक्कर तीन घायल, रेफर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर मुख्य मार्ग पर चंडालपुर पेट्रोल पंप के समीप बुधवार रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के बैकुंठवा गांव निवासी अमित ठाकुर, टेडकुईया निवासी नीरू ठाकुर और गोलू पटेल के रूप में हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं और अचानक आमने-सामने आ गईं, जिससे यह हादसा हुआ। सूचना पर पहुचीं डायल 112 की पुलिस टीम ने तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल नरकटियागंज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डॉ. रजनीकांत ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया।

### आवास सहायकों को दिए आवश्यक निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय में ग्रामीण आवास सहायकों और पर्यवेक्षकों के साथ बीडीओ ने गुरुवार को एक समीक्षा बैठक की। बैठक में आवास प्लस पर छूटे परिवारों के जॉब कार्ड की इंट्री और ई-केवाईसी को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा में पाया कि 27.61 प्रतिशत लोगो का की ई केवाईसी किया गया है। जबकि प्रखंड में 68 हजार 984 मजदूर है। वहीं इनमें सक्रिय 18464 में से 48.43 प्रतिशत का ई-केवाईसी हुआ है। इस पर बीडीओ ने जल्द इसे पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने मुख्यमंत्री आवास योजना और सहायता योजना के लाभुकों को प्रगति रिपोर्ट के अनुसार दूसरा और तीसरा किस्त जल्द जारी करने का निर्देश दिया ताकि आवासों का निर्माण पूर्ण हो सके। वही वर्ष 2016-17 से 2020-21 के उन 54 लाभुकों जो राशि का उठाव कर निर्माण नहीं कराए है उनपर पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही लंबित 127 आवासों को भी हर हाल में जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। बता दें कि प्रखंड में 2016-17 से 2020-21 के बीच 7609 आवासों का लक्ष्य मिला था।



### रिहायशी इलाकों में बाघ की चहल कदमी, किसानों में भय व्याप्त

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वीटीआर से निकल कर रिहायशी इलाके में बाघ के चहल कदमी से किसान अपने खेतों में गन्ना के छिलाई करने जाने से डर रहे है क्योंकि सुकदेव महतों के गेहूं के खेत में बाघ का पग मार्क देखा गया है। किसानों का कहना है कि द्वारदह नदी के किनारे जिस खेत में बाघ का पग मार्क देखा गया है, खेत के आस पास झाड़ी व चारों तरफ गन्ना की खेत है। उसी क्षेत्र में नील गायों का झुण्ड रहता है, हो सके नील गायों का शिकार करने के लिए बाघ उस क्षेत्र में डेरा डाला हो। इधर रेंजर सुनील कुमार पाठक ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली है कि धुमली परसा गांव के खेल के मैदान के पूर्व एक किसान के खेत में बाघ के पग मार्क देखा गया है । मस्जिदवा गांव निवासी सुकदेव महतो के गेहूं के खेत में बाघ का पग मार्क मिला है। वैसे वन कर्मियों की टीम उक्त स्थल पर ट्रैकिंग करने के लिए गई हुई है। ट्रैकिंग के बाद ही मालूम होगा कि बाघ उसी क्षेत्र में है कि वापस जंगल में लौट गया है। वैसे आस पास के गांव धुमली परसा, शेरवा मस्जिदवा व हरदी शाहजहांपुर गांव के लोगों को सतर्क कर दी गई है कि झुण्ड बना कर खेतों में जाये, अकेला नहीं।

### आपसी विवाद में चार पर एफआईआर

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना के बारवा परसोनी गांव में परिवारिक कलह के कारण महिला के साथ हूई मारपीट के मामले में महिला के पिता ने थाने में केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि बारवा परसौनी के ही रूकसाना खातून के पिता सुल्तान मियां ने आवेदन पर ससुर सफीक मियां,सास मजलीम खातून,देवर सहीद मियां व अबीद मियां के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दुकानों के टैक्सेशन हेतु सर्वे कार्य पूरा

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित भवनों व दुकानों के टैक्सेशन हेतु सर्वे का अभियान कार्य पूरा कर लिया गया है तथा नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्सेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बुधवार को मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार उर्फ बिट्टू राय ने अपना होल्डिंग टैक्स जमा करके टैक्सेशन अभियान का श्रीगणेश किया। श्री राय ने मांझी नगरवासियों से निर्धारित अवधि के भीतर अपना अपना सुनिश्चित होल्डिंग टैक्स जमा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में गठित मांझी नगर पंचायत के निवासियों को पिछले पांच वर्षों का टैक्स जमा करना होगा तथा ऐसा नही करने वाले लोगों को नगर पंचायत द्वारा जारी नो ड्यूज।अदेय प्रमाण पत्र। से वंचित होना पड़ेगा। नगर पंचायत के अधिकृत पदाधिकारी अजय शंकर राय आदि अन्य कर्मी भी मौके पर मौजूद थे।

### आशा को नया सर्वे ड्यू लिस्ट रजिस्टर का प्रशिक्षण दे रजिस्टर का किया गया वितरण

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत सभी आशा कार्यकर्ताओं की बैठक गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.रामनरेश कुमार ने की। बैठक के दौरान सभी आशा कार्यकर्ता से पुराने सर्वे रजिस्टर जमा कर नए सर्वे तथा ड्यू लिस्ट रजिस्टर का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.रामनरेश कुमार ने उपस्थित आशा कार्यकताओं से कहा कि 0-6वर्ष तक के बच्चे तथा गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य की विशेष निगरानी की जरूरत है। इसलिए सभी को अपने-अपने पोषक क्षेत्र के प्रत्येक घरों का भ्रमण कर उपरोक्त दायरे में आने वाले लोगों की सूची तैयार कर ड्यू लिस्ट एवं सर्वे लिस्ट को अद्यतन करने, शत प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया गया।

# मांझी दक्षिण टोला के ग्रामीण की निर्मम हत्या

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत के दक्षिण टोला निवासी 55 वर्षीय सूरज प्रसाद की निर्मम हत्या कर दी गई है। उनका शव मांझी दक्षिण टोला स्थित उनके कमरे में बिस्तर के नीचे खून से लथपथ बरामद किया गया। अपराधियों ने क्रूरतापूर्वक उनकी दोनों आंखें फोड़ दीं थी और प्राइवेट पार्ट को कुचल दिया था। घटना की खबर मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मृतक की पत्नी व दो पुत्र तथा तीन पुत्री रोते बिलखते छपरा शहर से मांझी पहुंचे। परिजनों के रुदन क्रंदन से मौके पर मौजूद लोगों की भी आंखें नम हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक सूरज प्रसाद गांव के बाहर एक बगीचे में बने छोटे से कमरे में पिछले लगभग दस वर्षों से अकेले ही रहते थे तथा उनके परिवार के सदस्य छपरा शहर में रहकर रोजी रोजगार करते हैं। बुधवार की सुबह जब पड़ोस में रहने वाले परिवार के सदस्य उन्हें भोजन देने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा खुला देखकर उन्हें कुछ अजीब अनहोनी की आशंका हुई। अंदर जाने पर उन्होंने सूरज प्रसाद का शव बिस्तर के नीचे पड़ा देखा, जिसके तत्काल बाद उन्होंने मांझी थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। मृतक के भतीजा पंकज प्रसाद ने बताया कि उनके चाचा सूरज प्रसाद लगभग दस वर्षों से अकेले बगीचे में बने कमरे में ही रह रहे थे। उन्होंने कहा, "सुबह जब हम खाना देने पहुंचे, तो दरवाजा खुला था और काका का शव बेड के नीचे पड़ा था। उनके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे।" परिजनों का अनुमान है कि हत्या रात में ही की गई होगी।





**रेकी के बाद हत्या की आशंकाः**

घटनास्थल पर पहुंची मांझी थाना की पुलिस के अलावा सारण के एसएसपी डॉ कुमार आशीष तथा एसडीपीओ राजकुमार ने परिजनों के अलावा मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत की तथा जल्द ही हत्याकांड का उद्भेदन कर हत्यारों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। मौके पर पहुँची फॉरेंसिक जांच टीम के सदस्यों ने घटना स्थल से साक्ष्य व खून से सनी मिट्टी एकत्रित कर मौका-ए-वारदात का बारीकी से निरीक्षण किया। पूछे जाने पर मांझी के थानाध्यक्ष देव आशीष हंस ने बताया कि यह एक सुनियोजित और क्रूर हत्या का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि मृतक जिस कमरे में रहते थे, वह बगीचे के अंदर एक चारदीवारी से घिरा हुआ था। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि अपराधी मृतक को अच्छी तरह जानते थे या लंबे समय से उनकी रेकी कर रहे थे।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से होगा खुलासाः**

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल में भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हत्या के तरीके और समय की पुष्टि होगी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और कई संदिग्धों की पहचान भी की जा रही है। इस वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया है। ग्रामीण भय और आक्रोश में हैं और पुलिस प्रशासन से अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है, ताकि इस निर्मम हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# चिरैया के 12 संकुल संसाधन केंद्रों पर निपुण टीएलएम मेले का हुआ आयोजन

**प्रखंड के बाकी बचे 11 सीआरसी पर आज मेले होंगे आयोजित ● 1- 5 के शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक चित्र आदि का किया प्रदर्शन**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के 12 संकुल संसाधन केंद्र पर गुरुवार को निपुण टी. एल. एम. मेला 3.0 का आयोजन किया गया। इसको लेकर निदेशक, प्राथमिक शिक्षा व डीईओ पूर्वी चंपारण के आदेश के आलोक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने संकुल स्तरीय निपुण टी.एल.एम. मेला 3.0 में भाग लेने हेतु पत्र जारी किया गया था। साथ हीं प्रखंड के सभी कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) के संचालक एवं समन्वयक को निपुण टी.एल.एम. मेला 3.0 के सफल आयोजन हेतु संकुल के एक सुयोग्य एवं अनुभवी शिक्षकों को कार्यक्रम संपादित कराने हेतु नामित करने का आदेश दिया गया था। बीईओ श्री सिंह ने उक्त मेले के आयोजन हेतु दो तिथि गुरुवार एवं शुक्रवार निर्धारित किए। जिसमें गुरुवार को हरनरैना, सिरौना, रुपहारा, कपूरपकड़ी, परेवा, हराजघाट, सेमरा, राघोपुर, खड़तरी पूर्वी, खड़तरी मध्य, खड़तरी पश्चिमी एवं मीरपुर संकुल संसाधन केंद्र अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के 1- 5 तक के शिक्षकों ने अपने-अपने टी.एल.एम. का प्रदर्शन किया। बाकी बचे 11 सीआरसी पर आज मेले का आयोजन किया जाएगा। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी मध्य के संकुल संचालक संजीव कुमार एवं समन्वयक इरशाद राशिद व खड़तरी पश्चिमी के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन ने बताया कि शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक चित्र आदि प्रदर्शित किए। मेला का अनुश्रवण बीआरसी चिरैया के डाटा इंट्री ऑपरेटर सुमंत कुमार एवं तकनीकी सहायक चंदन कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश रंजन, अरविन्द कुमार, शिक्षक विकास कुमार, राजीव कुमार, सर्वेश कुमार, प्रेम कुमार त्रिपाठी, राजीव कुमार, वरुण कुमार, हिमांशु कुमार, विजय कुमार, सुनिल कुमार द्विवेदी, विनेश प्रसाद, जीतेन्द्र कुमार, बच्चेलाल साह, शिक्षिका सुनीता कुमारी, नीता कुमारी, बबिता कुमारी, पूनम कुमारी, प्रीति कुमारी, शिवानी त्रिपाठी आदि सहित संकुल के सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।



# विकास योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं : एसडीओ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी, अरुण कुमार के द्वारा अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचल अधिकारियों, राजस्व कर्मचारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पंचायत सचिवों एवं आवास सहायकों के साथ राजस्व एवं विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में ई-म्यूटेशन, ई-मापी, परिमार्जन, लेफ्ट-आउट परिमार्जन, आधार सीडिंग तथा बंदोबस्ती से संबंधित लंबित मामलों की अंचल-वार समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना, वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट तथा सार्वजनिक सेवा/विकास योजनाओं की प्रगति की प्रखंड-वार समीक्षा की गई। पंचायत सचिवों एवं आवास सहायकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। कम प्रदर्शन एवं अधिक समय से सर्वाधिक लंबित मामलों के कारण अंचल अरेराज के राजस्व कर्मचारी श्री अच्छेलाल कुमार एवं श्री रमेश मिश्रा, अंचल पहाड़पुर के राजस्व कर्मचारी मुकेश गिरी, राजस्व पदाधिकारी, हरसिद्धि तथा अंचल अधिकारी, अरेराज से स्पष्टीकरण (शो-कॉज) पूछा गया है। साथ ही उत्तरी नोनिया एवं रढिया पंचायत के पंचायत सचिवों से वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माण में अनावश्यक विलंब को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी राजस्व एवं विकास योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ा बेलदारी वार्ड 06 स्थित लालू नगर में गुरुवार की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गयी। हालांकि मृतका के परिजनों ने गला दबाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान जहांनारा खातून (25) के रूप में हुई है, जो लालू नगर निवासी मोहम्मद असरफ की पत्नी थी। घटना के समय मृतका के पति मोहम्मद अशरफ गुजरात में है। जानकारी के अनुसार, जहांनारा की शादी अप्रैल 2025 में हुई थी और उसकी शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। मृतका के पिता बैरिया थाना के बरगछिया निवासी शेख करीम ने बताया कि उनकी दो बेटियों, जहांनारा और हुस्नआरा, की शादी एक ही माह में हुई थी। जहांनारा का ससुराल आने के बाद, उसके पति मो. अशरफ और अन्य ससुरालीजन लगातार दहेज में बाइक और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। करीम ने बताया कि उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि जैसे ही पैसे आएंगे, उनकी मांग पूरी कर दी जाएगी।करीम ने बताया कि करीब 20 दिन पहले ससुराल वालों ने मृतका के भाई तमन्ना को फोन करके कहा था कि जो पलंग वे लोग भेजे थे, वह खराब हो गया है। तमन्ना ने जवाब दिया कि वे नया पलंग भेज देंगे। फिर गुरुवार की सुबह 10 बजे मृतका के पति मो. अशरफ ने तमन्ना को फोन करके कहा कि तुम्हारी बहन ने दरवाजा बंद कर लिया है।

# मशरक की सड़कों पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न सड़कों पर अतिक्रमण को हटाने को चले एक सप्ताह के अतिक्रमण हटाओ अभियान का शुभारंभ महाराणा प्रताप चौंक से किया गया। मौके पर सीओ सुमंत कुमार, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महंतों, कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार,बीडीओ पंकज कुमार और थानाध्यक्ष रणजीत कुमार पासवान दल के साथ मौजूद रहें। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मशरक में अलग-अलग इलाकों में 10 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सड़क किनारे और नाले के उपर किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार ने बताया कि नगर पंचायत की हर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा साथ ही जुमार्ना भी लगाया जा रहा है। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद कोई भी सड़क की जमीन या नाले की जमीन को अतिक्रमण करता है उस पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया जाएगा। वहीं जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों के द्वारा अपना अपना अतिक्रमण हटानें में होड़ लगीं रहीं।



# नये जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चम्पारण जिले में प्रशासनिक जिम्मेदारी का नया अध्याय आज गुरुवार को शुरू हो गया, जब भा.प्र.से. के अधिकारी तरनजोत सिंह ने समाहरणालय बेतिया पहुंचकर विधिवत रूप से जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण किया।पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया और जिले में चल रही योजनाओं, विकास कार्यों तथा विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों की स्थिति पर प्रारंभिक जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में वे प्रत्येक विभाग की कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन कर जिला प्रशासन की कार्यशैली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर देंगे।जिला पदाधिकारी ने पदभार ग्रहण करते ही जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं के बारे में दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि जिले के विकास के लिए टीम भावना अनिवार्य है, इसलिए हर अधिकारी को विभागीय समन्वय मजबूत करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकारी प्राथमिकताएँ पूरी शिद्दत के साथ धरातल पर उतारी जा सकें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जनहित से जुड़े कार्य अनावश्यक कारणों से लंबित न रहें और सभी योजनाओं का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि जनता को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने पश्चिम चम्पारण जिले की गौरवशाली ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पवित्र और संघर्षशील धरती पर पदस्थापित होकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन को तेजी और ईमानदारी के साथ काम करना होगा तथा सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निष्पादन पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले के विकास को सबसे ऊपर रखते हुए सभी योजनाओं और परियोजनाओं को पूरी तत्परता और तेज गति से लक्ष्य तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया लक्ष्मण तिवारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, निदेशक डीआरडीए अरुण प्रकाश, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी शामिल थे।



# रक्सौल में डॉक्टर के सहायक का व्हाट्सएप हैक, कई लोग बने शिकार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में साइबर ठगों ने एक बार फिर लोगों को अपने जाल में फंसाने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री योजना से जुड़े एक फर्जी लिंक के जरिए कौआधांगड़ निवासी मनीष कुमार का व्हाट्सएप हैक कर ठगों ने दर्जनों लोगों से पैसे ऐंठने का प्रयास किया। मनीष शहर के एक प्रसिद्ध डॉक्टर के यहां सहायक के रूप में कार्यरत हैं। सूत्रों के अनुसार, मनीष के व्हाट्सएप पर ढट योजना से जुड़ा एक लिंक आया। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, उनका व्हाट्सएप पूरी तरह हैकरों के कब्जे में चला गया। इसके बाद ठगों ने मनीष के नाम से उनके परिचितों को मैसेज भेज कर 2-2 हजार रुपये की मांग की और दफकोड भेजकर तुरंत भुगतान करने का दबाव बनाया। कई लोगों ने जल्दबाजी में पैसा भी भेज दिया। मामले की जानकारी मिलते ही साइबर डीएसपी अभिनव परासर के दिशा-निर्देश पर त्वरित तकनीकी कार्रवाई की गई, जिसके बाद मनीष का व्हाट्सएप हैकरों से मुक्त कराया गया। पीड़ित मनीष ने कहा कि वह साइबर थाना में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन मांग पर पैसे भेजने से पहले फोन पर सीधी बातचीत अवश्य कर लें।

# देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार, मांझी पुलिस ने हथियार बरामद कर भेजा जेल

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मेहंदीगंज निवासी ललन यादव के पुत्र पंकज कुमार यादव के रूप में की गई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह मांझी थानाध्यक्ष देव आशीष हंस ने जानकारी देते हुए बताया कि डुमरी गांव निवासी राजीव कुमार महतो की ओर से एक आवेदन थाना में दिया गया था। आवेदन की जांच के लिए एएसआई रामजी विश्वकर्मा को भेजा गया। इसी क्रम में पुलिस को एक मोबाइल फोटो मिला जिसमें एक युवक देसी कट्टे के साथ दिखाई दे रहा था। जांच के दौरान एएसआई ने वह फोटो पंकज कुमार यादव को दिखाया। आरोपित ने बिना हिचक स्वीकार किया कि कट्टा उसी का है और बताया कि हथियार घर के छज्जे पर रखा हुआ है। इसके बाद युवक ने खुद घर से कट्टा निकालकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने देसी कट्टा बरामद करने के बाद आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एएसआई रामजी विश्वकर्मा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मांझी थाना पुलिस पूरे मामले की आगे जांच कर रही है।

# हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में एड्स जागरूकता अभियान रोकथाम पर दिया गया जोर

**03 एचआईवी व 05 सिफि लिस रोगी पाए गए**

**छपरा/सोनपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एशिया प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2025 में लगाए गए एड्स (एचआईवी) परामर्श एवं जांच स्टॉल पर चलाए गए विभागीय जागरूकता अभियान ने न केवल लोगों को सूचना दी बल्कि रोगों के शीघ्र पहचान और इलाज तक उन्हें जोड़ने पर जोर दिया। मेले के एक महीने के संचालन में परामर्शी अभय दास व अशोक रंजन तथा लैब टीम ने कुल 2,106 लोगों का एचआईवी/ सिफि लिस परीक्षण कराया। परामर्शी अशोक रंजन ने बताया कि परीक्षण और परामर्श के दौरान 03 पुरुष एचआईवी संक्रमित तथा 05 महिला-पुरुष सिफि लिस संक्रमित पाए गए। सभी संक्रमितों को संबंधित जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों से जोड़ा गया है और इलाज प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि संक्रमण फैलने के मुख्य कारक — असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई-सिरिंज का साझा उपयोग, संक्रमित रक्त के माध्यम तथा संक्रमित गर्भवती से शिशु को संक्रमण- को परामर्श सत्रों में विस्तार से समझाया गया। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि सामान्य संपर्क (हाथ मिलाना, गले लगना, साथ में खाना-पीना) से एचआईवी नहीं फैलता। अभय दास ने कहा कि मेला जैसे बड़े आयोजन में जागरूकता ही पहला कदम है; परामर्श और तुरंत जाँच करवा देने से कई जोखिम रोकने में मदद मिलती है। हमने 5,000 से अधिक प्रचार सामग्री और करीब 12,000 कंडोम मुफ्त वितरित किए, ताकि लोग सुरक्षित रहकर सुखद मेला अनुभव कर सकें। मेला अधिकारियों ने बताया कि स्टॉल पर आए लोगों में से लगभग 2,900 को सीधे जागरूकता सत्रों में सम्मिलित किया गया। स्वास्थ्य टीम ने कहा कि मिलने वाले सकारात्मक मामलों का फॉलो-अप सुनिश्चित किया जा रहा है और जिन परिवारों को आगे समर्थन की आवश्यकता है। उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य तंत्र से जोड़ा जा रहा है।



# दिव्यांगों को आर्थिक संबल देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : उप विकास आयुक्त

## बुनियाद केंद्र में आयोजित किया गया नियोजन सहायता, स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बुनियाद केंद्र के सभा कक्ष में श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय, जहानाबाद के द्वारा निशक्तजनों के लिए नियोजन सहायता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त, डॉ प्रीति द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए। उप विकास आयुक्त ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन प्रेरणा के स्रोत हैं। उनकी सकारात्मक सोच समाज एवं समुदाय के लिए अनुकरणीय है तथा दिव्यांग जनों के विकास को साकार करना भी सरकार एवं जिला प्रशासन के प्राथमिकताओं में शामिल है। उप विकास आयुक्त के द्वारा इस दौरान, प्रशिक्षण एवं नियोजन के लिए आयोजित कार्यक्रमों एवं बुनियाद केंद्र की सेवाओं का भरपूर उपयोग करने का आह्वान किया गया। साथ जिला नियोजन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर उनके यहां संचालित योजनाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों से दिव्यांग जनों को जोड़े, विशेष कर जिला उद्योग केंद्र के स्तर से संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना एवं अन्य योजनाएं निश्चित तौर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा बने। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को निर्देश दिया गया कि ऐसे आयोजनों से अधिक से अधिक दिव्यांगजन जुड़े इस हेतु उनके पास दिव्यांग जनों का जो भी आंकड़ा है उसे नियोजन पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं।



**80 से ज्यादा दिव्यांगजनों का निबंधन**

नियोजन हेतु उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस एवं यूथ फॉर जॉब फाउंडेशन पटना के मानव संसाधन प्रबंधक राजेश कुमार एवं अंकुर कुमार ने सहभागिता की एवं दिव्यांग जनों से आवेदन प्राप्त किए गए। आरसेटी के तहत मोबाइल रिपेयर, ब्यूटीशियन के कार्य संबंधी तथा टेलरिंग का प्रशिक्षण की भी दी गई जानकारी।

**टूल किट व स्टडी किट के बारे में भी दिव्यांगजनों को किया गया जागरूक**

श्रम विभाग एवं डीआरसीसी के तहत संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी। कौशल युवा कार्यक्रम तथा स्वयं सहायता भत्ता पर रहा जोर। बुनियाद केंद्र की सेवाओं एवं संबल योजना के तहत दिव्यांग जनों के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में भी प्रबंधक बुनियाद केंद्र के द्वारा जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, आकृति कुमारी, सहायक निदेशक, जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग, पूनम कुमारी, जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र, अन्नू अन्य पदाधिकारी तथा कमी उपस्थित थे।

# बाल श्रम जड़ से खत्म करने के लिए सभी को करना होगा योगदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के संरक्षण एवं विकास हेतु प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को मिलकर काम करने एवं यदि इसे लागू करने में कोई समस्या आ रही हो तो उसका निवारण करने के लिए समिति के द्वारा विमर्श किया गया।

इस बैठक में अपनी बात रखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा इस बात को प्रमुखता से उठाया गया कि बाल विवाह 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम' एवं बाल संरक्षण की मूल भावना के विरुद्ध है एवं सभी को आगे बढ़कर इसके उन्मूलन के लिए कार्य करना पड़ेगा। बाल दुर्व्यपार,बाल श्रम से बच्चों को बचाकर उन्हें शिक्षा से जोड़ना प्रशासन के साथ-साथ समाज की जिम्मेदारी है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बाल विवाह ,बाल दुर्व्यपार एवं बाल श्रम में लिप्त सभी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाई का प्रावधान भी है। समाज कल्याण विभाग के तरफ से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद ग्रामीण के द्वारा भी बाल विवाह उन्मूलन एवं जेंडर समानता पर अपनी बात रखी गई एवं उपस्थित सदस्यों को बिंदुवार तथ्यों से अवगत कराया गया।




# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नवादा में आगमन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा जिला के रजौली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पहुंचने वाले हैं। अनुमंडल में पर्यटक विकास एवं अन्य विकास योजनाओं से संबंधित कार्यो संभावित परियोजनाओं का जायजा लेने के लिए रजौली आ रहे हैं। उनके संभावित आगमन को लेकर रजौली के हरदिया के खेल के मैदान में हेलीपैड का निर्माण किया जा रहा है। नवादा जिला पदाधिकारी ने सभी विभाग के पदाधिकारी के साथ रजौली में संभावित ठिकानों का जायजा ले रहे हैं। लगातार पर्यटक व फुलवरिया जलाशय में फ्लोटिंग सोलर प्लांट के कार्यों का भी जायजा ले रहे हैं और रजौली अनुमंडल क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित दौरे को लेकर सभी तैयारियां जोरों से किया जा रहा है। हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम का निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसी को लेकर नवादा जिला पदाधिकारी ने सभी तैयारियां शुरू कर रहे हैं निर्माण मछली पालन परियोजना तथा डैम का प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर प्लांट की प्रगति का जायजा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लेंगे फुलवरिया को रजौली क्षेत्र में विकसित किया जा रहे प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल किया जा सकता है। ऐसे में या संभावित ठिकानों पर नवादा जिला पदाधिकारी सभी पदाधिकारी के साथ निरीक्षण कर रहे हैं और तैयारी किया जा रहा है। बिहार राज्य औद्योगिक सुरक्षा बटालियन की कंपनी के निर्माण स्थल के लिए प्रस्तावित स्थल का भी जायजा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ले सकते हैं। इसी को लेकर नवादा जिला पदाधिकारी ने लगातार रजौली के हरदिया में सभी क्षेत्रों का मॉनेटिंग कर रहे हैं और तैयारी जोड़ों से कर रहे हैं।



# महापरिवर्तन के जिला शिष्टमण्डल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** महापरिवर्तन संगठन एक सामाजिक, गैर-राजनीतिक एवं जागरूकता फैलाने का संगठन है, जो बिहार की जनता के सर्वांगीण विकास का कार्य करती है। इस संगठन का शिष्टमण्डल जिला स्तर के साथ-साथ प्रखंड स्तर पर भी है, जिसमें सभी क्षेत्रों के प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्ति जुड़े हैं। इनका प्रतिनिधि मंडल प्रत्येक माह जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों से मिलकर आम जनता की समस्या को संज्ञान में देती है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला शिष्टमण्डल के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय से मिलकर आम जनता के द्वारा समर्पित आवेदन पर कार्य पूरा करने की समय सीमा निर्धारित करने एवं जिला से भ्रष्टाचार का पूरी तरह उन्मूलन करने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि दिए आवेदन पर कार्य पूरा हो इसके लिए जिला प्रशासन हमेशा तत्पर रहती है। भ्रष्टाचार उन्मूलन के सम्बन्ध में जिला पदाधिकारी ने बताया कि यदि जिला में कोई भी भ्रष्टाचार से पीड़ित है तो उसके लिए कोई भी एडीएम जांच विनय कुमार को सूचित कर सकता है। प्रसार भारती के जहानाबाद जिला के प्रतिनिधि आभाष रंजन के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि में संजय कुमार एवं डिम्पी कुमारी शामिल थे। महापरिवर्तन संगठन का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जहानाबाद जिला को आदर्श जिला स्थापित करने के मुहीम को अनवरत चला रही है ताकि आम जनता शांति और सौहद्र पूर्ण वातावरण में अपने परिवार-समाज के साथ रहकर अपने कार्य को निश्चिंतता के साथ सुचारु ढंग से पूरा कर सकें।



# जिला पदाधिकारी ने की अपीलीय मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त पांच अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित दो मामलों पर विचार किया गया और कई मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया।

आज की इस सुनवाई में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय प्राधिकारियों से जवाब-तलब किया। संबंधित प्राधिकारो की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया गया।

कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारो को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामलो मे चार मामले अतिक्रमणवाद से संबंधित तथा एक मामला विद्युत विभाग के ट्रांसफर से संबंधित है। सुनवाई में सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।




# ग्राम स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में केन्द्र प्रायोजित, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना किया जाना है। जिसके अंतर्गत जहानाबाद जिले का कुल पांच लक्ष्य निर्धारित है। मेधा सूची तैयार करने हेतु दैनिक समाचार पत्र में आवेदन प्राप्त करने हेतु सूचना प्रकाशन किया गया था तथा जिले के बेवसाइट पर भी अपलोड किया गया था। समय सीमा समाप्ति उपरांत कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए हैं। गुरुवार को उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के द्वारा जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में इस योजना के उद्देश्य, लाभार्थी की अहर्ता, वित्तीय सहायता, चुने गए लाभार्थी का प्रशिक्षण तथा अपेक्षित परिणाम जैसे गंभीर विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। चुने जाने वाले लाभार्थियों का चयन का आधार तय उम्र सीमा (18-27 वर्ष), युवा उद्यमी की प्राथमिकता, एक प्रखण्ड से एक लाभार्थी का चयन, जिन प्रखण्डों में पूर्व से ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला स्थापित है उन प्रखण्डों में उनके आवेनदनों पर विचार न करना जैसे अहर्ता शामिल है। साथ ही लाभार्थी उद्यमी को विज्ञान संकाय से 10वीं पास तथा कम्प्यूटर का ज्ञान की अनिवार्यता सम्मिलित है। प्रारंभ में लाभार्थी को योजना की लागत का 1.5 लाख रूपये स्वयं वहन करना है। प्रयोगशाला स्थापित करने के बाद भारत सरकार के द्वारा ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए एक मुश्त 1.5 लाख रूपये का अनुदान के रूप में लाभुक का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। बताया गया कि जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति से प्राप्त उद्यमियों के प्रस्ताव को राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति को भेजा जाना है जो अंतिम रूप से प्रस्तावों को अनुमोदित करेगी। पूरी प्रक्रिया में अधिकतम एक माह का समय निर्धारित है। राज्य सरकार उद्यमियों को प्रयोगशाला की स्थापना के 15 दिनों के अंदर वित्तीय सहायता जारी करेगी। जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सदस्य सचिव के रूप में उपस्थित थे। साथ ही समिति के अन्य सदस्य सहायक निदेशक (रसायन), जिला उद्यान पदाधिकारी, प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र मृदा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य उपस्थित थे।



# हसपुरा में नवनिर्वाचित विधायक का अभिनंदन

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के पचरुखिया रोड व दक्षिण मोहल्ला के निजी हॉल में अरवल के विधायक मनोज कुमार व ओबरा के विधायक डॉ. प्रकाश चन्द्रा को एनडीए कार्यकर्ताओं व हसपुरा व्यवसाई संघ की ओर से समारोह का आयोजन कर अभिनंदन किया गया। पचरुखिया रोड के निजी रिसोर्ट में नवनिर्वाचित दोनों विधायक को सबसे पहले लड्डु से तौल कर स्वागत किया गया। अभिनंदन समारोह में तमाम लोगों के बीच ओबरा विधायक डा प्रकाश चन्द्रा, अरवल विधायक मनोज कुमार ने कहा कि लोंगो का उत्साह देख कर ऐसा लग रहा है कि अभिनंदन मुझे नहीं आप सबों का होना चाहिए। आप सब बेहिचक किसी समय समस्या लेकर आएं हम दोनो विधायक बखूबी कार्य करेंगे। उन्होंने एनएच 139 पथ चौड़ीकरण, हसपुरा में बाईपास का प्रस्ताव लेकर केन्द्रीय मंत्री नितीन गड़करी से संपर्क करेंगे। दोनों विधायक ने कहा हसपुरा के लोगों से स्नेह व प्यार मिला है वह भुलाया नहीं जा सकता। क्षेत्र की विकास के योजना का प्रस्ताव तैयार है। अभिनंदन समारोह मे कौशलेंद्र शर्मा, डा विपिन कुमार, राकेश सिंह, अशोक जैन, चन्द्रभुषण प्रसाद हिरो, अनील आर्य, संतोष सौण्डिक, दीपक पटेल, विनोद सौण्डिक , दीपक कुमार, चन्द्रेश पटेल, राजेन्द्र सिंह,वीरेन्द्र कुमार, सतेन्द्र पासवान, देवेन्द्र सिंह सहित दर्जनों लोगों ने समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सड़क पर मनमाने तरीके से वाहनों की हो रही पॉर्किंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जीटी रोड सहित विभिन्न सड़कें दिन-प्रतिदिन अतिक्रमण की चपेट में आती जा रही है। औरंगाबाद से हरिहरगंज जाने वाला मुख्य पथ इन दिनों बसों का पार्किंग स्थल बनकर रह गया है। रामाबांध बस स्टैंड के समीप इसी सड़क पर बस संचालक अपनी बसों को खड़ी करते हैं। करोड़ों की लागत से बने रामाबांध स्टैंड में कोई बस खड़ी नहीं करना चाहता है। स्थिति यह है कि सड़क पर जाम लग रहा है। इसके साथ ही दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। बस स्टैंड के बाहर वाराणसी, पटना, गया, जहानाबाद, रांची, हरीहरगंज, नवीनगर, हजारीबाग, पलामू समेत अन्य जगहों के लिए बसें खुलती हैं। अत्यधिक बसें सड़क के दोनों तरफ ही खड़ी रहती है। इसको न तो कोई रोकने वाला है और न कार्रवाई करने वाला। जब कभी अधिकारी एक्शन में आते हैं तो कार्रवाई करते हुए वाहनों से जुर्माना वसूलते हैं। ओबरा, दाउदनगर, अंबा में भी सड़कों पर ही बसों को लगाया जाता है। मदनपुर के शिवगंज, मदनपुर मुख्यालय में जीटी रोड, जसोईया मोड़, बारुण के केशव मोड़ पर ही बड़ी व छोटी वाहनों का पार्किंग होती है। स्थिति यह होती है कि हमेशा दुर्घटना होती रहती हैं। इतना होने के बावजूद भी परिवहन विभाग के अधिकारियों द्बारा कार्रवाई नहीं की जाती है। एमवीआई औरंगाबाद ने बताया कि जो भी वाहन चालक सड़क पर वाहन खड़ा करते पकड़े जाएंगे उनके ऊपर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाता है। वाहन चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि जो भी वाहन चालक वाहन को खड़े करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुर्माना वसूला जाएगा।



# 20 किसानों का दल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के लिए रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आत्मा कार्यालय जहानाबाद के द्वारा राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण मद के अंतर्गत जहानाबाद जिला के 20 किसान एवं 1 कर्मी को उन्नत कृषि प्रणाली विषय पर आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए उत्तरप्रदेश के काशी (बनारस) हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी भेजा गया। किसानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा-संभावना के द्वारा बताया गया की यह प्रशिक्षण दिनांक 17 दिसंबर 2025 तक निर्धारित है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने की जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हे कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने के बारे में बताया जाएगा। किसानों के दल का नेतृत्व सहायक तकनीकी प्रबंधक, घोषी-आलोक कुमार के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर आत्मा के दोनों उप परियोजना निदेशक- राकेश कुमार एवं अनुप्रिति माला मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु वाराणसी जाने वाले कृषकों में आलोक कुमार शाही, रामजी कुमार, अमरेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, वासुदेव पासवान, आनंदमूर्ति विद्यार्थी, नागेंद्र सिंह, बालेश्वर प्रसाद, अंजनी कुमार आदि प्रमुख हैं।




## एक नजर

### दो शराबी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने शराब पीकर कर हंगामा कर रहे शराबियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि घनश्याम बिगहा गांव निवासी मंटू कुमार एवं सत्येंद्र कुमार को शराब के सेवन कर हो हंगामा करने के दौरान गिरफ्तार किया गया, उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों का मेडिकल जांच कराया गया जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद उन्हें जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में भेजा गया है।

### पल्स पोलियो प्रशिक्षण का आयोजन

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सुपरवाइजर सहित अन्य पोलियो कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटर अमित कुमार और यूनिसेफ के ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार सिन्हा द्वारा दिया गया। 14 से 18 दिसंबर तक शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। अभियान का लक्ष्य है कि गांव का कोई भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो एक लाइलाज बीमारी है जो बच्चों को प्रभावित कर उन्हें जीवन भर के लिए अक्षम बना सकती है। उन्होंने जोर दिया कि इस अभियान के माध्यम से हम अपने बच्चों को इस खतरनाक बीमारी से बचा सकते हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद, बीसीएम ओम प्रसाद गुप्ता, बृजनंदन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान सात हजार का वसूला जुर्माना

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र स्थित मियां बिगहा मोड़ पर गुरुवार दोपहर 2 बजे एएसआई नवीन कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियम तोड़ने वाले बाइक सवारों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल सात वाहनों से 7,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट और बिना वाहन कागजात के सड़क पर घूमना महंगा पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आगे से भी ऐसे अभियान लगातार चलेंगे और पकड़े जाने पर सख्त जुर्माना लगाया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस कार्रवाई की चर्चा पूरे दिन होती रही और लोगों ने पुलिस की इस पहल को सड़क सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी बताया।

### कच्ची सड़क से दो किमी की यात्रा तय करते हैं ग्रामीण

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के धनहरा गांव के सड़क की गंभीर समस्या का गंभीर हो गई है। सड़क बदहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं गांव की सड़क कच्ची होने के कारण वर्षा के दिनों में अधिक समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीण गंगा मेहता, उमेश प्रजापति, गंगा मेहता सहित ने बताया कि हम साइबर युग में प्रवेश कर चुके हैं, यहां के ग्रामीणों की स्थिति 18वीं शताब्दी जैसी ही है। जब ग्रामीण बीमार पड़ते हैं तो उन्हें अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। धनहारा से विशनपुर होते हुए कंचन बंद तक लगभग दो किमी की सड़क पूरी तरह से कच्ची है जो पैदल चलने के लिए भी अनुपयुक्त है। इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित स्कूली बच्चों और महिलाओं को होती है। बता दें कि धनहारा गांव में एक प्राथमिक विद्यालय भी है और यहां की आबादी लगभग 400 है। इतना होने के बावजूद भी सड़क निर्माण के प्रति अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

### गेवालगंज में नाली-गली की स्थिति बदहाल

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के नीमा आंजन पंचायत के गैवालगंज के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसो दूर हैं। 50 घरों से 300 आबादी गांव में जीवन बस करता है। यहां के लोगों को मुख्य पेशा खेती है। गांव के इक्का दुक्का युवा सरकारी सेवा में है। वहीं अधिकांश युवा अन्य प्रदेशों में मजदूरी करते हैं। इनकी माली हालत भी दयनीय है। वहीं बंटाई पर खेती करना इनका मुख्य पेशा है मगर खेती करना भी आप इनका लाभ के बदले घाट का सौंदा साबित हो रहा है। ग्रामीणों के सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने से उनकी खेती भी भगवान भरोसे होती है। वहीं गांव की सड़के आज भी बदतर है। गांव की गलियों पर नाली का गंदा पानी वर्षो भर बह रहा है जिसे देखने या इसका निदान करने वाला कोई नहीं है। इसके लिए सरकार की ओर से नाली-गली पक्कीकरण जैसी योजना भी संचालित की जाती है। इसके बावजूद लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही है। गांव के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए न तो कोई जनप्रतिनिधि और न ही पदाधिकारी पहल कर रहे हैं जिसके कारण गैवालगंज गांव के लोग काफी परेशान हैं। गांव में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण लकेश्वरी देवी, गुलशन कुमार, रौशन कुमार सहित बताते हैं कि गांव में नल-जल योजना के तहत भी जलमीनार नहीं बनी है जिसके कारण इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना के तहत पानी टंकी नहीं लग सकी है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में गली बनाते हुए पक्का नाला का निर्माण कराया जाए। अधिकतर लोगों के घरों का पानी खाली जगह या गली में बहता है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गो को घर से बाहर निकलने में बहुत परेशानी होती है।

### माता कौलेश्वरी के दर्शन को दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

**औरंगाबाद।** जिले के गोह प्रखंड के करीब नौ किमी दूर चापुक पंचायत के दादर गांव में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। देवी की प्राचीन प्रतिमा काले पत्थर के रूप में गर्भगृह में विराजमान है। मंदिर के पुजारी उमेशकांत मिश्रा कहते हैं कि माता रानी की प्राचीन प्रतिमा को दर्शन करने के लिए दूर से हजारों भक्त पहुंचते हैं। मन्नत मांग कर चले जाते हैं। जब भक्तों की मन्नत पूरी होती है तो लोग दूर से अपनी मनोकामना उतारने आते हैं। खासकर मंदिर में संतान प्रा‍ि के लिए महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। बताया कि अब तक सैंकड़ों महिलाएं मन्नत पूरा होने के बाद यहां पहुंची है। भक्तों को प्रतिमा के बारे में जानने की उत्सुकता रहती है जिससे यहां के पुजारी के पुर्वजों के द्बारा ही गर्भगृह में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की भव्य प्राचीन कालीन काले पत्थर की प्रतिमा बालिका रूप में मंदिर में स्थापित की गई है। प्राचीनतम माता विराजमान हैं। मंदिर में दान पेटी नहीं है और न ही यहां कोई चढ़ावा होता है। यहां घी का दीया जलता है।

# विद्युत आपूर्ति समस्याएं को लेकर 12 दिसम्बर को कैंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मदनपुर।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय में 12 दिसंबर शुक्रवार को विद्युत विपत्र में त्रुटि सुधार, राजस्व संग्रह, मीटर में गड़बड़ी सुधार आदि समस्याओं के समाधान के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। विद्युत उपभोक्ता अपने त्रुटि पूर्ण समस्या का निदान कैंप में करा सकते हैं। यह जानकारी विधुत सहायक अभियंता शिवरतन लाल ने दी है। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय देव परिसर में कैंप का आयोजन किया गया है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपनी विधुत संबंधित समस्या का समाधान कराने के साथ ही बकाया बिल का भुगतान कर सकते हैं। कैंप में मदनपुर, उचौली, शिवगंज तेलडीहा, देव सहित अन्य विद्युत आपूर्ति प्रशाखा क्षेत्र की उपभोक्ता कैंप में आकर समस्या का निदान करा सकते हैं।



# पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का होगा आयोजन

## आज होगा उद्घाटन, 16 दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** द प्लेयर्स एक्ट राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी करने जा रही है। गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि चतुर्थ राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव रंग उत्सव 2025 के आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से शामिल हो रही प्रतिष्ठित नाट्य संस्थाओं के नाटकों की प्रस्तुति होने जा रही है। 12 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक दिनकर कला भवन में आयोजित इस राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का विधिवत उद्घाटन 12 दिसंबर को संध्या 6:30 बजे उपस्थित गणमान्य अतिथि सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर करेंगे। इसके




पश्चात पहले दिन रानावि से स्नातक युवा रंग निर्देशक कुंदन कुमार के निर्देशन में द प्लेयर्स एक्ट की प्रस्तुति द मंकीज पॉ का मंचन होगा। 13 दिसम्बर को रंग उत्सव के दूसरे दिन रंगदूत, सीधी (म.प्र.) की नाट्य प्रस्तुति कैकेयी का मंचन किया जाना है। जिसका निर्देशन युवा अभिनेता व रंग निर्देशक प्रसन्न सोनी ने किया है। 14 दिसम्बर को जाने माने युवा रंग निर्देशक कुलदीप कुणाल के निर्देशन में द राईजिंग सोसायटी, भोपाल की नाट्य प्रस्तुति मजनूं लाउंसमेंट का मंचन किया जाना है। 15 दिसंबर को युवा रंग निर्देशक राजकुमार शाह के निर्देशन में समूहन कला संस्थान, आजमगढ़ की प्रस्तुति हंसुली का मंचन होगा। आयोजन के अंतिम दिन न्यू एज थियेटर, बेगूसराय की प्रस्तुति आषाढ़ का एक दिन का मंचन युवा रंग निर्देशिका अंकिता कुमारी के निर्देशन में किया जायेगा। इस अवसर पर 16 दिसम्बर को आयोजन के अंतिम दिन नाट्य प्रस्तुति से पूर्व द प्लेयर्स एक्ट परिवार की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित भारतेन्दु राष्ट्रीय रंग सम्मान इस वर्ष रा.ना.वि. से स्नातक और देश के जाने माने वरिष्ठ रंग निर्देशक अवतार साहनी को व विनय चन्द्र वर्मा राष्ट्रीय कला सम्मान लेखक एवं वरिष्ठ रंग निर्देशक व वर्त्तमान में संगीत नाटक अकादमी के उप सचिव सुमन कुमार को दिया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र के साथ रुपये 11 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। सम्मान समारोह के उपरांत रंग उत्सव की स्मारिका का सम्मिलित रूप से उपस्थित अतिथियों द्वारा विमोचन किया जायेगा। राष्ट्रीय नाट्य समारोह के आयोजन की मुख्य संरक्षक सुनीता सिंह, संरक्षक डॉ सपना चौधरी, संयोजक बीआरके सिंह राजू, अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह अमर, उपाध्यक्ष नरेन्द्र प्र सिंह धनकू, महासचिव समीर शेखर, मार्गदर्शक राजकिशोर सिंह, अभिषेक कुमार, दिलीप सिन्हा, स्वाताध्यक्ष डॉ राहुल कुमार, संयोजन सहयोग दीपक कुमार और फेस्टिवल डायरेक्टर चन्दन कुमार सोनू हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के जीडी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को बौद्धिक व व्यक्तित्व विकास आधारित गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थिति दर्ज कराने तथा कार्यक्रम पदाधिकारियों द्वारा दिनभर की रूपरेखा साझा करने से हुई। इसके बाद क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यूनिट एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज ने बताया कि क्विज राउंड में सामान्य ज्ञान, सामाजिक मुद्दों, पर्यावरण, वर्तमान घटनाक्रम तथा एनएसएस से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे गए। यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि आशु भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों की त्वरित सोचने की क्षमता और वक्तृत्व कला का विकास होता हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य सेवा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर स्वयंसेवक राजन, सुमित कुमार, अजित कुमार, सूरज, लक्की, खुशी, विक्रम राठौड़, प्रिंस केशरी, उज्ज्वल, मनीषा कुमारी, कोमल, फलक, याशमीन, सफक इरशाद, शुभ्रा लक्ष्मी, अभिनव, सचिन, गुलशन, नवीन, मिथलेश, विवेक सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

# कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में वैदिक मंत्रों के दार्शनिक विश्लेषण पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के प्रतिष्ठित कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर दर्शन विभाग तथा महर्षि सांदीपनि वेद विद्यापीठ के संयुक्त तत्त्वावधान में त्रिदिवसीय अखिल भारतीय वैदिक संगोष्ठी का आगाज दरबार हाल में बड़े ही उत्सवी माहौल में गुरुवार को किया गया। संगोष्ठी का विषय था–वैदिक मन्त्राणां दार्शनिक विश्लेषण। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 लक्ष्मीनिवास पाण्डेय ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान-परम्परा का मूल स्रोत वेद है। उन्होंने बताया कि वेद अपौरुषेय हैं–इतने विस्तृत ग्रन्थ होने पर भी व्यासजी ने अपना नाम न देकर अद्वितीय निःस्वार्थ परम्परा का उदाहरण रखा। उन्होंने पुरुषसूक्त में वर्णित विराट पुरुष को आज के 140 करोड़ भारतीयों के 'राष्ट्रपुरुष' के रूप में समझने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्राचीनकाल में वेदाध्ययन एवं शास्त्रार्थ में स्त्रियों की विशिष्ट उपस्थिति मिलती है, जिसका उल्लेख अनेक वैदिक साहित्य में है। संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो0 अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि मिथिला का वर्णन वेदकाल से ही मिलता है। गार्गी जैसी विदुषी ने इसी नगर में शास्त्रार्थ किया था। उन्होंने गौतम, अष्टावक्र आदि मनीषियों की इस भूमि से संबद्ध परम्परा का उल्लेख किया।

# हत्या की प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर पंचायत के चकमुजफ्फर गांव में बुधवार को हुई हत्या की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। इसमें मृतक के पिता ललन पासवान ने लिखित आवेदन देकर बताया है कि मेरे पुत्र 20 वर्षीय रिंकेश कुमार की हत्या साजिश के तहत की गई है। मैं दलित हूं मेरे गांव के कुछ उच्च जाति के दबंग लोग मेरे घर पर आकर गाली गलौज एवं जान मारने की धमकी दी जिसमें पप्पू सिंह, संतोष सिंह, ऋषभ कुमार और रितिक कुमार शामिल थे। उसके बाद ही घटना को अंजाम दिया गया और मेरे पुत्र की हत्या गला दबाकर किया गया। साक्ष्य को छुपाने की दृष्टि से चकमुजफ्फर प्लस टू स्कूल के उत्तर बांसवाड़ी में गले में गमछा डालकर बांस के पेड़ से लटका दिया गया था। इस सिलसिले में नावकोठी पुलिस ने पूछताछ के लिए चकमुजफ्फर के कृष्ण कुमार, पांडव कुमार, रंजन कुमार को बुधवार को हिरासत में लिया था। 24 घंटे बीत जाने के बाद थाना चौक पर परिजनों ने जमकर बवाल काटा। लोगों का कहना था की उक्त गिरफ्तार युवक का हत्याकांड से कोई संबंध नहीं है। तीनों उनके अपने परिजन हैं। हत्या में इसकी कोई भूमिका नहीं है। उसके बावजूद पुलिस मुख्य नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय निर्दोष को पकड़ कर थाना में रखे हुए हैं तथा जबरन उसे हत्याकांड में संलिप्त होने के लिए दबाव बना रहे हैं। इस दरमियान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। लोगों का भीड़ थाना के सामने जमा हो गया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ कुंदन कुमार थाना पहुंचे और लोगों को वहां से खदेड़ा। पीएचसी के चिकित्सक से मेडिकल कराने के बाद स्थानीय हसनपुर बागर के मुखिया विजय पासवान, सरपंच अर्जुन पासवान, रजाकपुर के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश पासवान के मौजूद्गी में मुक्त कर दिया।

# कृषि जनकल्याण चौपाल का आयोजन

## खेती से संबंधित तकनीक की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के रजाकपुर पंचायत में कृषि जनकल्याण चौपाल का गुरुवार को पंचायत भवन पर सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रबी फसल से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारियाँ किसानों को प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान बीटीएम विवेकानंद ने बताया कि खेतों की उर्वरक शक्ति प्रतिदिन घटती जा रही है, जिससे फसल की लागत बढ़ जाती है। उन्होंने किसानों को लागत कम करने के लिए जैविक तरीकों को अपनाने की सलाह दी, ताकि फसल की गुणवत्ता बेहतर हो सके और उत्पादन लागत कम आए। एसएमएस शिवचंद्र कुमार ने किसानों को बहुस्तरीय खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से एक ही खेत में कई प्रकार की फसलें लागायी जा सकती हैं, जिससे पानी और खाद की बचत होती है एवं खेत की बार-बार जुताई की आवश्यकता भी कम होती है। इससे किसानों की कुल लागत में कमी भी होती है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न षि योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी किसानों को दी गई। कार्यक्रम में किसान सलाहकार संजय कुमार एवं राजीव कुमार ने बताया कि जो किसान षि यंत्रों के लिए आवेदन करना चाहते हैं। वे निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। मौके पर किसान रंजीत महतो, सच्चिदानंद राय, रघुवीर महतो, गणेश महतो, जनार्दन महतो, रामू सिंह, प्रदीप रजक, रामबली रजक, शिवराज रजक, आदि भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

# मुंगेर पुलिस ने दियारा में मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर मुफस्सिल पुलिस ने आज बेलवा दियारा के बिंद टोली में छापा मारकर एक मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी और एक कारीगर को फैक्ट्री से रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने फैक्ट्री से चार बेस मशीन, तीन निर्मित देसी पिस्तौल, दो अर्द्ध निर्मित देसी पिस्टल ,तीन जीवित कारतूस, एक ड्रिल मशीन, एक मैगजीन, 8 रेती और हेक्सा ब्लेड बरामद किया। गिरफ्तार कारीगर मोहम्मद फैयाज, पे0 स्वर्गीय राजीक, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वर्धा गांव का रहने वाला है। छापामारी के समय कुछ अपराधी भाग निकलने में सफल हुए परंतु पुलिस ने उसकी पहचान स्थापित कर ली। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर मुंगेर) अभिषेक आनंद ने मीडिया वार्ता में बताया कि इस अवैध मिनी गन फैक्ट्री संचालन मामले में पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

उन्होंने कहा कि दियारा की अवैध मिनी गन फैक्ट्री पर छापामारी करने के लिए पुलिस को नाव की सेवा लेनी पड़ी। नाव से यात्रा कर पुलिस अवैध मिनी गन फैक्ट्री स्थल तक पहुंचे थे।

# नए डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कार्यभार संभाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के नए जिला पदाधिकारी के रूप में श्रीकांत शास्त्री ने गुरुवार को पदभार ग्रह्ना किया। समाहरणालय पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। जिसके बाद निवर्तमान डीएम तुषार सिंगला ने उन्हें कार्यभार सौंपा। पदभार ग्रह्ना के साथ ही नए डीएम ने जिले में विकास कार्यों में तेजी लाने की प्रतिबद्धता जताई। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारना और बेगूसराय को विकास के पथ पर आगे ले जाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं को समय पर पूरा कराया जाएगा, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। ज्ञात हो कि श्रीकांत शास्त्री बिहार इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी रह चुके हैं और वर्ष 2012 में उन्हें आईएएस में पदोन्नति मिली थी। वे मूल रूप से नालंदा जिले के निवासी हैं शास्त्री बीटेक और एमबीए की डिग्री रखते हैं। इससे पहले वे मुंगेर के नगर आयुक्त, बिहार शिक्षा विभाग में निदेशक तथा किशनगंज के जिलाधिकारी रह चुके हैं। बेगूसराय में नियुक्ति से पूर्व वे औरंगाबाद के डीएम के पद पर कार्यरत थे। बिहार सरकार ने 8 दिसंबर को बड़े प्रशासनिक फेरबदल के दौरान श्रीकांत शास्त्री को बेगूसराय का नया जिलाधिकारी बनाया, जिसके बाद उन्होंने आज आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रह्ना कर लिया।

# रंगदारी नहीं देने पर कपड़ा व्यवसायी की हत्या

## लोगों ने किया बवाल, तीन माह पूर्व हुई थी मृतक की शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एसपी ने कहा अपराधियों को शीघ्र किया जाएगा गिरफ्तार**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के बहरबन्नी गांव में गुरुवार को अपराधीयो ने घात लगाकर एक कपड़ा व्यवसाई को गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी मिलते ही गांव के आस पास के लोगों ने घटना स्थल पर पहुंच गए। मृतक की पहचान पीपरा गांव के मोहम्मद अजीम के पुत्र मोहम्मद शहजाद के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने अपने दल बल के साथ पहुचे। घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने जमकर बबाल काटा। आक्रोशित लोगों ने वरीय पदाधिकारी को घटना स्थल पर आने की मांग की। सूचना मिलते ही एसपी मनीष एवम डीएसपी 2 पंकज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक मनीष ने मामले की छानबीन की और कहा कि घटना मे शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। वहीं तेघड़ा थाना की पुलिस को देखकर लोग गुस्सा में पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे एवं अपराधी को एनकाउंटर करने की गुहार लगाने लगी। पुलिस ने किसी तरह से लोगों के गुस्से को शांत किया। मृतक के भाई कौशर अली ने बताया कि पिछले तीन सालों से तीन लाख रुपए की रंगदारी मांगी जा रही थी। जिसका विरोध हम लोगों ने किया और आज मेरे भाई को घात लगा कर तीन गोली मारी। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक को करीब छह महीने पहले ही शादी हुई थी। वहीं घटना के बाद परिवार में मां, पत्नी समेत पुरे परिवार के लोगों की हालत खराब हो गई। ग्रामीणों में काफी गुस्सा झलक रहा था। लोग शीघ्र घटना में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे।

# पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष वॉलीबॉल में लनामिवि 3-0 से विजयी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025ऽ26 का आयोजन बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, मुज़फ्फरपुर में 10 से 15 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने गुरुवार को बढ़िया मैच खेला। अटल बिहारी विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ से खेले मैच में लनामिवि की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल और सटीक रणनीति के आधार पर 3ऽ0 सेट से शानदार विजय प्राप्त की। इस टीम में गुलशन कुमार (मिल्लत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मधुबनी), विश्वजीत कुमार राय (आर.बी.एस. महाविद्यालय, टेवाई), रोहन कुमार (मिल्लत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मधुबनी), आनंद राज (आर.बी.एस. महाविद्यालय, टेवाई), गोविंद कुमार (आर.सी.एस. महाविद्यालय, मंझौल), हिमांशु कुमार (ए.पी.एस.एम. महाविद्यालय, बरौनी), रोशन कुमार (मिल्लत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मधुबनी), मोनू कुमार (मिल्लत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मधुबनी), अंकित कुमार (आर.बी.एस. महाविद्यालय, टेवाई), अंकुर कुमार (आर.बी.एस. महाविद्यालय, टेवाई), सुशांत कुमार (आर.बी.एस. महाविद्यालय, टेवाई), बिट्टू कुमार (ए.पी.एस.एम. महाविद्यालय, बरौनी), निहाल कुमार (एस.बी.एस.एस. महाविद्यालय, बेगूसराय) तथा अमन कुमार (ए.पी.एस.एम महाविद्यालय बरौनी) ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए प्रदर्शन किया। टोली प्रबंधक डॉ. नंदकिशोर पंडित ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि हमारे खिलाड़ी अनुशासन, निष्ठा और लगन के साथ खेल रहे हैं। टीम के मुख्य प्रशिक्षक दंगल कुमार सिंह, प्रशिक्षक शुभम कुमार तथा सहायक प्रशिक्षक संतोष कुमार द्वारा मैच रणनीति बनाई गई। इस जीत पर कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहनीय बताते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट सफलता की उम्मीद जताई। खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने टीम को शुभकामनाएँ देते हुए आगामी मुकाबलों में इसी लय और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने की सलाह दी।

# 15 दिसम्बर से होगा द्वितीय त्रैमासिक मूल्यांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए द्वितीय त्रैमासिक मूल्यांकन 2025-26 की तिथि घोषित कर दी है। परिषद ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश तथा एसओपी भेज दिया है। जारी पत्र के अनुसार परीक्षा 15 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों किया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक वही द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा का विषयवार कार्यक्रम पहले दिन 15 दिसंबर सोमवार को पर्यावरण अध्ययन सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा कक्षा 3-8 व अंग्रेजी विषय की परीक्षा कक्षा 1-2, वहीं दूसरे दिन 16 दिसंबर मंगलवार को हिंदीध्उर्दू विषयों की परीक्षा कक्षा 3-8 व अंग्रेजी विषय की मौखिक परीक्षा कक्षा 1-2,वहीं तीसरे दिन 17 दिसंबर बुधवार को गणित विषय की परीक्षा कक्षा 3-8 वहीं चौथे दिन 18 दिसंबर गुरुवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा कक्षा 3-5 व विज्ञान विषय की परीक्षा कक्षा 6-8 वहीं पांचवें दिन 20 दिसंबर शनिवार को गणित विषय की परीक्षा कक्षा 1-2 के लिए मौखिक एवं छठे दिन 22 दिसंबर सोमवार को विज्ञान विषय की परीक्षा कक्षा 6-8 व संस्कृत विषय की परीक्षा कक्षा 6-8 के लिए आयोजित करने का निर्देश दिया है। परिषद ने परीक्षा संचालन को लेकर कुल 15 महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं, जिनमें मुख्यतः परीक्षा निर्धारित तिथि पर ही अनिवार्य रूप से कराई जाए, प्रश्नपत्र विद्यालयों को पूर्वाह्न में उपलब्ध कराए जाएँगे, परीक्षा कक्ष में शिक्षक-कर्मियों की सतर्क निगरानी अनिवार्य रहेगी, किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थियों को अनुचित सहायता नहीं दी जाएगी, परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में पूर्ण शांति एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, किसी भी गड़बड़ी या आपत्ति की सूचना तुरंत प्रभारी पदाधिकारी को दी जाए, भोजनावकाश का समय पूर्व निर्धारित समय पर ही रहे इसके साथ ही सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि कक्षा 1 एवं 2 का मूल्यांकन मौखिक रूप में एवं कक्षा 3 से 8 तक का लिखित रूप में संपन्न कराया जाए। साथ ही परिषद ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा संचालन से संबंधित किसी भी प्रकार के सुझाव या समस्या होने पर उसे तत्काल जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# संदेश में बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा, गई जान

## आक्रोशित लोगों ने पुलिस की गाड़ी का शीशा तोड़ा, किया सड़क जाम

**घटना से लोगों में आक्रोश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** थाना क्षेत्र के खंडोल सरैया स्टेट हाइवे पर अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गयी। मृतक पटना जिला के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शिवचक निवासी लाल मोहर चौधरी है। वह दशरथ चौधरी का पुत्र था। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। वह अपने ससुराल संदेश थाना क्षेत्र के सरैंया गांव में एक श्राद्धकर्म में शामिल होने आया था। आज बाइक से अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान खंडोल सरैया गांव से दक्षिण स्टेट हाइवे पर एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें लाल मोहर चौधरी को घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के दो पुत्री है। पत्नी कविता देवी एवं उनकी मां का रो रो का बुरा हाल है। घटना के बाद ग्रामीणों उग्र हो गये। संदेश थाना के गस्ती गाड़ी पर पथराव कर दिया। जिससे पुलिस गाड़ी का पिछला शीशा फुट गया। मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य मार्ग को जनता ने चार घंटा से ऊपर सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा।

### कार से तीन लाख की विदेशी शराब धराई, एक गिरफ्तार

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की गुरुवार को बड़ी उपलब्धि मिली है। लग्जरी कार से 3 लाख मुल्य के विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को आरा मझौवा बांध के समीप से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पटना जिला के परसा बाजार थाना अंतर्गत सुइथा गांव निवासी चालक सह शराब तस्कर रवि कुमार है। वह सुभाष सिंह का पुत्र है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि उतर प्रदेश से पटना के लिए जाने वाला एक क्रेटा कार में भारी मात्रा में शराब की खेप आरा सलेमपुर रोड के रास्ते आने वाला है। सूचना के बाद छापेमारी टीम का गठन कर दिया। टीम ने सलेमपुर आरा रोड में मझौआ स्थित संभावना स्कूल के पास (थाना-आरा नगर) से एक क्रेटा कार (निबंधन संख्या अंकित नहीं) को रोका। जब वाहन का तलाशी लिया उसमे रखे 180 एमएल के 8 पीएम टेट्रापैक 1344 पीस बरामद हुआ। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार समेत मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। जिलाधिकारी के आदेश पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### राटन पंचायत के सरपंच को पितृशोक

**बखरी।** प्रखंड के राटन पंचायत के सरपंच गीता देवी के ससुर और सरपंच प्रतिनिधि बाला पासवान के पिता टुनटुन पासवान का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने पहले सुबह 3 बजे बेगूसराय सदर अस्पताल में अंतिम सांस ली। टुनटुन पासवान लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका दाह संस्कार गुरुवार को ही सिमरिया धाम में किया गया। उनके निधन पर राटन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेश राम, भाजपा नेता जितेंद्र जीतू, उप मुखिया अजित कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान सहित दर्जनों लोगों ने राटन गांव पहुंचकर शोक व्यक्त किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। लोगों ने मृतक के आत्मा की शांति हेतु इश्वर से प्रार्थना की।

# 125 मरीजों की आंखों का हुआ ऑपरेशन

## एनटीपीसी कहलगांव द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के उच्च ताप विद्युत परियोजना मे आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर में कुल 125 मरीजों के आंखों का सफल ऑपरेशन किया गया। कहलगांव परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जीवन ज्योति अस्पताल में आयोजित इस शिविर में कोलकाता से आए डीबीआई फाउंडेशन के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील खुराना और एनटीपीसी अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेश कुशवाहा ने प्रथम चरण में पारा मेडिकल स्टाफ के सहयोग से कुल 125 मोतियाबिंद मरीजों के आंखों का सफल ऑपरेशन किया। सभी मरीज इस परियोजना से सटे




आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए हैं। शिविर में भर्ती सभी मरीजों के गुरुवार को डिस्चार्ज (विदाई) के समय सृष्टि समाज की अध्यक्षा रचना पटेल, मधुलिका परिदा, उषा कुमारी, रीता रजक आदि ने सभी को मुफ्त दवाई, चश्मा, कंबल आदि सामान प्रदान किया। इसके पहले अस्पताल कर्मियों ने दिन - रात सभी मरीजों की देखभाल की। वहीं सृष्टि समाज की सभी सदस्यों ने अपने हाथों से मरीजों को भोजन कराई। शिविर में कुल 525 मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। अस्पताल की सीएमओ डॉ सुष्मिता के नेतृत्व में सभी चिकित्सक तथा कर्मचारी सक्रिय रुप से मरीजों के लिए परम कार्य कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना में आयोजित यह शिविर जरुरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना का उद्देश्य आसपास के क्षेत्रों को मोतियाबिंद मुक्त समाज की ओर अग्रसर करना है। वहीं इस परियोजना के द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी अस्पताल एवं सृष्टि समाज के सहयोग से हर वर्ष निःशुल्क मोतियाबिंद आंख शिविर का आयोजन किया जाता है।

# मीटर बायपास कर बिजली चोरी मामले में राइस मिल पर 15 लाख का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विद्युत ऊर्ज़ा चोरी के विरुद्ध छापेमारी के दौरान गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित बडा मिल स्थित राईस मिल मे छापेमारी की गई, जहाँ छापेमारी टीम में पवन कुमार विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, रज़ा अहमद अंसारी सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मसौढ़ी, सुरेन्द्र कुमार सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, रंजीत प्रसाद कनीय विद्युत अभियंता, रामगति प्रसाद मानव-बल आदि शामिल रहे। बताया गया की करीब 02:10 बजे अपराह्न में छापेमारी दल आशीष रंजन पिता अंजनी कुमार सिन्हा पता स्टेशन रोड (बड़ा मिल) मसौढ़ी के औद्योगिक परिसर में निरीक्षण हेतु पहुंचा। निरीक्षण के दौरान पाया गया की इनके परिसर मे औद्योगिक विद्युत संबंध है तथा इनके परिसर में विद्युत मीटर से पहले इनकमिंग सर्विस तार में अन्य तार जोड़ते हुए मीटर बायपास कर विद्युत ऊर्ज़ा का अवैध रूप से उपयोग हो रहा है। तथा इनके समक्ष विद्युत भार की गणना की गई। विद्युत ऊर्ज़ा चोरी में प्रयुक्त तार में से लगभग 10 मीटर तारर (3) काटकर एवं विद्युत मीटर उखारकर जब्त कर लिया गया, जिसे साक्ष्य हेतु कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। इस विद्युत ऊर्ज़ा चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 15,18,566.00 की राजस्व की हानि हुई है एवं विधुत मीटर लागत (4605.00 रुपये) जोड़कर कुल 15,23,171.00 (पन्द्रह लाख तेईस हजार एक सौ इकहतर) रुपये मात्र की राजस्व हानि हुई है, जिसकी वसूली इनसे की जानी है। उक्त राशि में कंपाउंडिंग की राशि सम्मिलित नहीं है। विद्युत धारा अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन मसौढी थाने मे दिया जाना है।

## हत्याकांड के फरार चार अप्राथमिकी अभियुक्तों के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी (नवबिार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी पुलिस ने मुकेश उर्फ छोटन हत्याकांड के फरार चार अप्राथमिकी अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर की चेतावनी दी है। दरअसल मसौढी थाना कांड संख्या -298/25 के तहत दिनांक 12-4 2205 को घटीत छोटन हत्याकांड का अप्राथमीकी अभियुक्त रविशंकर कुमार पिता चन्द्रदेव यादव, दुभारा धनरूआ गोल्डेन पिता बिनोद कुमार, भेडगांवा धनरूआ, अनुज कुमार पिता बिनोद प्रसाद, रमणी बिगहा धनरूआ, राकेश कुमार पिता देवनंदन प्रसाद, दौलताबाद कादिरगंज के घर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार आज मसौढ़ी पुलिस चस्पा की है। बहरहाल इस पूरे घटना में मृतक के चाचा अशोक प्रसाद ने पांच अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की थी लेकिन अनुसंधान के दौरान कई अपराधियों की पहचान हुई है जिसमें अब तक 6 से अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। लगातार अनुसंधान चल रहा है।

# नदौल में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर टीम गठित

## 100 पुलिस बल, 10 महिला पुलिसकर्मी होंगी शामिल, अभियान में लगाई जाएंगी दो जेसीबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी 16 दिसंबर को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा, जिसकी सूचना अंचलाधिकारी ने माईकिंग के जरिए और नोटिस चश्पा करते हुए तकरीबन 24 अतिक्रमणकारियों के घर और दुकानों पर साट कर उन्हें सूचित कर दिया गया है और उन्हें 15 तारीख तक सभी अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देशित किया है। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि इस वृहद पैमाने पर चलने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर टीम गठित कर दी गई है, जिसमें एक दंडाधिकारी की उपस्थिति में 100 पुलिस बल, 10 महिला पुलिस बल और दो जेसीबी इस पूरे अभियान में मौजूद रहेंगे और लगातार माईकिंग के जरिए उन सभी अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण स्थल को मुक्त करने का आदेश दिया जा रहा है। दरअसल नदौल रेलवे स्टेशन के पूर्वी भाग में कई दुकान एवं घर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर कबजे मे रखे है। उन्हे वरीय अधिकारियों के निर्देशन में अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

## सामान चुराने और मारपीट का लगाया आरोप

मसौढ़ी। मसौढी थाना क्षेत्र के पटेल नगर स्थित एक मकान के कमरे में रखे हुए सामान को ताला तोड़कर चोरी कर लेने और मारपीट का आरोप लगाते हुए छाता गांव के निवासी कर्मेंद्र कुमार कामेश पिता स्वर्गीय गोपाल शरण सिंह ने मसौढी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इसके साथ ही जान माल की सुरक्षा का भी गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि हम फिलहाल मदर टैरेसा रोड रामकृष्ण नगर। पटना में रहते हैं और हमारा मकान पटेल नगर में है जहां हमारे कमरे का ताला तोड़कर चौकी पलंग टीवी आदि कई सामान को चुरा लिया है जब आज हम गए तो वहां पर हमारे भाई की पत्नी संजू देवी उसका पुत्र रोहित कुमार ने मारपीट की है इससे हमें जान माल की खतरा है, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं।

## क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**फुलवारीशरीफ।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में गुरुवार को स्व. शक्ति कुमार नेगी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे संस्करण का भव्य शुभारंभ किया गया। यह टूर्नामेंट बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के दिवंगत छात्र शक्ति कुमार नेगी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है. कोविड काल के दौरान हुए उनके निधन के बाद से यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बीच खेल भावना और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर आयोजित हो रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह, महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद ने किया।

# 58 किसानों से सिर्फ 447 एमटी धान की खरीद

## मसौढ़ी के तिनेरी, बारा, शाहाबाद, रेवां, कराय, चपौर पंचायत में धान खरीद की धीमी रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में चालू धान खरीद सीजन की रफ्तार उम्मीदों के अनुरूप नहीं दिख रही है। अब तक 58 किसानों से मात्र 447 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। जबकि मसौढी को प्रदान किया जाने वाला खरीद लक्ष्य अब तक नहीं पहुंचा है। इससे साफ है कि धान खरीदी प्रक्रिया अभी धीमी गति से आगे बढ़ रही है। गौर करने वाली बात है कि मसौढी में 13 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां और एक व्यापार मंडल खरीद के लिए चयनित किए गए हैं। फिर भी खरीदी में अपेक्षित तेजी नहीं दिख रही। धान खरीदी की सुस्ती के पीछे मुख्य कारण अक्टूबर महीने के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश मानी जा रही है। इस बारिश ने



धान की नमी बढ़ा दी। इसके चलते कई पैक्स अध्यक्ष धान लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। किसानों को वापस लौटना पड़ रहा है या फिर वे अपने धान को सुखाने के लिए मजबूर हैं। इससे खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और किसान भी परेशान हैं। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मौसम की मार पहले ही लागत बढ़ा चुकी है। ऊपर से धान की नमी को लेकर पैक्स केंद्रों पर सख्ती बरती जा रही है। नमी 17 प्रतिशत से अधिक होने पर धान वापस लौटा दिया जाता है। इससे किसानों को दोबारा केंद्र पहुंचने का झंझट झेलना पड़ रहा है। पिछले वर्षों की तुलना में खरीदी की रफ्तार धीमी होने से यह आशंका इधर पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि अधिक नमी वाला धान लेने से बाद में खराबी की शिकायतें आती हैं, और गोदामों में भंडारण भी कठिन हो जाता है। इसलिए वे नियमों के अनुसार ही धान ले रहे हैं। हालांकि प्रशासन किसानों को अधिक सुविधा देने और धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। अधिकारियों ने साफ कहा है कि किसानों को किसी भी तरह की समस्या न हो, इसके लिए सभी केंद्रों को निर्देश जारी किए गए हैं। खरीदारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी में सुस्ती का सीधा असर मसौढी के आंकड़ों पर पड़ रहा है।

# खतरे में मसौढ़ी की आबोहवा, कूड़ा जलाने से पूरा शहर हो रहा बीमार

## हवा हुई दमघोंटू, सडकें हुईं धुआं-धुआं, वाहन चालकों को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी की आबोहवा इन दिनों खराब हो गई है। हवा में जहर बनकर जहरीली हवा लोगों के फ़ेफड़े खराब कर रहे हैं। दरअसल सड़क के किनारे जलाई जा रहे कूड़े से पूरा वातावरण प्रभावित हो रहा है। और अब वह सड़कों पर पूरी तरह से इस कदर फैल गया है कि वाहनों को आने-जाने में परेशानी होने लगी है जिससे सड़क हादसे होने की आशंका भी बन रही है। एक तरफ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पूरे देश भर में कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वही मसौढ़ी की एक तस्वीर



देखिए जहां पर पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने की बजाय पूरे वातावरण में जहरीली हवा घोलने की कोशिश की जा रही है. दरअसल न केवल सडक के किनारे कूड़े को जलाया भी जा रहा है। कूड़ा जलाने के कारण इससे निकलने वाली जहरीली गैस लोगों के फ़ेफड़ों में जाकर असर करना शुरू कर देती है. जिससे लोगों को कई कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। देखा जाए तो वातावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने की बजाए यहां लोगों को बीमार करने की कोशिश की जा रही है।ऐसे में इसके प्रति लोगों को संजीदा होने की बेहद जरूरत है, तभी अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखा जा सकता है। यह एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। बाल विद्या निकेतन के प्राचार्य वेद प्रकाश गुड्डू ने बताया कि कई बार नगर परिषद को हमने मौखिक रूप से जल रहे कूड़े और निकल रहे धुएं के बारे में अवगत करवाएं हैं उन्हें बताया गया है कि निकलने वाले जहरीले हवा से स्कूल के बच्चे को प्रभावित हो रही है ।बावजूद कोई इसकी सूची लेने वाले नहीं है। प्रशासन की एक बड़ी लापरवाही देखी जा रही है. इससे निकले वाला धुंआ रास्ते से गुजर रहे और आसपास के लोगों के लिए एक परेशानी का सबब बन गया है. हर कोई मास्क लगाकर कर चलने को विवश है. बढ़ते प्रदूषण से लोगों को सांस लेने में दिक्कत आ रही है. साथ ही छोटे बच्चों के लिए भी ये माहौल काफी हानिकारक है।

## स्वतंत्रता सेनानी के निधन पर शोक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत अंतर्गत मसौढ़ा तेलपा नगर निवासी स्वतंत्रता सेनानी रामजीवन सिंह के असामयिक निधन पर बिक्रम शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1942 की क्रांति में रामजीवन सिंहशामिल थे। नगर पंचायत अध्यक्ष मनीता देवी, अनिल सिंह आदि के नेतृत्व में मसौढ़ा तेलपा से बिक्रम शहीद चौक तक रामजीवन बाबू की शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं शहीद स्मारक के समीप स्थानीय समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, प्रतिनिधियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। गाँधी आश्रम सहित स्मारक विकास समिति के संयोजक अरुण कुमार आजाद ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि पिछले कुछ वर्षों से बिक्रम शहीद स्मारक पर रामजीवन बाबू द्वारा झंडोत्तोलन होता रहा है। उनके असामयिक निधन पर क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

## भाकपा माले का कन्वेंशन

**फुलवारीशरीफ (नबिटा संवाददाता)।** भाकपा माले प्रखंड कमेटी की ओर से बुलडोजर राज के खिलाफ पार्टी को मजबूत और सुदृढ़ करने को लेकर एक कन्वेंशन आयोजित किया गया जिसमें सत्यानंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में 2025 के चुनाव में चुनाव आयोग की कथित भूमिका और एनडीए की सरकार के गठन ने गरीबों के जीवन को प्रभावित किया है. उन्होंने आरोप लगाया कि बुलडोजर कार्रवाई के जरिए दलित, गरीब और असहाय लोगों के घर, जमीन और जीविका को तहस-नहस किया गया है और आने वाले समय में जनता इन अन्यायपूर्ण नीतियों का प्रतिकार करेगी।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा--711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा। **क्रमांक 1, ई-निविदा सं.:** 228 _2025-26, **दिनांक** 09.12.2025, **कार्य का विवरण:** एसएसई/पी.डब्ल्यू/बीएमजी के अधीन (अप एचबीसी-2/0-6/0, अप एमएल, डाउन एमएल, रेव एमएल-2/0-6/0 एवं एसवाईएई एवं ईएमयू कारशेड एवं बीईक्यू यार्ड) पी. वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत :** रु. 1,16,64,328.60; **बयाना राशि:** रु. 2,08,300। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.:** 229 _2025-26, **दिनांक** 09.12.2025, **कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन झील साइडिंग में लाइन सं. 16, 17, 18, 19 का विस्तार एवं अन्य आनुषंगिक कार्य। **अनुमानित लागत :** रु. 1,15,30,110.83; **बयाना राशि :** रु. 2,07,700। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 4 महीने। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-453/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# मसौढ़ी में जीविका ने 'नई चेतना अभियान' का किया शुभारंभ

## लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को खत्म करने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जीविका द्वारा 'नई चेतना अभियान' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जो सहायता सीएलएफ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ बिहार की ग्रामीण महिलाओं को लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक किया जाता है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और सशक्त होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकें, जिसमें नशामुक्ति और वित्तीय साक्षरता पर भी जोर दिया जाता है। ऐसे में गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रखंड परियोजना प्रबंधक



जीविका दिग्विजय नारायण समदर्शी, नोडल पदाधिकारी युसुफ सिद्दीकी, एरिया कोर्डिनेटर श्वेता कुमारी, गूंजा अंशु, बब्ली,अंजू, प्रमीला कुमारी आदी शामिल रहे। इस अवसर पर जिवीका दीदीयों के बीच रंगोली, सुई धागा, जलेबी और सांप सीढ़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पुरुषों को अपनी पत्नी, बहनों एवं परिवार की सभी महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। लड़का-लड़की में किसी भी स्तर पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार या समाज में किसी भी प्रकार का उत्पीड़न हो तो उसका साहसपूर्वक विरोध करें और उचित मंच पर अपनी आवाज़ उठाएँ। जीविका के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि नई चेतना अभियान का आयोजन सभी स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल संघों में सतत रूप से किया जा रहा है। प्रखंडों में दीदी अधिकार केंद्र स्थापित हो चुके हैं, वहाँ विशेष रूप से जागरूकता गतिविधियाँ संचालित होंगी। उन्होंने जानकारी दी कि यह अभियान 25 नवंबर से प्रारंभ होकर 23 दिसंबर, अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस तक चलेगा।

## एमएम कॉलेज में प्रशिक्षुता प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन

**बिक्रम।** एम.एम. कॉलेज बिक्रम में गुरुवार को सेमेस्टर-5 के विद्यार्थियों हेतु इंटर्नशिप प्रोग्राम (प्रशिक्षुता प्रवेश कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. सुनीता राय ने कहा कि तमाम कठिनाइयों एवं चुनौतियों के बावजूद ऑनलाइन तथा ऑफलाइन इंटर्नशिप की सुगम व्यवस्था हेतु महाविद्यालय संकल्पित है। भविष्य में रोजगार मेला का आयोजन भी किया जाएगा। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 अजेय कुमार ने नेप-2020 तथा इंटर्नशिप प्रोग्राम के महत्व को बताते हुए कहा कि सम्यक मार्गदर्शन में यदि तराशा जाये तो हमारे विद्यार्थी कौशल विकास के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रीय भागीदार बन सकते हैं।मंच का संचालन करते हुए प्रो. अशोक कुमार ने मंगलाचरण के साथ विद्यार्थियों को संबोधित किया। इंटर्नशिप की टीम ने विभिन्न कम्पनियों के सामूहिक विमर्श के साथ छात्रों को विस्तार से नेप की सीमाओं और संभावनाओ से अवगत कराया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/121आरटी, **दिनांक** 09.12.2025; मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे रेल इंजन कारखाना, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निर्धारित समय-सीमा के अंदर निष्पादन के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन के साथ प्रमाणित अनुभव एवं दक्षता रखने वाले निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा केस सं.:** एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/121आरटी, **कार्य का नाम:** एसएलआई के लिए नवीनतम आरडीएसओ/एलकेओ की विनिर्देश सं. एमपी-0.08.0062 (संशो-00) जून 2016 के अनुसार 140टी बीडी क्रेन के सभी सेंसरों, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर के साथ एसएलआई हेतु एसएलआई सिस्टम की 14 सम्पूर्ण सेट की डिजाइन, उन्नयन, फिटमेंट, चालू करना, 3 वर्षों की वारंटी तथा 5 वर्षों की विस्तारित वारंटी। **निविदा मूल्य:** रु. 2,43,17,440; **बोली सुरक्षा:** रु. 2,71,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी, अप्रैल, 2022 के भाग 1 कार्य के लिए अनुच्छेद 03 निविदाओं के अनुसार)। **कार्य समापन की तारीख:** सम्पूर्ण कार्य स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 36 महीने के अंदर सम्पन्न करना होगा। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 31.12.2025 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। "समतुल्य प्रकृति के कार्य" की परिभाषा: फर्म के पास भारत के पीएसयू/सरकारी संगठन के अंतर्गत भारतीय रेल के रोलिंग स्टॉक में एसएलआई (सेफ लोड इंडीकेशन) प्रणाली की आपूर्ति, फिटमेंट एवं चालू करने के सभी अनुशंसापत्र/अनुभव होने चाहिए। भारतीय रेल की किसी भी इकाई अथवा पीयूएस अथवा केंद्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों अथवा रु. 500 करोड़ तथा उससे ज्यादा का औसत वार्षिक कारोबार करने वाली पब्लिक लिस्टेड कंपनियों/ट्रस्टों में निष्पादित उपरोक्त कोई भी एक अथवा अधिक कार्य किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

(MISC-324/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# 'पीपुल फ्रेंडली पुलिसिंग' के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को धनरूआ थाना के अपर थानाध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में धनरूआ के कई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जहां बरनी स्थित 10+2 हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल मे छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ पीपुल फ्रेंडली पुलिसिंग' के तहत छात्र छात्राओं में सुरक्षा, सतर्कता एवं पुलिस पर विश्वास की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 के माध्यम से त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने तथा पुलिस की 24़7 उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई।साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु छात्राओं को महत्वपूर्ण सावधानियों से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। साइबर फ्राड होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने अथवा नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई। विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए, धनरूआ थाना के अपर थाना प्रभारी आलोक कुमार ने कहा कि स्कूल आने और घर जाने के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर वे बिना किसी डर के शिकायत दर्ज कराएं।

### औरंगाबाद की दूसरी महिला जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

# जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना प्रतिबद्धता : अभिलाषा

**उत्तर कोयल नहर परियोजना को शीघ्र पूरा कराना पहली प्राथमिकता | आधी आबादी के सक्षम होने से होगा समाज का विकास**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले को नई एवं दूसरी महिला जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। समाहरणालय पहुंचने पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। डीडीसी अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीओ संतन कुमार सिंह, डीपीआरओ रत्ना प्रियदर्शी सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नव पदस्थापित जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना वर्षों से लंबित है और इसके पूर्ण होने से जिले के किसानों और सिंचाई व्यवस्था को बड़ा लाभ मिलेगा। अभिलाषा शर्मा ने कहा कि परियोजना के शेष कार्यों का विस्तृत रिव्यू किया जाएगा और बाधाओं को दूर कर इसका समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। डीएम अभिलाषा शर्मा ने जिले के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कई अहम संकेत दिए। डीएम ने कहा कि औरंगाबाद जिले के समग्र विकास के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं को तेज गति से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से और बिना किसी भेदभाव के पहुंचे, यह उनकी कार्यशैली का प्रमुख आधार रहेगा। जिला प्रशासन को जनता के बीच सुलभ बनाने पर भी जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जनसुनवाई को प्रभावी बनाया जाएगा ताकि किसी को समस्या समाधान में कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि जिले में जो भी विकास योजनाएं चल रही हैं, उनका समय पर निष्पादन उनकी जिम्मेदारी होगी। प्रशासनिक समीक्षा के दौरान जो भी बड़ी समस्याएं सामने आएंगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्रतिबद्धता है। महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए डीएम अभिलाषा शर्मा ने कहा कि आधी आबादी महिलाओं की है और उनका शिक्षित व सक्षम होना पूरे समाज के लिए विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला पढ़ती है तो पूरा परिवार पढ़ता है। इसलिए महिला शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि महिलाएं जिले के विकास में मुख्य भूमिका निभा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में जो भी समस्याएं लंबित हैं और जो परियोजनाएं अभी अधूरी हैं, उन सभी पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। बेहतर प्रशासन, समयबद्ध कार्य और जनता की सुविधा, यही उनका मुख्य लक्ष्य होगा। नई डीएम से जिले में विकास की रफ्तार तेज होने की उम्मीद की जा रही है।




# ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज थाना क्षेत्र में बहादुरपुर पुल के पास गुरुवार को ओवरलोड सरिया लदा ट्रैक्टर पलट गया जिससे उसपर सवार मजदूर की दबकर मौत हो गई। ट्रैक्टर करीब 8 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। मृतक की पहचान पचरिया गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र यादव के रूप में की गई। इस दौरान चालक ट्रैक्टर से कूद गया गया। जानकारी के मुताबिक कझपा पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी दौरान सरिया ले जा रहा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। स्थानीय लोग बताते हैं कि ट्रैक्टर पर सरिया का बहुत ज्यादा भार था जिसके कारण उसका संतुलन बिगड़ गया। घटना के तुरंत बाद आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल धर्मेंद्र को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकालकर एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिजली करंट से महिला की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिजली करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना गोह प्रखंड के देवकुंड थाना अंतर्गत बनतारा पंचायत के ओरानी गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी मंजय कुमार की 30 वर्षीय पत्नी वंदना कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार वंदना अपने घर में रोज की तरह इंडक्शन पर दूध गर्म कर रही थी। इस दौरान उसका पति मंजय कुमार बच्चों को लेने स्कूल गया हुआ था। घर पर अकेली वंदना किसी तरह बिजली प्रवाहित होने से अचानक करंट की चपेट में आ गई। करंट लगते ही वह मौके पर गिर पड़ी और उसकी वहीं मौत हो गई। कुछ देर बाद जब उसका पति बच्चों के साथ घर लौटा तो उसने वंदना को मूर्छित अवस्था में फर्श पर पड़ा देखा। वह शोर मचाते हुए बाहर आया जिसके बाद आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। परिजनों ने महिला को संभालने का प्रयास किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। वंदना की मौत घर में ही हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार 8 साल पहले वंदना की शादी हुई थी। तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। 6 वर्षीय बेटी सृष्टि, 4 वर्ष का बेटा शिवम और ढाई वर्ष का शिवांश लगातार अपनी मां को ढूंढ रहे हैं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की कोई औपचारिक जानकारी नहीं मिली है। यदि परिजनों की ओर से आवेदन दिया जाता है, तो मामले की जांच की जाएगी।

# शिक्षिका पत्नी को स्कूल से घर ले जा रहे पति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना के चपरी एफसीआई गोदाम के पास चपरी निवासी 33 वर्षीय अमृत राज की मौत डंपर के धक्के से गुरुवार को हो गई। बताया जाता है कि मृतक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेल से छुट्टी के बाद पत्नी शिक्षिका सोनम रितिका को लेकर स्कूटी से अपने घर चपरी लौट रहा था तभी यह घटना हुई। सोनम रितिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। वह प्रतिदिन टेंपू से आती थी लेकिन आज वह अपने स्कूटी से पति के साथ लौट रही थी। मृतक अमृत राज दिल्ली में किसी कंपनी मे काम करते थे। कुछ ही दिन पहले घर आए थे। ग्रामीणों की माने तो एफसीआई गोदाम के पास ट्रक की लंबी कतारे लगी थी जिसके कारण यह घटना हुई। मौके पर ओबरा पुलिस पहुंच गई और मामले को छानबीन कर रही है। मृतक को ऐसा कुचला कि शव क्षत-विक्षत हो गया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। डंपर को जब्त कर लिया गया है। शिक्षिका सोनम रितिका को भी हल्की चोट लगी है। मृतक धर्मेंद्र यादव का परिवार अत्यंत गरीब है। उसके भतीजे छोटू ने बताया कि धर्मेंद्र मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उसके 4 छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से अब पिता का साया उठ गया है। परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 13 बेंचों का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार द्वारा गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस क्रम में उनके द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले इस वर्ष का चौथा और अन्तिम राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्राधिकार के द्वारा किये गये कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया। प्रधान जिला जज द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्बन्धित विविध गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी पत्रकारों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्ति पर आभार व्यक्त किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरूण कुमार द्वारा बताया गया कि परिवारिक मामलों के निस्तारण में यह जिला पूर्व में भी अच्छा रहा है और इसे और अव्वल बनाने की प्रक्रिया जारी रहेगी और इसके लिए कई वादों का चयन किया गया है। प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारम्भिक स्तर पर अभी तक 2329 सुलहनीय वाद जो न्यायालय में लम्बित है चिन्हित किया गया है तथा 54 वादों में निस्तारण हेतु सहमति प्रदान किये तथा तथा 600 वादों का निस्तारण का लक्ष्य से सम्बन्धित ब्यौरा संवाददाताओं को उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्री-लिटिगेशन के अन्तर्गत 5200 से अधिक बैंक ऋृण सम्बन्धी मामलों में पक्षकारों को नोटिस किया गया है तथा 1500 से अधिक मामलो को इस लोक अदालत में निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इनसे सम्बन्धित नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है, जिसे आगे बढ़ने की संभावना है। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत में त्वरित निस्तारण हेतु गठित बेंच के बारे में जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं अनुमण्डलीय न्यायालय, दाउदनगर को मिलाकर कुल 13 बेंचों का गठन किया गया है जिसमें वादों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। सचिव द्वारा जिलावासियों से यह अपील भी किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठायें और राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन आकर अपने वादों को निस्तारण कराने में विशेष रूचि लें।



# लक्ष्य के अनुसार किसानों से होगी धान की अधिप्राप्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पैक्स व वार पैक्स अंतर्गत किसानों से धान अधिप्राप्ति जोरों पर है जिससे किसानों को राहत मिल रहा है। बनियां पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर मेहता ने बताया कि चार करोड़ रूपये तक का धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। पंचायत अंतर्गत सोनडीह, बनियां, सैलवां, रानी कुआं, मंगरावां, मोती बिगहा सहित अन्य गांवों के किसान धान पैक्स में देना शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को सोनडीह के किसान चन्द्र सेन प्रताप सिंह उर्फ लड्डू सिंह, अशोक सिंह एवं गौरा के किसान सुनील सिंह करीब 1500 क्विंटल धान अधिप्राप्ति किया गया है। किसानों को 48 घंटे में धान का मूल्य बैंक खाता में दे दिया जाता है। सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए पैक्स को लोन किया है। पैसे की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि चार करोड़ रूपये तक धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। धान मिलर को दिया जाता है और मिलर चावल तैयार करते है। वहीं वार पैक्स अध्यक्ष शंभू कुमार यादव ने बताया कि वार पैक्स में किसानों से अब तक तीन चार हजार क्विंटल धान की अधिप्राप्ति की गयी है। निर्धारित समय में किसानों के बीच पैसों का भुगतान किया जा रहा है। किसान लालदेव प्रजापत, रामजन्म महतो, पंकज कुमार सिंह, लालदेव यादव का कहना है कि जब पैक्स धान अधिप्राप्ति किसानों से नहीं कर रहे थे तब वे बिचौलिए के हाथों औने पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर हो रहे थे। बहुतेरे किसान धान तो बेच दिए हैं। पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति किए जाने से किसानों को राहत मिलने लगा है।

# गांजा का कारोबार करते किराना दुकानदार धराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गांजा के साथ एक दुकानदार को कुटुंबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के सुही गांव निवासी रामप्रीत मेहता के रूप में की गई है। आरोप है कि दुकानदार किराना दुकान की आड़ में गांजा का कारोबार करता था। पिछले काफी दिनों से पुलिस को सूचना मिल रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को कुटुंबा सीओ चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा छापेमारी के फलस्वरूप दुकान से 244 ग्राम गांजा और 18 पीस चिलम बरामद किया गया। साथ ही दुकानदार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि किराना दुकान की आड़ में गांजा के एक कारोबारी को रंगे हाथ पकड़ा गया है। उसके पास से गांजा और चिलम भी बरामद किया गया हैं। पूछताछ में कारोबारी ने अपराध स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि नशा कारोबारियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा और मादक पदार्थों की सप्लाई रोकने के लिए थाना क्षेत्र में और आक्रामक अभियान चलाया जायेगा। स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि वे समाज से नशे की जड़ें उखाड़ने में सहयोग करें और यदि किसी को कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आरोपी दुकानदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।



# हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में 19 आरोपित गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। इस दौरान अलग-अलग मामलों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 43 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 19 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 13 एवं अन्य शीर्ष कांड में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 101 लीटर देसी शराब, 4 बाइक एवं एक मोबाइल बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1130 वाहनों की जांच की गई जिसमें 69500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 4 वारंट निष्पादन किया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो जिले में शराब व खनन कारोबार के साथ-साथ अन्य अपराध पर लगाम लगाने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद : डॉ. सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि पूरे बिहार में बेख़ौफ़ होकर अपराध की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। डॉ. पासवान ने रविवार को औरंगाबाद जिले के रफीगंज में हुई फायरिंग की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि वार्ड पार्षद एवं राजद के युवा नेता माहिद खान को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए उन्हें उच्च केंद्र रेफर कर दिया। फिलहाल उनका पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉ. सुरेश पासवान स्वयं पटना अस्पताल पहुंचे और घायल राजद नेता से मुलाक़ात कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने औरंगाबाद जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस हमले में शामिल सभी अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए और कठोरतम कार्रवाई कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। डॉ. पासवान ने कहा कि अगर अपराधियों पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।



# ग्रामीण बैंक से संबधित जागरूकता वैन को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी को लेकर जिला जज राज कुमार द्वारा बिहार ग्रामीण बैंक से संबधित जागरूकता वैन को रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल सहित कई न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे। प्रधान जिला जज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा न सिर्फ शहर एवं कस्बों के लोगों को मिले बल्कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी मिले। इस उद्देश्य के लिए यह जागरूकता रथ कारगार साबित होगा। प्रधान जिला जज ने कहा कि इस लोक अदालत के माध्यम से सभी शमनीय एवं बैंक से संबधित वादों का निस्तारण निश्चित किया गया है। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों के साथ-साथ समस्त ग्रामीण क्षेत्रों तक जायेगा एवं लोगो को हर तरह के सुलहनीय वादों के साथ-साथ बैंक ऋृण से सम्बन्धित वादों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करने के लिए प्रेरित करेगा। I विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारिया अन्तिम चरण में है और अधिक से अधिक लोगो को इसकी जानकारी उपलब्ध हो इसके लिए जागरूकता रथ के साथ-साथ सोसल मीडिया, समाचार-पत्र तथा अन्य कई माध्यमों से लोगो से यह अपील की जा रही है कि वे अपने सुलहनीय वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं। इस अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक अरविन्द कुमार के साथ-साथ अन्य प्रबन्धक उपस्थत रहें। इस अवसर पर उनके द्वारा कहा गया कि समस्त शाखा प्रबन्धकों को यह निर्देष दिया गया है कि ऋृण वाद से जुड़े मामलों का निस्तारण दिये गये दिशा-निर्देश के तहत करें। इस क्रम में पक्षकारों को किसी तरह की परेशानी न हो। अगर कोई समस्या हो या पक्षकार को काउन्सेलिंग की आवश्यकता हो तो वे तत्काल उन्हें प्राधिकार के कार्यालय से सम्पर्क करने अथवा प्राधिकार तक लाने में सहयोग करें।

# छात्राओं को दी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सरस्वती प्रोजेक्ट कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं गोह थाना पहुंची, जहां उन्हें मानवाधिकार, पुलिस कार्यप्रणाली एवं कानूनी प्रक्रियाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार द्वारा छात्राओं को मानवाधिकारों की अवधारणा, उनका महत्व तथा पुलिस द्वारा इनके संरक्षण के लिए उठाए जाने वाले कदमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया, बिहार पुलिस सिटिजन सर्विस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध ऑनलाइन सेवाएं, जमानती एवं गैर-जमानती अपराधों के बीच अंतर, सात वर्ष से कम की सजा वाले मामलों में अपनाई जाने वाली पुलिस प्रक्रिया। इसके साथ ही छात्राओं को निम्न आयोगों की संरचना, अधिकार, भूमिका एवं उनके द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता के बारे में भी विस्तार से बताया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग। इन आयोगों के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध शिकायत निवारण प्रणाली, संरक्षण तंत्र तथा उत्तरदायित्वों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर प्रसाद ने भी भाग लिया तथा छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों, न्यायिक प्रक्रिया और संवैधानिक सुरक्षा उपायों के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की। गोह थाना द्वारा आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं में मानवाधिकार, कानून की समझ, पुलिस-जन सहयोग और विधिक जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हुआ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# औरंगाबाद में भोजपुरी फिल्म 'हालात' की शूटिंग शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सामाजिक व राजनीतिक स्थिति पर आधारित भोजपुरी फिल्म 'हालात' की शूटिंग गुरुवार को औरंगाबाद में शुरू हो गई है। पहले दिन शहर के गांधी नगर में शूटिंग की गयी। इस फिल्म में भोजपुरी के चर्चित कलाकारों के अलावा ज़िलें के स्थानीय कलाकारों को अभिनय का अवसर मिल रहा है। इसमें अभिनेत्री माही श्रीवास्तव के साथ-साथ अभिनेता प्रेम कुमार, गौरव झा, नीलम पांडे, सोनू पांडे, बिनीता सिंह, सत्येंद्र यादव, शिवांगी सिंह, राहुल श्रीवास्तव, प्रियरंजन सिंह, कुणाल सोनी, ओबरा के डी.के सिंघानिया मुख्य भूमिका में है। इस फ़िल्म का निर्देशन बीरेंद्र पासवान कर रहे हैं। वे इसके पहले कई फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं। कैमेरामैन संजय सिंह के साथ फ़िल्म का प्रोडक्शन गौरव झा एवं मोती राम संभाल रहें है। फ़िल्म में चार खूबसूरत गाने भी है जो फ़िल्म मे चार चांद लगाएंगे। इसकी शूटिंग उमगा, पंचधाम मंदिर, सतबहिनी मंदिर के साथ-साथ कई अलग-अलग लोकेशन पर किया जायेगा। इस फ़िल्म में विशेष सहयोग इसी ज़िले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत बिशुनपुरा निवासी चर्चित फ़िल्म व टीवी अभिनेता राव रणविजय की है। इनकी वजह से इस फ़िल्म की शूटिंग अपने ज़िला औरंगाबाद में हो रही है। इस फिल्म के निर्माता व युवा व्यवसायी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अरजकवे हसौली निवासी सत्येंद्र यादव ने कहा कि औरंगाबाद में फिल्म शूटिंग की काफी संभावनाएं हैं। इसके आस पास के लोकेशन प्रकृति संपदाओं से भरपूर है जो फ़िल्म शूटिंग के लिए पर्याप्त है। औरंगाबाद में हो रहीं इस फ़िल्म के शूटिंग देख ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र, रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह, गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, विरासत बचाओ संघर्ष परिषद के अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, व्यवसायी अभिषेक बजाज के राजेश रंजन उर्फ़ चुन्नू, लोजपा के ज़िलाध्यक्ष सोनू सिंह, राघव सिंह, देव के युवा व्यवसायी लक्ष्मण गुप्ता, बम्होरी निवासी व पूर्व मुखिया योगेंद्र यादव, जीतेन्द्र यादव, ओरा निवासी संतोष यादव, स्नेह रंजन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए राव रणविजय व उनकी पूरी टीम को इस फिल्म निर्माण कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी है।



# दो बाइकों के बीच टक्कर में तीन युवक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर बुधवार की देर रात दो बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर में उसपर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों द्वारा तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अंबा निवासी स्व. गणेश सोनी के पुत्र रवि सोनी, अजय सोनी के पुत्र प्रिंस कुमार तथा सड़सा गांव निवासी स्व. रामचंद्र सिंह के पुत्र गोलू कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रवि और प्रिंस बाइक से मोबाइल फोन खरीदने औरंगाबाद आए थे और यहां से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। वहीं दूसरे बाइक पर सवार गोलू घर से खाना लेकर सड़क पर स्थित बगीचा होटल में अपने भाई को देने जा रहा था तभी वह भी इस दुर्घटना